सेंसेक्स 71,721.18 ▲ +63.47
डॉलर 83.058 ▲ +0.036

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 20.0 | 09.0 | 14.0 |
| धनबाद | 22.0 | 09.0 | 16.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 08.0 | 20.0 |
| पलामू | 21.0 | 09.0 | 14.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, पौष शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत 2080 | रांची, शुक्रवार, 12 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 335, पृष्ठ-10, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय देश भक्ति और वेदान्त के संगम थे ...8
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
जिंदगी में मुश्किलें आती हैं उम्मीद मत ... 12 देश-विदेश

जन्मदिन



## 80 साल के हुए दिशोम गुरु

झामुमो सुप्रीमो व राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन गुरुवार को 80 साल के हो गए। गुरुवार वो उनका 80वां जन्मदिन मनाया गया। 11 जनवरी 1944 को उनका जन्म रामगढ़ के नेमरा गांव में हुआ था। मुख्यमंत्री व दिशोम गुरु के पुत्र हेमंत सोरेन गुरुवार दोपहर उनके मोरहाबादी स्थित आवास पर पहुंचे। जहां 80 पाउंड का केक काटा गया। उन्होंने अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को जन्म दिवस के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी व उनके उत्तम स्वास्थ्य तथा लंबी उम्र की कामना ईश्वर से की। मालूम हो कि गुरुवार को ही राज्य के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का भी जन्मदिन मनाया गया। उनका जन्म 11 जनवरी, 1958 में गिरिडीह के कोदाईबांक गांव में हुआ था।

# साहिबगंज डीसी को समन पर कैबिनेट सचिव ने ईडी को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव और मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को किये गए समन पर कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने ईडी को पत्र लिखा है। पत्र लिखकर उन मामलों की जानकारी मांगी है, जिनमें साहिबगंज के उपायुक्त राम निवास यादव को समन किया गया है। सूत्रों के अनुसार ईडी को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि उस एफआईआर के बारे में अस्पष्टता है, जिसमें डीसी और मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को समन किया गया था। मालूम हो कि साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव को गुरुवार को ईडी ने समन किया था जबकि मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को 16




जनवरी को समन किया गया है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले भी डीजीपी ने ईडी को ऐसा ही पत्र लिखा था, जब केंद्रीय एजेंसी ने अवैध खनन मामले में साहिबगंज में तैनात दो डीएसपी प्रमोद मिश्रा और राजेंद्र दुबे को तलब किया था।

दूसरी ओर कैबिनेट की बैठक में गत 9 जनवरी को एक प्रस्ताव पास किया गया, जिसमें कोई भी बाहरी जांच एजेंसी के बुलावे पर अब झारखंड के पदाधिकारी को सीधा जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित होने को नहीं कहा गया है।

### समन के बावजूद ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे साहिबगंज डीसी

ईडी के समन के बावजूद साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव गुरुवार को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय नहीं पहुंचे। इसके अलावा रांची जेल के हवलदार अवधेश कुमार को भी ईडी के समक्ष उपस्थित होना था। वह भी ईडी ऑफिस नहीं गये। ईडी ने दोनों को पूछताछ के लिए क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया था।

### भाजपा ने कैबिनेट सचिव की चिट्ठी को बताया हास्यास्पद

कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल के ईडी को चिट्ठी लिखे जाने के मामले पर भाजपा ने गुरुवार को तंज कसते हुए इसे हास्यास्पद करार दिया। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता व पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में महामिलावटी दलों के ठगबंधन कैबिनेट ने भ्रष्टाचारियों को शेल्टर देने का सरकारी उपाय ढूंढ लिया है।

### एसीबी ने शिकायतकर्ता पंकज यादव को गवाही के लिए बुलाया

रघुवर सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच एसीबी कर रही है। एसीबी ने शिकायतकर्ता पंकज यादव को गवाही के लिए बुलाया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची की ओर से जारी पत्र में शिकायतकर्ता पंकज यादव को पत्र मिलने के एक सप्ताह के भीतर एसीबी कार्यालय में उपस्थित होकर गवाही देने का अनुरोध किया गया है। पत्र में इस बात का भी उल्लेख है कि नीलकंठ सिंह मुंडा मामले में गवाही के लिए पत्र भेजे जाने के बाद भी आप नियत समय में उपस्थित नहीं हो पाये हैं। पंकज कुमार यादव ने जनवरी 2020 में झारखंड हाइकोर्ट में जनहित याचिका लाखिल कर रघुवर सरकार के पांच मंत्रियों रणधीर सिंह, नीरा यादव, लुइस मरांडी, नीलकंठ सिंह मुंडा व अमर कुमार बाउरी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच की मांग की थी। अमर बाउरी फिलहाल नेता प्रतिपक्ष हैं। बाद में पंकज यादव ने एसीबी में भी शिकायत की थी, जिसे सीएम ने कैबिनेट से पास करा कर एसीबी जांच के आदेश दिये थे।

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,300
चांदी (1 किलो) 77,500

## एक नजर

### नीतीश की जनसभा अब 3 फरवरी को



**रांची।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब 3 फरवरी को रामगढ़ आएंगे। पूर्व में उन्हें 21 जनवरी को जनसभा में शामिल होने रामगढ़ आना था। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती है, उनके 100 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी इसे शताब्दी समारोह के रूप में मना रही है, इसके साथ की 26 जनवरी के मद्देनजर उनकी सरकारी व्यस्तता के कारण कार्यक्रम की तिथि बढ़ा दी गयी है।

### ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के अशोक नगर से ब्राउन शुगर के साथ पुलिस ने गुरुवार को एक तस्कर याकूब अंसारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ड्रग्स सप्लायर अशोक नगर रोड नंबर 4 में ब्राउन शुगर बेचने के लिए घूम रहा है। इसके बाद मौके पर पीसीआर की टीम पहुंची और ड्रग्स सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया।

### सुरक्षाबलों ने 7 किलो का आईईडी किया नष्ट

**प. सिंहभूम।** चाईबासा में सुरक्षाकर्मियों ने सात किलो के आईईडी को नष्ट किया है। जिले के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के वनग्राम मेरालगड़ा के पास गुरुवार को नक्सलियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए लैंड माइंस बिछा रखी थी। इसकी जानकारी मिलने पर सुरक्षा बलों ने सात किलो का आईईडी बम बरामद कर उसे नष्ट कर दिया।

## राज्य सरकार को झटका, झारखंड हाईकोर्ट का बड़ा आदेश

# डीसी रद्द नहीं कर सकते सेल डीड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने जमीन रजिस्ट्री संबंधी सेल डीड को कैंसिल करने के उपायुक्तों के अधिकार को गुरुवार को निरस्त कर दिया है। हाईकोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने सेल डीड निरस्त करने से संबंधित डीसी के आदेश के खिलाफ दायर 33 याचिकाओं को स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने जिले के उपायुक्तों को सेल डीड को निरस्त करने से अधिकार से संबंधित राज्य सरकार के पत्र को निरस्त कर दिया। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि उपायुक्तों द्वारा सेल डीड निरस्त करने से संबंधित किए गए एफआईआर भी निरस्त हो जाएंगे। अदालत ने कहा कि यदि फर्जीवाड़ा कर जमीन की खरीद बिक्री की गई है और उसके दस्तावेज का निबंधन कराया जाता है तो उपायुक्त को उसे निरस्त करने के अधिकार संबंधी जारी सरकार का पत्र गलत है, यह कानून के खिलाफ है। कोर्ट ने कहा कि यदि किसी को लगता है कि उनके साथ गलत हुआ है और सेल डीड निरस्त होना चाहिए तो उसे सिविल कोर्ट में पिटीशन दाखिल करना होगा। राज्य सरकार ने वर्ष 2016 में एक नोटिफिकेशन निकाला था, जिसके तहत फर्जीवाड़ा कर जमीन का गलत ढंग से ट्रांसफर की शिकायत मिलने पर जिलों के उपायुक्त को सेल डीड कैंसिल करने का अधिकार दिया गया था। साथ ही उपायुक्त को एफआईआर करने का भी अधिकार मिला था। राज्य के अन्य जिलों के डीसी द्वारा कई लोगों के सेल डीड कैंसिल किए जाने से संबंधित 33 याचिकाओं की सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था।



- निबंधित सेल डीड निरस्त करने का अधिकार सिर्फ सिविल कोर्ट के पास
- सेल डीड निरस्त करने से संबंधित उपायुक्तों के एफआईआर भी निरस्त
- निरस्त करने के अधिकार संबंधी सरकार का पत्र गलत, कानून के खिलाफ
- कोर्ट ने डीसी के आदेश के खिलाफ दायर 33 याचिकाओं को किया स्वीकृत
- सरकार ने 2016 में नोटिफिकेशन निकाल उपायुक्तों को दिया था ये अधिकार
- किसी के साथ गलत हुआ है तो सिविल कोर्ट में पीटिशन दाखिल करना होगा

### निशिकांत दुबे की पत्नी ने देवघर स्थित जमीन का सेल डीड कैंसिल करने को दी थी चुनौती



इसी मामले में ऑनलाइन एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक अनामिका गौतम (सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी) की ओर से भी देवघर स्थित जमीन की सेल डीड कैंसिल किए जाने को चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ताओं का कहना था की कानून के अनुसार एक बार सेल डीड हो जाने पर उसको कैंसिल करने का अधिकार राज्य में सिविल कोर्ट के पास है। याचिका में संसद की पत्नी अनामिका गौतम का आरोप है कि देवघर डीसी ने श्यामगंज मौजा, देवघर की उनकी जमीन का सेल डीड कैंसिल कर दिया है। गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की रजिस्ट्री तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने रद्द कर दी थी। डीसी की यह कार्रवाई काफी चर्चा में भी रही थी। डीसी द्वारा रजिस्ट्री करने के बाद सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी ने झारखंड हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जहां से उन्हें बड़ी राहत मिली है। वर्ष 2016 में विभाग ने एक पत्र जारी कर डीसी को यह अधिकार दिया था कि वे कपटपूर्ण निबंधित दस्तावेजों को जांच के बाद रद्द कर सकते हैं।

## झारखंड सरकार का दावा

# राज्य में चार साल में बनीं 5,200 किमी सड़कें



### 4,600 किमी सड़कों का निर्माण जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार ने पिछले चार सालों में राज्य में पथ निर्माण के बजट की 95 फीसदी राशि खर्च करते हुए 5,200 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूरा करने का दावा किया है। बताया गया कि राज्य में 4,600 किलोमीटर सड़कों के निर्माण का कार्य चल रहा है। हेमंत सोरेन की सरकार के चार साल पूरे होने पर पथ निर्माण विभाग ने गुरुवार को अपने कामकाज का ब्योरा पेश किया।

विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में पथ निर्माण की योजनाओं पर 60 प्रतिशत राशि व्यय की जा चुकी है। राज्य में केंद्र और राज्य की योजनाओं के तहत कुल 17 हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया जाना है, जिसमें से 14 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण की योजनाओं पर काम चल रहा है। इसमें 2,000 किलोमीटर सड़क नेशनल हाईवे अथॉरिटी के माध्यम से बनाई जा रही है। रांची के इनर रिंग रोड के 10 पार्ट में से कुल तीन पार्ट को स्वीकृति दी जा चुकी है। 194 किलोमीटर लंबे आउटर रिंग रोड का डीपीआर तैयार कर लिया गया है। राज्य में एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर, टूरिस्ट एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर भी पर काम किया जा रहा है। भवन निर्माण विभाग के कार्यों और उपलब्धियों का ब्योरा देते हुए बताया गया विभाग ने 2022-23 में 603 करोड़ के बजट के विरुद्ध 96 प्रतिशत से ज्यादा व्यय भवन निर्माण पर किया था।

# लोस चुनाव में 70 से ज्यादा उम्र वालों को भाजपा का टिकट नहीं

- अपवाद होंगे 73 वर्षीय मोदी 72 वर्षीय राजनाथ और अन्य
- 2019 में 543 सीटों में से 436 पर प्रत्याशी खड़े किए थे,जीते303
- 2024 में ज्यादा सीटों पर प्रत्याशी खड़ा कर 400 सीटें जीतने का लक्ष्य

**कृष्णमोहन सिंह। नई दिल्ली**

अप्रैल -मई में होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा सत्ता सर्वोच्च द्वारा कुछ वरिष्ठों के अपवाद को छोड़ उन सांसदों व नेताओं के टिकट



काटने, टिकट नहीं देने की तैयारी है जिनकी उम्र 70 से ज्यादा हो गई है। फिलहाल लोकसभा में भाजपा के 56 सांसद 70 वर्ष व ज्यादा उम्र के हो गये हैं। इनमें से कुछ को राज्यपाल बनाया जा सकता है। भाजपा जनवरी के अंत तक लोकसभा प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती है। 2019 के लोकसभा चुनाव में 436 सीटों पर प्रत्याशी खड़े किये थे, जिसमें से 303 पर जीत हुई थी। इस बार पौने पांच सौ सीटों पर प्रत्याशी खड़ा कर400 सीटें जीतने का लक्ष्य है। जनवरी के अंतिम दिन से बजट सत्र शुरू हो रहा है। भाजपा उसके पहले वाया अयोध्या रामलला प्राण प्रतिष्ठा लोकसभा चुनाव प्रचार का एक राउंड पूरा कर लेने की योजना पर आगे बढ़ गई है। इसके लिए पीएम मोदी व गृहमंत्री शाह के लगातार कार्यक्रम हो रहे हैं। मोदी के रोड शो व उद्घाटन कार्यक्रम हो रहे हैं। इसके साथ ही विभिन्न सर्वे व पार्टी तथा संघ की आंतरिक सूचना के आधार पर प्रत्याशियों के नाम चिन्हित करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। खुसुर-फुसुर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### गिरिडीह में मामूली विवाद में दो समुदायों में पथराव, स्थिति सामान्य

**गिरिडीह।** जिले के मुफ्फसिल थाना इलाके के सेंट्रलपीठ में गुरुवार को मामूली विवाद में दो समुदायों के बीच जमकर पथराव हुआ। इसमें कुछ युवकों के जख्मी होने की बात सामने आई है। सूचना पर पहुंचे एसडीपीओ अनिल सिंह, प्रोबेशनर डीएसपी श्याम महतो और मुफ्फसिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान ने मामला शांत कराया। फिलहाल हालात सामान्य है और घटनास्थल पर पुलिस अधिकारियों के साथ जवान कैंप कर रहे हैं। बुधवार की देर शाम सेंट्रलपीठ के इस्लामिया चौक का एक युवक शिकवा मियां दुर्गा मंडप के समीप मोबाइल पर किसी से गाली-गलौच करते हुए बात कर रहा था। इसी को लेकर विवाद बढ़ा।

## मणिपुर में फिर से हिंसा

# चूड़चंद्रपुर जिले में लकड़ी काटने गए तीन लोगों के शव बरामद

**एजेंसी। इंफाल**

मणिपुर के चूड़चंद्रपुर जिले में गुरुवार को 3 लोगों के शव मिले है। पुलिस ने बताया कि बिष्णुपुर जिले के अकासोई के रहने वाले चार लोग बुधवार दोपहर को लापता हो गए थे। वे चूड़चंद्रपुर में पास की पहाड़ियों पर जलाने के लिए लकड़ी एकत्रित करने गए थे। पुलिस ने बताया कि इबोम्चा सिंह और उनके बेटे आनंद सिंह तथा रोमेन सिंह के शव हाओतक फेलेन के पास पाए गए। उसने बताया कि चौथे व्यक्ति दारा सिंह का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, संदेह है कि इन लोगों की हत्या उग्रवादियों ने की होगी।

#### सेना के पूर्वी कमान के प्रमुख ने किया दौरा

वहीं, सेना के पूर्वी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी ने हिंसाग्रस्त मणिपुर का दौरा किया। इस दौरान वे कई जिलों में गए और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

#### मणिपुर में हथियार और विस्फोटक जब्त

पुलिस ने 9 जनवरी को एक कार्बाइन, नौ मिमी देसी पिस्तौल, सिंगल बैरल वाली 5 बंदूक, 8 एचई-36 हथगोले, छह आंसू गैस के गोले तथा गोला-बारूद आदि जब्त किया है।

### पीएलएफआई सुप्रीमो का सहयोगी ईडी के 5 दिनों के रिमांड पर

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने मनी लांड्रिंग के आरोप में पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के सहयोगी निवेश कुमार से पूछताछ के लिए ईडी को पांच दिनों की रिमांड की मंजूरी दे दी है। मामले में गुरुवार को ईडी की रिमांड पिटीशन पर सुनवाई हुई। इसके बाद अदालत ने रिमांड की मंजूरी दी। इससे पहले बुधवार को ईडी ने कोर्ट से पांच दिनों की रिमांड मांगी थी। इस दौरान निवेश के अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप ने पांच दिनों की रिमांड मांगे जाने का विरोध किया जबकि ईडी के विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने कहा कि निवेश से पूछताछ जरूरी है। इसलिए पांच दिनों की रिमांड की मंजूरी दी जानी चाहिए।

## इंडिया

# रेवड़ी, जाति या मोदी की गारंटी का चलेगा दांव ?



सुनील बादल

***आम*** चुनावों की उलटी गिनती शुरू होते ही इस साल सात राज्यों की विधानसभाओं आंध्र प्रदेश, अरुणाचल, ओडिशा, झारखंड, सिक्किम, महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव का शंखनाद हो चुका है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जम्मू-कश्मीर की विधानसभा भी इसी साल बहाल हो सकती है। सभी चुनावों में पुराने जातीय दावों के अलावा एक बात कॉमन रहने वाली है वह है अलग अलग नामों से लोकलुभावन चुनावी वायदों की भरमार। चुनावी फसल बन चुके वोट की भरपूर पैदावार के लिए राजनीतिक दल लोकलुभावन वायदों की खाद का भरपूर इस्तेमाल कर रहे हैं। मजेदार बात यह है कि हर दल फ्री फ्री के वायदों को राज्यों की बदहाल आर्थिक सेहत का जिम्मेदार बताते भी हैं और सत्ता के मोह में वे ऐसे वायदों के ऐलान से खुद को रोक नहीं पाते। दिल्ली और पंजाब में जीत का बड़ा आधार भी यही था। ये दल यह जानते भी हैं कि लोकलुभावन वायदों को पूरा करना भविष्य में मुश्किल साबित होगा। इससे राज्य की आर्थिक सेहत खराब होगी और आखिरकार उसकी कीमत टैक्स या महंगाई के रूप वोटरों को ही चुकानी पड़ेगी। पिछले कुछ चुनावों से बीजेपी मुफ्तिया वादों का विरोध करती रही है। हालांकि दूसरे दलों को मुफ्तखोरी पर लगाम लगाने का उसका तर्क भा नहीं रहा। विपक्षी दलों की दलील है कि अगर अस्सी करोड़ लोगों को बीजेपी सरकार मुफ्त राशन दे, किसानों को सम्मान निधि दे या वक्त-बेवक्त जन-धन खातों में महिलाओं को सम्मान राशि दे तो उसे गारंटी क्यों माना जाए,

**▸▸ आंध्र, अरुणाचल, ओडिशा, झारखंड, सिक्किम, महाराष्ट्र और हरियाणा में चुनाव का हो चुका है शंखनाद**




उसे लोकलुभावन मुफ्तखोरी क्यों न माना जाए? भले ही चुनावी गारंटी से राज्यों की आर्थिक सेहत खराब हो रही हो, लेकिन इनके माध्यम से सत्ता प्राप्त करते ही पार्टियां इसे राज्य की लोक कल्याणकारी भूमिका का विस्तार बताने लगती हैं। रिजर्व बैंक की 2022 में आई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि पांच राज्यों पंजाब, राजस्थान, बिहार, केरल और पश्चिम बंगाल की आर्थिक हालत लगातार खराब होती जा रही है। कैग के आंकड़ों के आधार पर तैयार इस रिपोर्ट में रिजर्व बैंक ने बताया था कि लोकलुभावन वादों को पूरा करने के चलते राज्यों का सब्सिडी पर खर्च लगातार बढ़ रहा है। साल 2020-21 में राज्यों ने अपने कुल खर्च का करीब 11.2 प्रतिशत सबसिडी पर किया था, जो साल 2021-22 में बढ़कर 12.9 प्रतिशत हो गया। इसी रिपोर्ट में बताया गया है कि झारखंड, केरल, ओडिशा, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में यह खर्च बढ़ा है। गुजरात, पंजाब और छत्तीसगढ़ ने अपने राजस्व खर्च का दसवें से कुछ ज्यादा हिस्सा अकेले सब्सिडी पर खर्च किया है। मुफ्त बिजली, पानी, यात्रा, बिल और कर्ज माफी जैसे मदों में जो खर्च हो रहा है, उसके बदले में राज्यों को कोई आर्थिक लाभ नहीं हो रहा। पंजाब और दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने तकरीबन मुफ्त बिजली, पानी और महिला बस यात्रा का जो मॉडल पेश किया था उसे लगभग सभी गैर-बीजेपी सरकारें अपनाती जा रही हैं। कर्नाटक, हिमाचल और अब तेलंगाना में कांग्रेस भी ऐसे ही कदम उठा रही है।पंजाब रोडवेज और बिजली विभाग की हालत खस्ता है। प्रति व्यक्ति कर्ज के हिसाब से पंजाब देश का सबसे बड़ा कर्जदार राज्य है जिसका कुल कर्ज कुल जीडीपी का लगभग आधा हो चुका है। कर्जदार राज्यों की लिस्ट में राजस्थान दूसरे स्थान पर है। तीसरे नंबर पर बिहार है। सस्ती गैस, महिलाओं को सम्मान राशि आदि गारंटियों को पूरा करने के लिए मध्य प्रदेश की तरह कर्नाटक में कांग्रेस अपने घोषित गारंटियों को पूरा करने में लगी है। आंध्र प्रदेश की कुल बकाया देनदारियां चार लाख 42 हजार 442 करोड़ रुपये हैं। इसके बावजूद, लोकलुभावन योजनाओं पर खर्च करने में पहले नंबर पर आंध्र ही है।

# स्नातकोत्तर छात्र, पूर्णकालिक रेजीडेंट डॉक्टर को भी मिलेगी 25 दिन छुट्टी

- छात्रावास में रहना अनिवार्य नहीं, भत्ता भी मिलेगा
- जब तक एनएमसी से मान्यता नहीं तब तक कोर्स शुरू नहीं करेंगे मेडिकल कालेज

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने स्नातकोत्तर मेडिकल पाठ्यक्रम के संदर्भ में नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब विद्यार्थियों को तनाव व आत्महत्या से बचाने के लिए अवकाश का प्रावधान किया गया है। साथ ही एक बार पीजी पाठ्यक्रम के लिए निरीक्षण होने के बाद परीक्षा के दौरान बार-बार निरीक्षण नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही परीक्षाओं के दौरान कालेज



के पास तय नियमों के अनुसार संसाधन है या नहीं, उसका भी निरीक्षण होता था। अब सभी कॉलेज को यह भी सूचित किया गया है कि जब तक एनएमसी से मान्यता न मिले, तब तक पाठ्यक्रम कोर्स शुरू नहीं कर पाएंगे। पीजी मेडिकल कालेज चलाने वाले संस्थान के पास छात्रावास होना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को छात्रावास में ही रहकर पढ़ाई पूरी करनी होती है। नए नियमों में इसमें भी छूट दी गई है। अब विद्यार्थी चाहे तो ही छात्रावास में रह सकते हैं, मतलब ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज बॉक्स

### अवैध वसूली करने वाले फर्जी कर्मचारी को पुलिस ने भेजा जेल



**सिल्ली।** सिली थाना अंतर्गत बदालू निवासी मोहन बडाईक फर्जी नहर सिंचाई विभाग का कर्मचारी बनकर किसानों से लगभग 7 से 8 सालों तक फर्जी रसीद देकर अवैध वसूली किया करता था। सिल्ली पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार सिल्ली थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि मोहन बडाईक अनुबंध पर दो महीना के लिए नहर सिंचाई विभाग के द्वारा कर्मचारी के रूप में सिल्ली में रखा गया था उसके दो महीना अनुबंध खत्म होने के बाद उनको विभाग के द्वारा कार्यरथ से हटा दिया गया मोहन बडाईक ने काम से हटने के बाद भी सिली किता गांव में किसानों के बीच जाकर फर्जी रशीद काटकर उनसे अवैध रूप से वसूली किया करता था साथी साथ अलग-अलग दस्तावेज मोहर बनाकर किसानों को दस्तावेज में लिखकर और मोहर लगाकर उनसे वसूली अलग-अलग जगह पर बुलाकर किया करता था।

### ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत

**सिल्ली।** बिसिरिया पंचायत के असुरकोडा निवासी राकेश लोहरा उम्र 30 वर्ष ने मुरी स्टेशन प्लेटफार्म संख्या एक पर हटिया टाटा पैसेंजर ट्रेन के समीप रेलवे लाइन पर आत्महत्या कर ली। मुरी रेल थाना के द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। बताते चले की इस संबंध में रेल थाना जीआरपी प्रभारी जमादार मुंडा ने बताया कि वह अपने घर से बुधवार की रात से ही गायब था उनके परिजन से पूछने पर पता चला कि घरेलू पारिवारिक विवाद होने के चलते प्लेटफार्म संख्या एक पर हटिया टाटा पैसेंजर ट्रेन खड़ी थी जैसे ही ट्रेन खुली वह ट्रेन के आगे खुद कर अपनी जान दे दिया जिससे उनका सर कट गया और मृत्यु हो गई।

### स्वर्णरेखा नदी में सुदेश महतो और संजय सेठ ने उच्चस्तरीय पुल निर्माण का किया शिलान्यास




**सोनाहातू।** रांची सांसद संजय सेठ और विधायक सुदेश महतो ने गुरुवार को सोनाहातू प्रखंड के स्वर्णरेखा नदी के मारांगकिरी घाट में उच्चस्तरीय पुल निर्माण का शिलान्यास किया। ग्रामीण विकास विभाग के मुख्यमंत्री ग्रामसेतु योजना के तहत 9 करोड़ 35 लाख से पुल का निर्माण किया जायेगा। शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए सांसद संजय सेठ ने कहा कि पुल दिलों को जोड़ने वाला होगा। बंगाल के साथ सम्बंध मजबूत होंगे। इन्होंने 22 जनवरी को दीपावली मनाने का आह्वान किये। विधायक सुदेश महतो ने कहा कि स्वर्ण रेखा नदी में ये तीसरा पुल एक माइल स्टोन साबित होगा। पुल के माध्यम से हम ग्रामीणों का संघर्ष को पूरा करने का काम कर रहे है। पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य पर वृहत पैमाने पर काम किये जा रहे है। हर घर मे शुद्ध पेयजल पहुँचाने का काम किया जा रहा है। गांव में राजनीतिक जागरूकता लाने का काम किया गया है। योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा देने का काम कर रहे है। मौके पर जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा,पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडा,बीणा मुंडा,जयपाल सिंह, संजय सिद्धार्थ,चितरंजन महतो, श्याम महतो,गौतम सिंह देव,अशोक महतो,मुखिया सुभद्रा देवी,भाजपा के मनोज महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। संचालन सुनील सिंह ने किया।

### एक दिवसीय रोजगार मेले का हुआ आयोजन

**चान्हो।** प्रखंड के बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार देने के उद्देश्य से आपके द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के तत्त्वाधान में चान्हो प्रखंड अंचल कार्यालय परिसर में गुरुवार को एक दिवसीय ह्यरोजगार मेलाह्न का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन अंचल अधिकारी संजीव कुमार ,प्रखण्ड प्रमुख होलिका देवी ने संयुक्त रूप से किया। बेरोजगार युवक-युवतियों द्वारा 120 आवेदन दिए गए । इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख ने ने कहा कि आज पढ़ाई के साथ-साथ हुनर का भी प्रशिक्षण करना जरूरी है और आप प्रशिक्षण कर रोजगार पा सकते हैं इसलिए आज यहां बहुत से प्रशिक्षक आए हैं जो कि आपको कंप्यूटर का प्रशिक्षण ड्राइविंग का प्रशिक्षण सिलाई अचार बनानेगा। मौके पर पर सुरजीत शाही, सुनीता कुमारी, रूबी देवी, बिगुल महतो, बसंती देवी, परवेज , कर्ण, सुधीर टोप्पो और अन्य जेएसएलपीएस के सभी कर्मी शामिल हुए।

### आईएचएम में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**मांडर।** इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची द्वारा विभिन्न उच्च माध्यमिक स्कूलों के 11वीं एवम 12 वीं के छात्रों के लिए गुरूवार को क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। नेशनल कॉउन्सिल फॉर होटल मैनेजमेंट नोएडा एवं पर्यटन मंत्रालय के अंतर्गत पूर्वी जोन के लिए झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा एवं बिहार राज्य के हेतु ₹भारत पर्यटन, आतिथ्य, विरासत और संस्कृति विषय पर अखिल भारतीय विद्यालय स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में कुल 498 टीमों के 996 प्रतिभागियों ने भाग लिया` आयोजित क्विज प्रतियोगिता में झारखण्ड राज्य से ओडीएम सफायर इंटरनेशनल ग्लोबल स्कूल, रांची, डीपीएस रांची, टेंडर हार्ट सीनियर सेकेंडरी, तुपुदाना, राँची, कैराली पब्लिक स्कूल, राँची, लाला लाजपत राय बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रांची, मांडर इंटरमीडिएट कॉलेज, रांची, विकास विद्यालय, राँची, बाघवार अकादमी, चान्हो, राँची के छात्रों ने भाग लिया था, जिसमें डीपीएस रांची के रिद्धि शाह एवं अनुष्का पांडा तथा टेंडर हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, तुपुदाना, राँची के इप्शिता राठौड़ एवं श्रेयांश शौर्य, कृष्ण कुमार एवं प्रतीक कुमार तथा कृतिका सिन्हा एवं साक्षी कुमारी का टॉप चार प्रतिभागियों के रूप में जोनल राउंड के लिए चयन किया गया है जोनल राउंड प्रतियोगिता का आयोजन आईएचएम कोलकाता में 15 जनवरी को की जायेगी।

### पानी बचाने के लिए एक साथ जुटे तरंगा एंव चोरेया के ग्राम विकास समिति सदस्य



**चान्हो।** नवभारत जागृति केंद्र एवं एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में संचालित फॉक्स ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत चोरेया एवं तरंगा पंचायत के ग्राम विकास समिति के सदस्यों का एकदिवसीय जन जागरूकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गुरूवार को हरा जतरा बगीचा में किया गया। जिसमें दोनों पंचायत के 7 गांव के ग्राम विकास समिति के सदस्यों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संचालन करते हुए नवभारत जागृति केंद्र के सहायक परियोजना समन्वयक सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि नव भारत जागृति केंद्र अगले तीन वर्ष तक गांव के पानी गांव में रोकने के लिए फॉक्स ग्रामीण विकास कार्यक्रम का संचालन कर रही है। इस कार्यक्रम को मूर्त रूप देने में ग्रामीणों का सहयोग महत्वपूर्ण होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गूंज संस्था के राज्य समन्वयक अरविंद कुमार ने बताया कि गूंज एक स्वयंसेवी संस्था है जो किसी भी गांव को साफ और सुंदर बनाने हेतु काम के बदले में सामग्री देने के ऊपर काम करता है।कार्यक्रम को सफल बनाने में नवभारत जागृति केंद्र के प्रकाश सिंह, गजानंद महतो, रामदयाल महतो, सरवन कुमार, प्रीति कुमारी, रामचंद्र मुंडा, रोपना मुंडा, सुजीत मुंडा इत्यादि की सराहनीय भूमिका रही।

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

61वीं औपबंधिक सूची
जिला– रामगढ़ (पार्ट–02)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या– 1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी दिनेश हेम्ब्रम द्वारा आयोग के सदस्य के समक्ष दिये गये लिखित बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–712/23 2. आवेदक–गोर्वधन करमाली, पिता–स्व0 कार्तिक करमाली<br>3. ग्राम–मगनपुर, पोस्ट–मगनपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–713/23 2. आवेदक–अर्जुन प्रसाद, पिता–स्व0 जगदीश साव<br>3. ग्राम–चक्रवाली, पोस्ट–मगनपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–714/23 2. आवेदक–हेमलाल महतो, पिता–कमलनाथ महतो<br>3. ग्राम–कुम्हारदगा, पोस्ट–कुम्हारदगा, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–715/23 2. आवेदक–जिरवा देवी, पति–जयकिसुन सिंह<br>3. ग्राम–चोपादारू, पोस्ट–मगनपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–716/23 2. आवेदक–फुलेश्वरी देवी, पति–चक्रधर महथा<br>3. ग्राम–कुम्हारदगा, पोस्ट–कुम्हारदगा, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–717/23 2. आवेदक–दिलेश्वरी देवी, पति–शिवनारायण महतो<br>3. ग्राम–रोला, पोस्ट–मगनपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–718/23 2. आवेदक–अन्दु महतो, पिता–मनबोध महतो<br>3. ग्राम–बरवाडीह, पोस्ट–रोला, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–898/23 2. आवेदक–राजु कुमार साव, पिता–स्व0 महेश साव<br>3. ग्राम–चक्रवाली, पोस्ट–मगनपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–899/23 2. आवेदक–जय प्रकाश साहा, पिता–स्व0 उमाशंकर प्रसाद<br>3. ग्राम–चक्रवाली, पोस्ट–मगनपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के नीचे मासा | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–900/23 2. आवेदक–मुन्दरी देवी, पति–सरघु महतो<br>3. ग्राम–महलीडीह, पोस्ट–मगनपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–901/23 2. आवेदक–भगवानदास माँझी, पिता–स्व0 लखन माँझी<br>3. ग्राम–खखरा टोला, फुलझरिया, पोस्ट–मगनपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–902/23 2. आवेदक–उमिदराम माँझी, पिता–गोनाराम माँझी<br>3. ग्राम–खखरा टोला, फुलझरिया, पोस्ट–मगनपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–693/23 2. आवेदक–गीता देवी, पति–मिथलेश महतो<br>3. ग्राम–सदमा कलां, पोस्ट–पेटरवार, थाना–पेटरवार, प्रखण्ड–बोकारो<br>4. लिंग–महिला, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ में मस्सा। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–694/23 2. आवेदक–मिथलेश महतो, पिता–स्व0 रघुनाथ महतो<br>3. ग्राम–सदमा कलां, पोस्ट–पेटरवार, थाना–पेटरवार, प्रखण्ड–बोकारो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ में मस्सा। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री अर्जुन राम, सुरेश राम, कार्तिक महतो एवं सुखदेव प्रसाद यादव द्वारा आयोग के सदस्य के समक्ष दिये गये लिखित बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–719/23 2. आवेदक–चेतलाल महतो, पिता–स्व0 गोपाल महतो<br>3. ग्राम–होन्हे, पोस्ट–होन्हे, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–78 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–720/23 2. आवेदक–खिरोधर महतो, पिता–स्व0 मोहन महतो<br>3. ग्राम–मदगी, पोस्ट–होन्हे, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ आँख के सामने दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–721/23 2. आवेदक–लालदास महतो, पिता–स्व0 कोरही महतो<br>3. ग्राम–मदगी, पोस्ट–होन्हे, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–722/23 2. आवेदक–महेश्वर महतो, पिता–स्व0 हेमलाल महतो<br>3. ग्राम–प्रियातु, पोस्ट–पोटमदगा, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–723/23 2. आवेदक–अजित कुमार, पिता–स्व0 सुदलनाथ महतो<br>3. ग्राम–मदगी, पोस्ट–होन्हे, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाति पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–724/23 2. आवेदक–महेन्द्र कुमार महतो, पिता–स्व0 सुदलनाथ महतो<br>3. ग्राम–मदगी, पोस्ट–होन्हे, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–725/23 2. आवेदक–रोशन लाल महतो, पिता–स्व0 नेवकलाल महतो<br>3. ग्राम–होहद, पोस्ट–सिकनी, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में कटा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–726/23 2. आवेदक–राजनन्दन महतो, पिता–स्व0 रामनाथ महतो<br>3. ग्राम–मदगी, पोस्ट–होन्हे, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–आँख के सामने दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–727/23 2. आवेदक–प्रमोद कुमार, पिता–सुकर महतो<br>3. ग्राम–साड़म (जयन्तीबेड़ा), पोस्ट–साड़म, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–728/23 2. आवेदक–काशीनाथ महतो, पिता–स्व0 चुरन महतो<br>3. ग्राम–पुरबडीह, पोस्ट–पुरबडीह, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–839/23 2. आवेदक–अखलेश कुमार ओझा, पिता–जयकिशोर ओझा<br>3. ग्राम–नावाडीह, पोस्ट–सालगावों, थाना–कटकमदाग, प्रखण्ड–कटकमदाग<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0–840/23 2. आवेदक–देवेम कुमार ओझा, पिता–जयकिशोर ओझा<br>3. ग्राम–नावाडीह, पोस्ट–सालगावों, थाना–कटकमदाग, प्रखण्ड–कटकमदाग<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–39 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0–729/23 2. आवेदक–लोतिका देवी, पति–अमूल्य कुमार उपाध्याय<br>3. ग्राम–हुप्पू, पोस्ट–तोयर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0–730/23<br>2. आवेदक–अमूल्य कुमार उपाध्याय, पिता–नन्दकिशोर उपाध्याय<br>3. ग्राम–हुप्पू, पोस्ट–तोयर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0–731/23 2. आवेदक–जयनंदन महतो, पिता–स्व0 कालीचरण महतो<br>3. ग्राम–कुम्हरदगा, पोस्ट–कुम्हरदगा, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0–732/23 2. आवेदक–केदार महतो, पिता–स्व0 डाको महतो<br>3. ग्राम–कुम्हरदगा, पोस्ट–कुम्हरदगा, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0–733/23 2. आवेदक–गयाराम महथा, पिता–मेघनाथ महथा<br>3. ग्राम–कुम्हरदगा, पोस्ट–कुम्हरदगा, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0–734/23 2. आवेदक–मालती देवी, पति–जयनंदन महतो<br>3. ग्राम–कुम्हरदगा, पोस्ट–कुम्हरदगा, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0–735/23 2. आवेदक–संध्या देवी, पति–कुलदीप महथा<br>3. ग्राम–कुम्हरदगा, पोस्ट–कुम्हरदगा, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0–736/23 2. आवेदक–लवली देवी, पति–राम कुमार साव<br>3. ग्राम–कामता, पोस्ट–बरियातु, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0–737/23 2. आवेदक–झुबरी देवी, पति–आदित्य महतो<br>3. ग्राम–हुल्लु, पोस्ट–संग्रामपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0–738/23 2. आवेदक–मुनेश्वर महतो, पिता–देवकी महतो<br>3. ग्राम–दंदुवाजरा (पुरबडीह), पोस्ट–कुम्हरदगा, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0–739/23 2. आवेदक–धर्मनाथ महतो, पिता–स्व0 विपत्र महतो<br>3. ग्राम–गोबरदहा, पोस्ट–कैथा, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0–740/23 2. आवेदक–धनीराम महतो, पिता–स्व0 नेवालाल महतो<br>3. ग्राम–बड़की कोईया, पोस्ट–बरियातु, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0–741/23 2. आवेदक–नागेश्वर महतो, पिता–स्व0 कनीलाल महतो<br>3. ग्राम–बड़की कोईया, पोस्ट–बरियातु, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने अंगुठे में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0–742/23 2. आवेदक–प्रभाकर महतो, पिता–स्व0 इन्द्रनाथ महतो<br>3. ग्राम–डीमरा, पोस्ट–सोनडीमरा, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0–743/23 2. आवेदक–जगरनाथ महतो, पिता–स्व0 शम्भूनाथ महतो<br>3. ग्राम–डीमरा, पोस्ट–सोनडीमरा, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0–744/23 2. आवेदक–बलराम महतो, पिता–स्व0 गयाराम महतो<br>3. ग्राम–डीमरा, पोस्ट–सोनडीमरा, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0–745/23 2. आवेदक–नरेश राम महतो, पिता–स्व0 गयाराम महतो<br>3. ग्राम–डीमरा, पोस्ट–सोनडीमरा, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0–746/23 2. आवेदक–सामेश्वरी तिरवार, पिता–नरेश राम महतो<br>3. ग्राम–डीमरा, पोस्ट–सोनडीमरा, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0–841/23 2. आवेदक–राजेश कुमार ओझा, पिता–जयकिशोर ओझा<br>3. ग्राम–नावाडीह, पोस्ट–सालगावों, थाना–कटकमदाग,<br>प्रखण्ड–कटकमदाग<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| (भुवनेश्वर महतो)<br>सदस्य | (नरसिंह मुर्मू)<br>सदस्य | (दुर्गा उरॉव)<br>अध्यक्ष |
|---|---|---|

PR 315752 Home (23-24)_D

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

61वीं औपबंधिक सूची
जिला–रामगढ़ (पार्ट–03)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938,दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री अर्जुन राम, सुरेष राम, कार्तिक महतो एवं सुखदेव प्रसाद यादव द्वारा आयोग के सदस्य के समक्ष दिये गये लिखित बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 91. | 1. आवेदन क्र0–903/23<br>2. आवेदक–रामलोचन महतो, पिता–स्व0 चरकु महतो<br>3. ग्राम–बरियातु, पोस्ट–बरियातु, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0–904/23<br>2. आवेदक–जनकदेव महतो, पिता–नेवालाल महतो<br>3. ग्राम–बड़की कोया, पोस्ट–बरियातु, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें तरफ कटा हुआ दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0–905/23<br>2. आवेदक–नागेष्वर महतो, पिता–स्व0 लालजी महतो<br>3. ग्राम–कुम्हरदगा, पोस्ट–कुम्हरदगा, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0–906/23<br>2. आवेदक–लटन प्रजापति, पिता–स्व0 जीवन प्रजापति<br>3. ग्राम–डीमरा, पोस्ट–सोनडीमरा, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 95. | 1. आवेदन क्र0–907/23<br>2. आवेदक–सुकर महतो, पिता–भुनेष्वर महतो<br>3. ग्राम–साड़म, पोस्ट–साड़म, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0–908/23<br>2. आवेदक–साधुचरण महतो, पिता–स्व0 हुकूमनाथ महतो<br>3. ग्राम–उरबा, पोस्ट–कुल्ही, थाना–रजरप्पा, प्रखण्ड–दुलमी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 97. | 1. आवेदन क्र0–909/23<br>2. आवेदक–सगनु महतो, पिता–जयनाथ महतो<br>3. ग्राम–व्यांग, पोस्ट–तोयर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 98. | 1. आवेदन क्र0–910/23<br>2. आवेदक–सुसारी देवी, पति–सगनु महतो<br>3. ग्राम–व्यांग, पोस्ट–तोयर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0–911/23<br>2. आवेदक–सुरज कुमार सिंह, पिता–स्व0 जग्गु महतो<br>3. ग्राम–बड़की कोईया, पोस्ट–बरियातु, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 100. | 1. आवेदन क्र0–912/23<br>2. आवेदक–छेदी महतो, पिता–स्व0 हेमलाल महतो<br>3. ग्राम–हुल्लु, पोस्ट–संग्रामपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 101. | 1. आवेदन क्र0–913/23<br>2. आवेदक–आदित्य महतो, पिता–स्व0 हेमलाल महतो<br>3. ग्राम–हुल्लु, पोस्ट–संग्रामपुर, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में जख्म का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 102. | 1. आवेदन क्र0–914/23<br>2. आवेदक–सहोदा देवी, पति–बुधु गोस्वामी<br>3. ग्राम–डभातु नदी के पास, पोस्ट–कुम्हदगा, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 103. | 1. आवेदन क्र0–915/23<br>2. आवेदक–मुरली बेदिया, पिता–स्व0 जीतू बेदिया<br>3. ग्राम–महुआ टोला लपंगा, पोस्ट–भदानीनगर, थाना–पतरातू, प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर अंगुठा कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 104. | 1. आवेदन क्र0–916/23<br>2. आवेदक–महोदव बेदिया, पिता–बलवा बेदिया<br>3. ग्राम–महुआ टोला लपंगा, पोस्ट–भदानीनगर, थाना–पतरातू, प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 105. | 1. आवेदन क्र0–917/23<br>2. आवेदक–दिनेष बेदिया, पिता–स्व0 सहजू बेदिया<br>3. ग्राम–महुआ टोला लपंगा, पोस्ट–भदानीनगर, थाना–पतरातू, प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 106. | 1. आवेदन क्र0–918/23<br>2. आवेदक–जयनाथ महतो, पिता–स्व0 पंडित महतो<br>3. ग्राम–महुआ टोला लपंगा, पोस्ट–भदानीनगर, थाना–पतरातू, प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 107. | 1. आवेदन क्र0–919/23<br>2. आवेदक–जयलाल महतो, पिता–स्व0 कनी महतो<br>3. ग्राम–महुआ टोला लपंगा, पोस्ट–भदानीनगर, थाना–पतरातू, प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना ठेहुना कटा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 108. | 1. आवेदन क्र0–920/23<br>2. आवेदक–रघुनाथ महतो, पिता–स्व0 रामेष्वर महतो<br>3. ग्राम–महुआ टोला लपंगा, पोस्ट–भदानीनगर, थाना–पतरातू, प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेंहरे के बायें तरफ तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 109. | 1. आवेदन क्र0–921/23<br>2. आवेदक–रामेष्वर करमाली, पिता–स्व0 लाल किषुन करमाली<br>3. ग्राम–महुआ टोला लपंगा, पोस्ट–भदानीनगर, थाना–पतरातू, प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हथेली में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 110. | 1. आवेदन क्र0–922/23<br>2. आवेदक–करीम, पिता–स्व0 फाजिल अंसारी<br>3. ग्राम–महुआ टोला लपंगा, पोस्ट–भदानीनगर, थाना–पतरातू, प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में जख्म का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 111. | 1. आवेदन क्र0–923/23<br>2. आवेदक–सलीम अंसारी, पिता–अमरूल अंसारी<br>3. ग्राम–महुआ टोला लपंगा, पोस्ट–भदानीनगर, थाना–पतरातू, प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 112. | 1. आवेदन क्र0–924/23<br>2. आवेदक–इसहाक अंसारी, पिता–स्व0 कादिर मियां<br>3. ग्राम–महुआ टोला लपंगा, पोस्ट–भदानीनगर, थाना–पतरातू, प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 113. | 1. आवेदन क्र0–925/23<br>2. आवेदक–मजिद अंसारी, पिता–मो0 मियां<br>3. ग्राम–महुआ टोला लपंगा, पोस्ट–भदानीनगर, थाना–पतरातू, प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 114. | 1. आवेदन क्र0–926/23<br>2. आवेदक–अब्दुल हलीम, पिता–स्व0 जमीरुद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–चिकोर, पोस्ट–भदानीनगर, थाना–पतरातू, प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 115. | 1. आवेदन क्र0–927/23<br>2. आवेदक–मो0 सलीम अंसारी, पिता–स्व0 जमीरुद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–चिकोर, पोस्ट–भदानीनगर, थाना–पतरातू, प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 116. | 1. आवेदन क्र0–928/23<br>2. आवेदक–सुषीला कुजूर, पति–कारलुस लकड़ा<br>3. ग्राम–महुआ टोला लपंगा, पोस्ट–भदानीनगर, थाना–पतरातू, प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 117. | 1. आवेदन क्र0–1354/23<br>2. आवेदक–तारकेष्वर उपाध्याय, पिता–स्व0 सुर्यनारायण उपाध्याय<br>3. ग्राम–हालमाद, पोस्ट–हालमाद, थाना–सिल्ली, प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें ओर पेट में ऑपरेषन। | कंडिका–2(ix) |
| 118. | 1. आवेदन क्र0–929/23<br>2. आवेदक–दिनेष साहू, पिता–नन्दलाल साहू<br>3. ग्राम–बरलंगा, पोस्ट–बरलंगा, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 119. | 1. आवेदन क्र0–930/23<br>2. आवेदक–संजय पाण्डेय, पिता–गणेष पाण्डेय<br>3. ग्राम–बरलंगा, पोस्ट–बरलंगा, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 120. | 1. आवेदन क्र0–931/23<br>2. आवेदक–कुन्ती देवी, पति–जटाधारी साहु<br>3. ग्राम–बरलंगा, पोस्ट–बरलंगा, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 121. | 1. आवेदन क्र0–932/23<br>2. आवेदक–वितन राम बेदिया, पिता–अधनु बेदिया<br>3. ग्राम–सरगडीह टोला दूधिमाटिया, पोस्ट–सरगडीह, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 122. | 1. आवेदन क्र0–933/23<br>2. आवेदक–रधु बेदिया, पिता–सुफल बेदिया<br>3. ग्राम–सरगडीह टोला दूधिमाटिया, पोस्ट–सरगडीह, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें कांख में मासा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 123. | 1. आवेदन क्र0–934/23<br>2. आवेदक–अरूण कुमार बेदिया, पिता–स्व0 षिवा बेदिया<br>3. ग्राम–सरगडीह टोला दूधिमाटिया, पोस्ट–सरगडीह, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 124. | 1. आवेदन क्र0–935/23<br>2. आवेदक–लक्खीराम बेदिया, पिता–स्व0 षिवा बेदिया<br>3. ग्राम–सरगडीह, पोस्ट–सरगडीह, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 125. | 1. आवेदन क्र0–936/23<br>2. आवेदक–पैयरो देवी, पति–स्व0 षिवा बेदिया<br>3. ग्राम–सरगडीह टोला दूधिमाटिया, पोस्ट–सरगडीह, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 126. | 1. आवेदन क्र0–937/23<br>2. आवेदक–रवि प्रसाद मंडल, पिता–मनोहर मंडल<br>3. ग्राम–उपरलंगा, पोस्ट–बरलंगा, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर से विकलांग। | कंडिका–2(ix) |
| 127. | 1. आवेदन क्र0–938/23<br>2. आवेदक–बुधु राम मांझी, पिता–रामदास मांझी<br>3. ग्राम–नरसिंहडीह, पोस्ट–बरलंगा, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर मे कटा हुआ चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 128. | 1. आवेदन क्र0–939/23<br>2. आवेदक–धूमकेतु मांझी, पिता–गोविन्द मांझी<br>3. ग्राम–नरसिंहडीह, पोस्ट–बरलंगा, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर मे कटा हुआ चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 129. | 1. आवेदन क्र0–940/23<br>2. आवेदक–भूखल मुर्मू, पिता–वानेष्वर मुर्मू<br>3. ग्राम–नरसिंहडीह, पोस्ट–बरलंगा, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में कटा हुआ चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 130. | 1. आवेदन क्र0–941/23<br>2. आवेदक–घासीराम मांझी, पिता–दुलाल मांझी<br>3. ग्राम–नरसिंहडीह, पोस्ट–बरलंगा, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर मे तिल का चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 131. | 1. आवेदन क्र0–942/23<br>2. आवेदक–विषनाथ मांझी, पिता–घासीराम मांझी<br>3. ग्राम–नरसिंहडीह, पोस्ट–बरलंगा, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ मे टिका का चिन्ह। | कंडिका–2(ix) |
| 132. | 1. आवेदन क्र0–943/23<br>2. आवेदक–जगेष्वर मांझी, पिता–निमू मांझी<br>3. ग्राम–नरसिंहडीह, पोस्ट–बरलंगा, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में षिखा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 133. | 1. आवेदन क्र0–944/23<br>2. आवेदक–नारायण सिंह, पिता–मुक्तेष्वर सिंह<br>3. ग्राम–बरलंगा टोला पूरबटांड, पोस्ट–बरलंगा, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल में कटा हुआ निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 134. | 1. आवेदन क्र0–980/23<br>2. आवेदक–गिरधारी महतो, पिता–स्व0 मुखी महतो<br>3. ग्राम–महतो टोला पतरातु, पोस्ट–बेटुलकला, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती के बीच में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 135. | 1. आवेदन क्र0–02/24<br>2. आवेदक–तिला देवी, पति–रोहनु महतो<br>3. ग्राम–डीमरा, पोस्ट–सोनडीमरा, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 136. | 1. आवेदन क्र0–03/24<br>2. आवेदक–षकुन्तला देवी, पति–षान्ति महतो<br>3. ग्राम–सोनडीमरा, पोस्ट–सोनडीमरा, थाना–बरलंगा, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवष्यक है।

| (भुवनेष्वर महतो)<br>सदस्य | (नरसिंह मुर्मू)<br>सदस्य | (दुर्गा उरॉव)<br>अध्यक्ष |
|---|---|---|

PR 315753 Home(23-24)D

# बांधगाड़ी शिव मंदिर में चोरी, अटल मोहल्ला क्लिनिक में मिला सामान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बरियातु के मंदिर में चोरी की घटना का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ कि सदर थाना क्षेत्र के न्यू नगर स्थित शिव मंदिर में भी चोरी की घटना हो गयी। यहॉ चोरों ने मंदिर के सामान की चोरी की है। चोरी करने के बाद असामाजिक तत्वों ने चोरी के समान को बांधगाड़ी स्थित अटल मोहल्ला क्लीनिक और पार्षद भवन के कार्यालय में रख कर फरार हो गये। सुबह लोग टहलने के दौरान मथा टेकने पहुंचे तो मंदिर में चोरी हुए सामान पर उनकी नजर पड़ी। लोग आसपास के इलाकों में सामान को ढूंढने लगे। सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से चोरों की पहचान में जुट गए। लगभग एक घंटे के प्रयास के बाद लोगों को जानकारी हुई की चोरी के सामान अटल मोहल्ला क्लिनिक और पार्षद भवन में रखा हुआ है। इसके बाद आम लोगों ने पार्षद भवन और अटल मोहल्ला क्लिनिक के भवनों में जाकर खोजबीन की तो मंदिर के चोरी किए गए कई महत्वपूर्ण सामान पाए गए। चोरी की घटना के बाद लोगों में आक्रोश देखने को मिला। घटना की सूचना पर सदर थाना की पुलिस पहुंची। थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई खुद चोरी हुए सामान को बरामद किया। सीसीटीवी के माध्यम से घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की पुलिस पहचान करने की प्रयास कर रही है।

# सड़क सुरक्षा पर युवा वर्ग जागरूक बनेंगा तो दुर्घटना में आयेगी कमी : डीडीसी

## युवाओं ने प्रभात फेरी निकाली, 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा सप्ताह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सड़क सुरक्षा अभियान का प्रमुख युवा बने और लोगों के बीच जागरूकता फैलाएं। इसलिए युवा वर्ग में जागरूक होंगे, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आएगी। यह बातें रांची के उप विकास आयुक्त दिनेश यादव ने कही। नेहरू युवा केंद्र संगठन और रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार से सड़क सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत की गयी। कार्यक्रम यातायात पुलिस एवं जिला परिवहन विभाग के सहयोग से शुरू किया गया। कचहरी स्थित पुलिस कंट्रोल रूम परिसर से उप विकास आयुक्त दिनेश यादव, जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण प्रकाश, यातायात पुलिस उपाधीक्षक जितवाहन उरांव, राज्य एनएसएस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार एवं एनवाईकेएस के उप निदेशक सर्वेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त दिनेश यादव ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि युवा सड़क दुर्घटना से बचें और दुसरों को भी जागरूक करें। इससे दुर्घटनाएं कम होगी। विशिष्ट अतिथि जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण प्रकाश ने कहा कि युवा सड़क सुरक्षा का प्रमुख हिस्सा बनकर स्वयं जागरूक बनें एवं समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करें। ट्रैफिक डीएसपी जितवाहन उरांव ने कहा कि बाइक एवं कार चलाते समय हेल्मेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करें और दुर्घटना से बचें। कार्यक्रम को एनएसएस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार, सड़क सुरक्षा के प्रबंधक मो. जमाल, परिवहन विभाग के गौरव सिंह ने भी संबोधित किया।



### 15 चौक चौराहों पर स्वयंसेवकों ने लिया प्रशिक्षण

गुरूवार से 17 जनवरी तक चलने वाले सड़क सुरक्षा सप्ताह के पहले दिन एनएसएस स्वयंसेवकों ने चौक चौराहों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। शहर के 15 प्रमुख चौक चौराहों पर एनएसएस के 150 स्वयंसेवक यातायात पुलिस के सहयोग में कार्य किए एवं यातायात नियमों का व्यवहारिक प्रशिक्षण लिये।

### शहर के कई क्षेत्रों में निकाली प्रभात फेरी

युवाओं की प्रभात फेरी नगर निगम कार्यालय, जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अटल स्मृति वेंडर मार्केट होते हुए शहीद चौक से अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए वापस पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में पहुंच कर समाप्त हुआ। इसमें शामिल युवा रास्ते में लोगों का सड़क सुरक्षा पर जागरूक करते रहे।

# शबद गायन से कृष्णा नगर कॉलोनी हुई भक्तिमय



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 353 वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी सुबह छह बजे गुरुद्वारा साहब के दर्शन दिऊडी गेट से निकलकर नरेश पपनेजा, गुरदीप मल्होत्रा, दिलीप सिंह, बसंत काठपाल, सरदार गुरमीत सिंह और मनोहर लाल जसूजा के घरों के सामने से होते हुए गुरु कृपा अपार्टमेंट तथा वैष्णवी अपार्टमेंट गई। वहां से हरविंदर सिंह बेदी, मुकेश बजाज और दीनदयाल काठपालिया की गली होते हुए दर्शन दिऊडी गेट वापस पहुंचकर अरदास के साथ विसर्जित हो गई। फेरी के समापन पर सत्संग सभा द्वारा संगत के लिए चाय नाश्ते का लंगर चलाया गया। फेरी में शामिल स्त्री सत्संग सभा की बबली दुआ, शीतल मुंजाल, मंजीत कौर, ने कई शबद गायन करते हुए पूरे क्षेत्र को गलियों को भक्तिमय कर दिया। मनीष मिढ़ा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने कुशल क्षेम की अरदास की। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि शुक्रवार को अंतिम दिन की फेरी पिस्का मोड़ गुरुद्वारा से निकलकर इटकी रोड स्थित लक्ष्मण दास मिढ़ा के फ्लैट जाएगी और वहीं पिछली 5 जनवरी से निकाली जा रही प्रभातफेरी का समापन हो जाएगा।

## एक नजर

### श्री माहेश्वरी सभा का रक्तदान और मेगा जांच शिविर 14 को

**रांची।** श्री माहेश्वरी सभा के महिला समिति एवं युवा संगठन द्वारा नागरमल मोदी सेवा सदन के सहयोग से 14 जनवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रविवार सुबह 9.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक सेवा सदन पथ स्थित माहेश्वरी भवन में शिविर लगेगा। जिनकी उम्र 18 वर्ष से 65 वर्ष है, वे रक्तदान कर सकते है। इसके अलावा शैलबी डिवाइन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सौजन्य से निःशुल्क मेगा जांच शिविर लगाया जाएगा। शिविर में बीपी, शुगर, इसीजी, बीएमडी, औथोपेडिक एवं न्यूरोसाईन्स से संबंधित बिमारियों के बारे में डॉ विवेक कुमार डेविड, डॉ हेमंत अलडा और डॉ आरके उपाध्याय परामर्श देंगे। इस शिविर के संयोजक मनीष खटोड़, बिपिन भाला, दिनेश काबरा और रितिका शारदा है।

### उत्पाद विभाग के तीन अवर निरीक्षकों की प्रतिनियुक्ति

**रांची।** उत्पाद विभाग के तीन पदाधिकारियों को दूसरे जिले में प्रतिनियुक्त किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना बुधवार रात उत्पाद और मध निषेध विभाग ने जारी कर दी है। जारी आदेश में कहा गया है कि प्रशासनिक, कार्यहित और राजस्व हित को देखते हुए तीन अवर निरीक्षक उत्पाद को दूसरे जिले के कार्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया है। जिन अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। उनमें राजीव नयन को अधीक्षक उत्पाद कार्यालय सिमडेगा, रवि रंजन को अधीक्षक उत्पाद कार्यालय गिरिडीह और प्रदीप कुमार शर्मा, एक्साइज इंटिलिजेंस ब्यूरो कोषांग उत्पाद एवं मध निषेध विभाग मुख्यालय रांची शामिल है। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में अवैध शराब कारोबार से जुड़ी गतिविधियों में बढ़ोतरी हुई है।

### स्वामी विवेकानंद जयंती पर सांस्कृतिक विचार गोष्ठी आज

**रांची।** राष्ट्रीय युवा दिवस सह स्वामी विवेकानंद जयंती पर नेहरू युवा केंद्र ने एक विचार गोष्ठी का आयोजन मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में किया है। आज सुबह 10:30 बजे से आयोजित इस विचार गोष्ठी में उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी उपाध्याय मुख्य वक्ता होंगे। जबकि मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा करेंगे। अधिवक्ता अश्वनी उपाध्याय राष्ट्रीय मुद्दों पर व्याख्यान देंगे। आर्यभट्ट सभागार में ही राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन भी प्रसारित किया जाएगा। अश्वनी उपाध्याय का यह कार्यक्रम सांसद संजय सेठ के आग्रह पर तय किया गया है। सांसद संजय सेठ ने इस कार्यक्रम को लेकर रांची शहर वासियों से विशेष रूप से युवाओं से बड़ी संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है।

# विद्युत विभाग के कर्मियों को पूरे 30 दिन का वेतन दिया जाए

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता विद्युत आपूर्ति क्षेत्र रांची पीके श्रीवास्तव से मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड एक आवश्यक सेवा है। जिसमें सभी कर्मचारी चाहे तो वह नियमित हो या अनियमित 24 घंटें ड्यूटी करते हैं। बावजूद एजेंसी द्वारा भुगतान, सिर्फ 26 दिन का ही किया जाता है। जबकि पर्व-त्योहार हो या रविवार विद्युत विभाग निरंतर चलता ही रहता है। इसको लेकर पहले भी कई बार संघ ने कई आवेदन दिए हैं लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। अजय राय ने बताया कि औद्योगिक अधिनियम 1948 में स्पष्ट है की आवश्यक सेवाओं वाले संस्था कारखानाओं में साप्ताहिक रेस्ट, म्युचुअल प्रोविजन तथा ओवरटाइम की व्यवस्था भी होती है। और कामगार को उस दिन का भुगतान भी होता है।

# कृषि सभ्यता के विकास के साथ जुड़ा है टुसू पर्व : कुलपति

## डीएसपीएमयू में शिक्षकों और छात्रों ने मनाया टुसू मिलन समारोह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में एक दिवसीय टुसू मिलन समारोह का आयोजन आखड़ा में किया गया। समारोह की शुरुआत टुसू के चौड़ल का स्थापना पारंपरिक विधि-विधान से की गई। इसमें भूषण कुमार महतो ने टुसू का परछन पाठ प्रस्तुत किया। फिर अतिथियों द्वारा टुसू के चौड़ल पर पुष्पार्पण एवं चुमावन किया गया। इसके बाद विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर अतिथियों को स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने इस पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टुसू धान का स्वरूप है। जिसे पांच परगना में लखी मां का प्रतीक माना जाता है। इसकी उत्पति कृषि सभ्यता के विकास के साथ जुड़ा हुआ है, जो हमारे अर्थव्यवस्था के प्रमुख



आधार के रूप में माना जाता। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. नमिता सिंह ने वर्तमान पीढ़ी को कृषि की गरिमा को समझने की बात कही। विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ एस एम अब्बास ने कहा कि इस तरह के पर्व-त्योहार के माध्यम से राष्ट्रीय एकता का परिचय मिलता है। कुड़मालि विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. निताई चंद्र महतो ने प्रस्तुत करते हुए कहा कि टुसू पर्व की शुरूआत वर्ष के जेठ महीने से प्रारंभ हो जाती है। विसर्जन के पूर्व इस चौड़ल को मेला में पारंपरिक टुसु लोकगीत एवं नृत्य के साथ घुमाया जाता है। इस तरह टुसु पर्व धान के खेती से जुड़ी होने की बात कही। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव एवं अन्य अतिथियों के साथ छात्र-छात्राओं ने सामूहिक टुसू नृत्य-गीत प्रस्तुत किया। आयोजन में डॉ. आशिष कुमार गुप्ता, डॉ. अभय सागर मिंज, डॉ. जिंदर सिंह मुंडा, डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. विनोद कुमार, प्रो. रामदास उरांव, डॉ. परमेश्वरी प्रसाद महतो, डॉ. अरविंद कुमार मौर्या, डॉ. पारितोष मांझी, डॉ. अयुब खान, डॉ. विनय भरत शामिल थे।

# चाइल्ड इन नीड इंस्टिट्यूट ने मनाया गोल्डेन जुबली

**रांची।** सीनी-50 कार्यक्रम के तहत युवाओं हुए शोध कार्यो पर चर्चा की गयी। जलवायु परिवर्तन तथा युवाओं के स्वास्थ्य पर अब तक के प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का उदघाटन सीनी के संस्थापक डॉ समीर चौधरी, विद्यानंद शर्मा पंकज, डॉ कनीनिका मित्रा, यशी जैन, जयदीप देवघरिया, डॉ एसएस पासवान, डॉ आरएन शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर दी। सीनी के 50 वर्ष की यात्रा और संस्था के योगदान पर विचार व्यक्त किया। सीनी की सीईओ डॉ इंद्राणी भट्टाचार्य ने संस्था के कार्यों और यात्रा को साझा किया। इससे पूर्व स्टेट हेड तन्वी झा ने आगंतुकों का स्वागत किया। इस दौरान जलवायु परिवर्तन और युवाओं के यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, अधिकार पर एक परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। परिचर्चा में रफत फरजाना, कुमार प्रेमचंद, निधि कुमारी, अनूप होरे, नेहा सइगल ने जलवायु परिवर्तन के कारण युवाओं के यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य पर रहे प्रभवों पर विस्तार से चर्चा की।

# विजन 2047 छात्रों व समाज की सोच के लिए : डॉ अजीत सिन्हा

### डोरंडा कॉलेज में तीन दिवसीय यूथ फेस्टिवल हिलोर का आगाज, हुए कई कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डोरंडा कॉलेज में तीन दिवसीय यूथ फेस्टिवल का गुरूवार को आगाज हो गया। मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा, मास कम्युनिकेशन के निदेशक डॉ बीपी सिन्हा, केविन राय डेविड, कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने विशेष रूप से विजन 2047 पर बच्चों को उत्साहित किया। उन्होंने कहा कि विजन 2047 इन बच्चों के लिए और उनके सोच के लिए है। कुलपति ने छात्रों को संबोधित करते हुए सभी विकसित भारत कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया। उन्होंने छात्रों के कला और उत्साह की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने युवा सम्राट स्वामी विवेकानंद की जीवनी के बारे में छात्रों को बताया। उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव विशेष रूप से स्वामी विवेकानंद के जयंती के अवसर पर शुरू की गयी। इस कार्यक्रम का नामकरण हिलोर रखा गया है। रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा ने बच्चों को इस कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया। प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम डोरंडा कॉलेज के ऑडिटोरियम में यूथ फेस्टिवल हिलोर कार्यक्रम तीन दिन चलेगी। इसका समापन 13 जनवरी को होगा। कार्यक्रम में पहले दिन पेंटिंग, रंगोली मेकिंग, इंडियन क्लासिकल डांस, लाइट वोकल सोलो, क्लासिकल वोकल सोलो, ग्रुप सॉन्ग, का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के डॉ रजनी टोप्पो, डॉ मंजू लाल, डॉ मलाई भारती, डॉ शिल्पी सिंह, डॉ मंजू मिंज, शालिनी, डॉ सुप्रिया, डॉ कृष्णकांत रवि, डॉ एमिलिन, मनोज कुमार, मुग्धा तिवारी, अवधेश कुमार एवं सुशीला मौजूद थे।

# सुदर्शन मल्होत्रा को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा के पिता सुदर्शन मल्होत्रा के निधन पर गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी किया गया। शोकसभा लाला लाजपत राय पंजाबी भवन में आयोजित किया गया। जहॉ लोगों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंगत सुदर्शन मल्होत्रा रोटरी क्लब के वरिष्ठ मेंबर थे। वे आरएमडीए संस्था सहित अन्य कई संस्था से जुड़े हुए थे। शोकसभा में वीणा मल्होत्रा, आदित्य मल्होत्रा, गगन मल्होत्रा एवं आशीष हरि उपस्थित थे।



# छात्रों ने किया सूर्य नमस्कार

**रांची।** भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा प्रायोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार अभ्यास कार्यक्रम बुंडू स्थित सूर्य मंदिर परिसर में किया गया। रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोरहाबादी के दिशा निर्देश में योगिक साइंस एवं नेचुरोपैथी विभाग, सरला बिरला विवि के छात्रों ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। इस सामूहिक कार्यक्रम में रांची के विभिन्न विश्वविद्यालयों और विद्यालयों के 750 से भी ज्यादा छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सूर्य नमस्कार के महत्व के विषय में योगिक साइंस एंड नेचरोपैथी विभाग सरला बिरला विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉ. अर्चना मौर्य ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आचार्यकुलम के स्वामी दिव्यदेव, सूर्य मंदिर के उपाध्यक्ष विनोद कुमार, रामकृष्ण मिशन के सह सचिव स्वामी अंतरानंद सहित अन्य उपस्थित थे।

# हरमू मैदान में एक शाम युवाओं के नाम कार्यक्रम

**रांची।** श्री हनुमान सेवा संस्थान द्वारा आज संध्या 6:30 बजे से हरमू मैदान में एक शाम युवाओं के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में व्यासपीठ के जीवन प्रबंधन गुरू विजयशंकर मेहता स्वामी विवेकानन्द की प्रेरक वाणी एवं बाबा हनुमंतलाल जी के आदर्शों का व्याख्यान करेंगे। जानकारी देते हुए अध्यक्ष सह राष्ट्रीय संयोजक राकेश भास्कर और प्रवक्ता प्रमोद सारस्वत ने बताया शुक्रवार को हरमू मैदान में स्वच्छता अभियान रखा गया है। जिसमें कार्यकर्ता व आयोजन समिति के सदस्य शामिल होंगे। यहॉ पर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। कार्यक्रम में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक जाप एवं पंडित विजय शंकर मेहता का व्याख्यान होगा। मौके पर धर्मेंद्र तिवारी, अरुण कुमार सिंह, इंद्रजीत यादव, स्वामी बिमलेश कुमार तथा नवीन झा सहित अन्य उपस्थित थे।




झारखण्ड कौशल प्रतियोगिता

झारखण्ड के युवाओं को अपना हुनर प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर

Jharkhand Skill Competition

India Skills

राज्य के प्रतिभाशाली युवा इस स्वर्णिम अवसर का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण लिंक https://forms.gle/3RoGk4bzSEAAuEVt7 या QR कोड के माध्यम से पंजीकरण कराएं।

प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागियों के लिए योग्यताएं :

- प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी का जन्म 1 जनवरी 2002 या उसके बाद होना अनिवार्य है।

झारखण्ड राज्य के state specific जॉब रोल निम्नवत हैं -

Autobody Repair, Automobile Technology, CNC Milling, CNC Turning, Refrigeration & Air Conditioning, Electrical Installations, Electronics, Welding, Health & Social Care, Beauty Therapy, Hotel Reception, Restaurant Service, Cooking, Bakery and Patisseries & Confectionery.



प्रतियोगिता में हुनर दिखाकर राज्य और देश का स्वाभिमान बनें

झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड

पंजीकरण की अंतिम तिथि : 15 जनवरी 2024

राज्य टोल फ्री नंबर: 1800-123-3444

jsdm.jharkhand.gov.in

skilljharkhand@gmail.com

PR No. 315581 (Labour Employment and Traning) 2023-24

# पिछले दस साल की कहानी अन्याय से शुरू अन्याय पर खत्म: गुलाम अहमद मीर

## दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों और गरीबों के साथ भेदभाव व अत्याचार रुक नहीं रहा

- अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने पर सरकारी एजेंसियों से लोगों को डराया-धमकाया जाता है
- चुनिंदा धनकुबेर सारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपने फायदे के लिए कठपुतली की तरह नचा रहे हैं



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि अगर मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों की कहानी लिखी जाए तो वह अन्याय से शुरू होकर अन्याय पर खत्म होगी। इस तानाशाह सरकार ने अन्याय और अत्याचार की सारी सीमाएं लांघ कर एक ऐसी क्रूर और निर्मम व्यवस्था को जन्म दिया है, जहां देश का गरीब दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष करने को मजबूर है। दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक और गरीबों के साथ भेदभाव व अत्याचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने पर सरकारी एजेंसियों द्वारा लोगों डराया-धमकाया जाता है, संसद में सवाल पूछने पर निलंबित कर दिया जाता है।

वह गुरुवार को मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मीर ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में न सिर्फ आम इंसान का जीवन मुश्किल कर दिया बल्कि लोकतंत्र का गला घोंटने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। जहां एक तरफ बेतहाशा बेरोजगारी युवाओं के सपनों को चकनाचूर कर रही है, तो वहीं दूसरी तरफ कमरतोड़ महंगाई गरीबों और मध्यम वर्ग का जीवन बेहद मुश्किल बना रही है। आज जहां देश में किसानों को उनकी मेहनत का मोल नहीं मिल रहा, तो वहीं मजदूर अपना खून पसीना जलाकर भी परिवार का पेट नहीं भर पा रहे। उन्होंने कहा कि बेटियां अपने सम्मान और सुरक्षा के लिए सड़कों पर बैठी हैं और तानाशाह सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि कुछ चुनिंदा धनकुबेर सारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपने फायदे के लिए कठपुतली की तरह नचा रहे हैं। गुलाम अहमद मीर ने कहा कि देश में ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि...मोदी सरकार नहीं चाहती कि देश की जनता उनका सच जाने, उनसे जरूरी मुद्दों पर सवाल पूछे, लेकिन.. अब जनता जाग चुकी है, अपने अधिकारों की बात कर रही है, अन्याय के खिलाफ आवाज उठा रही है, न्याय का हक मांग रही है। हम जनता की यह लड़ाई, जनता के साथ आगे ले जा रहे हैं। इस देश की जनता के समर्थन से हम तानाशाह केन्द्र सरकार से डरने वाले नहीं हैं, अन्याय के खिलाफ हमारी लड़ाई थमने वाली नहीं हैं।

## राम तो सब के रोम-रोम में हैं, तो क्यों जाऊं अयोध्या : आनंद मोहन

### कहा झारखंड को बिहार के नेताओं ने लूट के लिए अपनी जागिर समझ रखा है



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राम तो सब के रोम-रोम में हैं, तो क्यों जाऊं अयोध्या, हां अयोध्यावासी माता सीता के जन्म स्थान मिथिला पधारेंगे तो हम भी अयोध्या जरुर जाएंगे। बिहार की राजनीति में बाहुबली के नाम से जाने जाने वाले आनंद मोहन ने यह बातें कही। उन्होंने कुछ इसी अंदाज में अयोध्या जाने की बात कही। गुरूवार को रांची प्रेस क्लब पहुंचे आनंद मोहन और उनकी पत्नी लवली आनंद ने राष्ट्री नवीन मेल संवाददाता से बात की। उन्होंने कहा कि झारखंड विश्व का सबसे समृद्ध प्रदेश है। लेकिन बिहार के नेता और कारोबारी इसे अपना अधिकार क्षेत्र समझ बैठे है। यहां की जनता को समझना होगा कि राज्य में हो रहे बहुमूल्य संपदाओं की लूट को कैसे बचाया जाए। उन्होंने कहा कि मैं सांसद की भूमिका में कभी नहीं आना चाहूंगा। बिहार की राजनीति पर उनकी क्या भूमिका होगी इस पर कुछ स्पष्ट नहीं किया है। हालांकि उनकी पत्नी लवली आनंद सांसद की भूमिका में आना चाहती है या नहीं यह उनके स्वाविवेक पर हैं। उन्होंने राजनीति पर दो टूक कहा कि अब तक देश में जाति अधारित सरकारे बनी हैं। बिहार की राजनीति तो जाति पर ही आधारित रही है। इस वजह से एक समृद्ध समाज व राष्ट्र का निर्माण नहीं हो सका।

### राजनीति में एक बड़े बदलाव की जरूरत

आनंद मोहन ने कहा कि बाहुवली नहीं कलम की भी ताकत है मुझमें, मेरे द्वारा अब तक तीन पुरस्तकें लिखी गयी है। जिनमें कैद में आजाद कलम पुस्तक काफी लोकप्रिय हुए हैं। जो राजकमल प्रकाशन द्वारा स्वीकृत हुए है।

## राज्यपाल से मिले मेजर जनरल विकास चौधरी



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को राजभवन में मेजर जनरल विकास चौधरी ने मुलाकात की। राज्यपाल ने एक्स पर ट्वीट कर कहा कि यह शिष्टाचार मुलाकात थी। उनसे मिलकर बहुत प्रसन्नता हुई।

## डालसा ने बुंडू में चलाया विधिक जागरुकता अभियान



**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची की ओर से कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय, बुंडू में लीगल-लिट्रेसी क्लास तथा बुंडू बाजार क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों को संविधान के मूल अधिकार तथा कर्त्तव्यों की जानकारी दी गयी। इसके अलावा अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने बाल श्रम तथा बाल अधिकार के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। लीगल-लिट्रेसी क्लास के दौरान बुंडू बाजार में जागरूकता चलाया गया। कार्यक्रम में एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी सोनामनि देवी, रूकमनी देवी, मुस्कान कुमारी, लता कुमारी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। सभी ने ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को विचाराधीन बंदियों तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को मुकदमा में डालसा द्वारा सहयोग करने के बारे में जानकारी दी। डालसा की ओर से बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। उन्होंने बाल विवाह और बाल श्रम पर भी प्रकाश डाला एवं उनसे संबंधित कानूनों के बारे में विस्तार से चर्चा भी की। डालसा के पीएलवी सोनामनी देवी, रूक्मनी, मुस्कान कुमारी, लता कुमारी ने प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, शौचालय स्वच्छता के बारे में भी जानकारी दी गयी।

## राज्य में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में जुट जाएं कार्यकर्ता : राजेश ठाकुर

**रांची।** राजधानी के संगम गार्डेन में आयोजित प्रदेश कांग्रेस के विस्तारित कार्यसमिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने झारखंड में भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को लेकर कार्यकताओं को कई दिशा-निर्देश दिये। ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के मद्देनजर झारखंड के प्रत्येक कांग्रेस कार्यकताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी जाएगी। पंचायत स्तर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को इस यात्रा में भागीदार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण बैठक का उद्देश्य ही झारखंड में यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का है। बैठक के बाद से ही सभी जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष और प्रदेश के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को इस यात्रा की निमित्त तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने न्याय यात्रा को देखते हुए प्रत्येक जिला में कंट्रोल रूम की स्थापना करने, सामाजिक संगठनों, आईएनडीआईए गठबंधन दलों के पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं, अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त पेशेवर खिलाड़ियों, कलाकारों, बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों तथा विशेष कार्य के लिए उच्च स्तरीय सम्मान प्राप्त व्यक्तियों को न्याय यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करने का निर्देश दिया। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि झारखंड तीसरा ऐसा राज्य होगा जहां भारत जोड़ो न्याय यात्रा सबसे ज्यादा दिनों तक रहेगी। हमें मौका मिला है कि हम झारखंड में इस यात्रा को ऐतिहासिक बनाएं और जिन जिलों से यात्रा नहीं गुजरेगी वहां के कांग्रेसजनों को भी बढ़-चढ़कर इस यात्रा में भाग लेना है। झारखंड के कांग्रेस कार्यकताओं को यह प्रण लेना होगा कि हम पूरे देश में इस यात्रा को सफल बनाने में अव्वल दर्जा प्राप्त करें।

बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ज्योति सिंह, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष गीता कोड़ा, बन्धु तिकी, जलेश्वर महतो, शहजादा अनवर, मंत्री बन्ना गप्ता, बादल पत्रलेख, प्रदीप यादव, अकेला यादव, अनूप सिंह, अम्बा प्रसाद सहित कई नेता मौजूद थे।

## राज्य में सीटी बजाओ-स्कूल बुलाओ महाअभियान शुरू

- अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को सोशल मीडिया महाअभियान के साथ ही 'सीटी बजाओ-स्कूल बुलाओ' अभियान की शुरूआत हो गयी। राज्य के प्रत्येक जिले में अधिकारियों ने गांव-गांव जाकर अभियान की मॉनिटरिंग की। इस अभियान के पहले दिन राज्य के सभी 35,000 सरकारी स्कूलों के बच्चों ने सीटी बजाते हुए रैली निकाल कर सभी अभिभावकों से बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की। बच्चों के साथ स्कूल के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य और बुद्धिजीवी भी इस अभियान में शामिल हुए। महाअभियान में राज्य के प्रत्येक जिले के उपायुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीएसई, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, अभिभावकों ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभायी। जिलास्तर पर एडीपीओ, ब्लॉक स्तर पर बीपीओ और संकुल स्तर पर सीआरपी को इस महाअभियान का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। इस राज्यस्तरीय अभियान की सफलता पर मुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री हेमंत सोरेन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी समेत अन्य सभी विभागीय पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन एवं सभी शिक्षा पदाधिकारियों को बधाई दी है।

## कोयलकारो जनसंगठन के महासचिव विजय गुड़िया का निधन

**खूंटी।** झारखंड पार्टी के नेता और कोयलकारों जनसंगठन के महासचिव विजय गुड़िया (56) का निधन हो गया। उनके पैतृक गांव गुटूहातु के स्थानीय कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार कर दिया गया। ज्ञात हो कि दिसंबर महीने में रांची से तोरपा आने के क्रम में रायटोली के पास वे मोटरसाइकिल से गिर गये थे। उन्हें रांची के अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ निकला विरोध मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

तपकरा में आदिवासी किशोरी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म तथा रनिया की युवती की गुमला में नृशंस हत्या के विरोध में गुरुवार को तोरपा और तपकरा में विरोध मार्च निकाला गया। तोरपा में सर्व समाज के लोगो ने एनएचपीसी गेट स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के पास से विरोध मार्च निकाला। मार्च तोरपा पेट्रोल पंप तक गया और से उसी रास्ते से लौट कर ब्लॉक गेट के पास समाप्त हुआ। इस दौरान महिला विकास केंद्र की महिलाएं और कई स्कूलों की छात्राओ सहित ग्राम प्रधान ने हाथों में तख्तियां लेकर फांसी दो, पीड़िता को न्याय दो, महिला हिंसा बंद हो, सभ्य समाज में यह घटना घिनौनी है, बढ़ते बलात्कार की घटना से समाज कलंकित हो रहा आदि नारे लिखी तख्तियां पकड़े हुए नारेबाजी कर रहे थे। मौके पर प्रमुख रोहित सुरीन, 22 पड़हा अध्यक्ष जय मसीह, विरसा लांगो तोपनो, सनिका मुण्डा, विलियम तोपनो, प्रेम प्रकाश तोपनो, उम्बलन तोपनो, अधिवक्ता जूनुल होरो, लेतारेन तोपनो, राजू भेंगरा, इमानुएल तोपनो, एमन तोपनो सहित कई लोग शामिल थे। तपकरा में मुखिया रोशनी गुड़िया के नेतृत्व में अंबाटोली चर्च के पास से विरोध मार्च निकल कर तपकरा दशहरा टांड़, बाजार होते हुए देवी मंडप तक गया।

## रांची जिले में उद्यानिकी की अपार संभावनाएं हैं : उपायुक्त



**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने झारखंड राज्य में उद्यानिकी की संभावनाओं के आकलन के लिए विशेषज्ञों के साथ बैठक की। बैठक में निदेशक उद्यान सूरज कुमार, अपर आयुक्त कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय नवीन कुमार पाटले, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के उप निदेशक बीजे ब्रह्म, मुख्य वैज्ञानिक, आइआइएसआर डॉ के कंडीयनन, एकआइडीएच डीए चिराग भाटिया, उद्यान वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, राम कृष्ण मिशन, डॉ ए के सिंह, प्रतिनिधि आइसीएआर, प्रतिनिधि मसाला बोर्ड कोचिन, राज्य बागवानी मिशन रांची, संयुक्त निदेशक उद्यान, उपनिदेशक उद्यान, जिला उद्यान पदाधिकारी रांची, सहायक निदेशक उद्यान, एनएचबी उपनिदेशक , उद्यान मौजूद थे। उपायुक्त ने बैठक के दौरान बताया कि रांची जिले में उद्यानिकी की अपार संभावनाएं हैं। उद्यान उत्पादों के संग्रहण, प्रसंकरण, विपणन, मूल्य संवर्धन एवं आपूर्ति चेन के लिए समेकित कार्य योजना की आवश्यकता है। इसके लिए क्लस्टर आधारित रणनीति श्रेयस्कर रहेगी। प्रथम चरण में प्रति प्रखंड एक क्लस्टर बनाया जाए । फूड प्रोसेसिंग इकाई की स्थापना आवश्यक है। बैठक में राज्य की प्रमुख बागवानी फसलें, प्रमुख सब्जी उत्पादन, फसल, फूल उत्पादन, औषधीय फसल, फल, वृक्षरोपण फसल और अन्य पर चर्चा की गई। जिसमें राज्य में सब्जी उत्पाद क्षेत्रफल (1000 हेक्टेयर) पर उत्पादन मिट्रिक टन पर विस्तृत चर्चा करते हुए इसे और बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

## जेजे बोर्ड, सीडब्ल्यूसी में नियुक्ति से संबंधित स्वतः संज्ञान मामला निष्पादित

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) और राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई गुरुवार को हुई। मामले में एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा नियुक्ति से संबंधित उठाएंगे कदमों को देखते हुए स्वतः संज्ञान मामले को निष्पादित कर दिया। हालांकि, इस दौरान कोर्ट ने बचपन बचाओ आंदोलन की जनहित याचिका में बच्चों के अधिकार एवं पुनर्वास सं संबंधित वृहत विषय को देखते हुए उस पर अगली सुनवाई के लिए 23 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। मामले में बचपन बचाओ आंदोलन की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की। इससे पूर्व हुई पिछली सुनवाई में मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि रांची एवं जमशेदपुर में एक-एक अतिरिक्त जेजे बोर्ड के गठन को कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है।

## अल्बर्ट एक्का चौक में टुसू महोत्सव का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंडी भाषा खतियान संस्कृति समिति द्वारा अल्बर्ट एक्का चौक में टुसू महोत्सव का अयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रांची यातायात पुलिस उपाधीक्षक शामिल होकर सामूहिक नृत्य किया। मौके पर देवेन्द्र नाथ महतो ने बताया कि टुसू महोत्सव का उद्घाटन पारम्परिक रीति रिवाज परंपरा के साथ अविवाहित कन्या द्वारा टुसू स्थापना करके किया गया। महोत्सव में पूरे झारखंड प्रदेश से आदिवासी मूलवासी शामिल हुए। अल्बर्ट एक्का चौक में ढोल नगाड़ों के साथ टुसू प्रेमी थिरके, करीब 100 छोटा-बड़ा टुसू शामिल हुआ। मौके गुड़ और पिठा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में फलींद्र करमाली, सुमित खतियानी, लखींद्र, मार्शल, सूरज, विराट, रविन्द्र, नकुल, राजू, गोविन्द महतो, राजेश बैठा, शिवराज, अंगत नायक, अजीत, सुभाष, नरेश एवं लक्की रामू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## मुड़मा पंचायत भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य मिशन की ओर से मांडर प्रखंड के मुड़मा पंचायत भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर में करीब 200 लोगों का निःशुल्क ब्लड प्रेशर, शुगर, सामान्य रोग, नेत्र जांच किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में झारखंड स्वास्थ्य मिशन के अध्यक्ष संतोष सोनी, रेमेडी हेल्थ केयर के डायरेक्टर डा प्रमोद कुमार सिंह, आदित्य रानी, रोबिन मिंज, रोहित कुमार, प्रेमिका खलखो, जूही कुमारी, दुबराज महतो, रियाजुल हक, शाहनवाज नैयर, लेमिना रिसर्च सेंटर प्रा लिमिटेड के कृष्णा सिंह, प्रेम पांडे, शाकिब अहमद, शिखा देवी, मुड़मा पंचायत के मुखिया बंधना उरांव,अफरोज अंसारी, आजाद अंसारी, एकराम अंसारी तथा जावेद अंसारी का सहयोग रहा।

## हथियारबंद अपराधियों ने सीएसपी संचालक से लूटे दो लाख

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

जिले के निमियाघाट थाना इलाके के लोहेडीह में गुरुवार दोपहर बाद दो अपराधियों ने सीएसपी संचालक से दो लाख लूट कर फरार हो गए। अपराधियों ने दिनदहाड़े लोहेडीह में सीएसपी संचालक अनंत लाल साहु को पिस्तौल का भय दिखाकर उसके पास रखे दो लाख 12 हजार लूट की है। जानकारी के अनुसार अनंत लाल साहु एक दूध का कारोबारी होने के साथ सीएसपी का संचाल भी है। गुरुवार को अनंत लाल साहु असनासिंघा गांव में दूध बांटने के साथ सीएसपी का पैसा लेकर गांव में लोगों के पैसे की निकासी के लिए भी पहुंचा हुआ था। इसी दौरान लोहेडीह में दो अपराधियों ने पिस्तौल का भय दिखाकर दो लाख 12 हजार से भरा थैला लूटकर फरार हो गए । बताया गया कि दोनों अपराधी 25 से 30 साल के उम्र के थे, और नकाब में थे । वहीं दूसरी ओर भुक्तभोगी की मानें तो अनंत लाल साहु पेटीएम पैमेंट बैंक के साथ एयरटेल पेमेंट बैंक का संचालन सीएसपी के रुप में करता था, और कुछ गांव में लोगों को भुगतान किया करता था। भुक्तभोगी के अनुसार दोनों अपराधी पैदल आएं थे, और घटना को अंजाम देकर फरार हुए।

### केंद्र के स्वच्छता सर्वेक्षण रिपोर्ट कार्ड में झारखंड को 15वां स्थान

## राज्य में जमशेदपुर सबसे स्वच्छ शहर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 का रिपोर्ट कार्ड जारी कर दिया गया है। केंद्र सरकार की ओर से गुरुवार को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में स्वच्छता अवार्ड की घोषणा की गई। इस साल भी इंदौर को पहला स्थान प्राप्त हुआ। सर्वेक्षण में 27 राज्यों में से झारखंड को 15वां स्थान और बिहार को 16वां स्थान मिला। राज्य के जमशेदपुर और बुंडू को सबसे साफ शहर का अवार्ड दिया गया। जमशेदपुर 78वें स्थान के साथ पूरे झारखंड में टॉप पर रहा। रांची को 885वां स्थान प्राप्त हुआ जबकि 2022 में रांची की रैंकिंग 1328 थी। डंपिंग रीमेडीएशन व प्रॉसेसिंग की सुविधा नहीं होने के कारण स्वच्छ सर्वेक्षण में रांची का रैंक कम आया है। स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंक प्राप्त करने के लिए नगर निगम ने कई योजनाएं बनाई थीं लेकिन सभी योजनाएं कागजों पर धरी रह गईं। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लान, वेस्ट डिस्पोजल प्लान, सीवरेज प्रोजेक्ट सहित वेस्ट टू वेल्थ प्लान कागज पर होने के कारण सर्वेक्षण में रांची को कम अंक प्राप्त हुए हैं। रांची की सफाई-व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निगम पिछले 12 वर्षों से प्रयास कर रहा है। इसके बाद भी सफलता नहीं मिल रही है। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सर्वेक्षण में शहर की सफाई और वेस्ट डिस्पोजल को प्राथमिकता दी गई है। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए 1600 अंक निर्धारित थे। रांची में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत यह काम निजी एजेंसी से कराना था लेकिन पिछले 12 साल में तीन कंपनियां काम छोड़ चुकी हैं। इसके बाद निगम ने खुद डोर टू डोर कचरा उठाने शुरू किया। वाहनों की कमी और सही ढंग से मॉनिटरिंग नहीं होने की वजह से शहर के 53 वार्डों के सभी घरों से नियमित रूप से डोर टू डोर कचरा उठाव नहीं हो रहा है। घरों से समय पर कूड़ा उठाव से ही रैंकिंग में सुधार हो सकता है। क्योंकि, सर्वेक्षण के दौरान शहर के लोगों से भी फीडबैक लेकर अंक जोड़े जाते हैं।

## स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने आदर्श वृद्धाश्रम में बांटे कपड़े

**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय के स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब ने सीएसआर पहल के तहत आदर्श वृद्धाश्रम में रहने वाले लोगों के बीच कपड़े वितरित किए। इस पहल के तहत, लेडीज क्लब ने वृद्धाश्रम के जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को साड़ी और ड्रेस सामग्री प्रदान की। स्वयंसिद्धा लेडीज क्लब की अध्यक्ष रेखा जैन उपस्थित रही। मौके पर लक्ष्मी मूर्ति, पूर्णिमा श्रीखंडे, मनसा वर्मा, दीपा, परमेश्वरी, सपना पारीक उपस्थित थीं। एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय की महिला कल्याण शाखा समाज को वापस देने की भावना के साथ अपनी विभिन्न कल्याण और सीएसआर पहलों के तहत समाज के वंचित और जरूरतमंद लोगों को अपना समर्थन दे रही है।

## राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में युवाओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ऑड्रे हाउस में गुरुवार को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग ने इसका आयोजन किया। इसमें राज्य के 5 प्रमंडलों - उत्तरी छोटानागपुर, दक्षिणी छोटानागपुर, पलामू, संथाल परगना एवं कोल्हान से चयनित 75 प्रतिभागियों ने पेंटिंग, युवा संसद, निबंध लेखन, क्विज एवं भाषण प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रु० 20,000/-, द्वितीय पुरस्कार रु० 15,000/- एवं तृतीय पुरस्कार रु० 10,000/- दिया गया।




**सफल प्रतिभागियों की सूची**

**पेंटिंग :** प्रथम स्थान - सरस्वती सुंडी - चाईबासा (कोल्हान) द्वितीय स्थान - विकास महतो - साहेबगंज (संथाल परगना) तृतीय स्थान - कोमल भारती - धनबाद (उत्तरी छोटानागपुर) **निबंध लेखन :** प्रथम स्थान - पार्वती हेस्सा - चाईबासा (कोल्हान) द्वितीय स्थान - मयूर माला - हजारीबाग (उत्तरी छोटानागपुर) तृतीय स्थान - आस्था कुमारी - रांची (दक्षिणी छोटानागपुर) **क्विज प्रतियोगिता :** प्रथम स्थान - शिव शंकर दयाल - पलामू द्वितीय स्थान - सोनम कुमारी - रांची (दक्षिणी छोटानागपुर) तृतीय स्थान - मो. तालीब - दुमका (संथाल परगना) **युवा संसद :** प्रथम स्थान - नुपूर माला - हजारीबाग (उत्तरी छोटानागपुर) द्वितीय स्थान - प्रणव राम तिवारी - रांची (दक्षिणी छोटानागपुर) तृतीय स्थान - आयशा फातिमा - रांची (दक्षिणी छोटानागपुर) **भाषण प्रतियोगिता :** प्रथम स्थान - अंजली मिश्रा - रांची (दक्षिणी छोटानागपुर) द्वितीय स्थान - स्नेहा सिंह - हजारीबाग (उत्तरी छोटानागपुर) तृतीय स्थान - आयशा फातिमा - रांची (दक्षिणी छोटानागपुर)।

## एक नजर

### रामलला के स्वागत में करें मंदिरो में पूजा,घरों में मनाए दीपोत्सवः विधायक मनीष



**हजारीबाग।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में सदियों बाद रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर घर-घर उत्सव मनाएं। दिन में स्थानीय मंदिरों में विशेष पूजा- अर्चना करें और शाम को घरों में दीपावली मनाएं। मंगल और धार्मिक अनुष्ठान का अयोजन अपने अपने स्तर से करें और परिवार एवं समाज के साथ खुशियां मनाएं। जिन्हें अपने आराध्य भगवान श्रीराम से प्रेम हैं वो इस दिन को ऐतिहासिक जरूर बनाएं। उक्त बातें हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने अपने कटकमसांडी दौरे के क्रम में ग्राम मायापुर और पबरा वासियों से निवेदन करते हुए कहा।उन्होंने यह भी कहा कि हम सभी के लिए बेहद सौभाग्य की बात है की 500 साल बाद हमारे ही समय में यह ऐतिहासिक कार्य संपन्न हो रहा है। टेंट से निकलकर रामलला भव्य मंदिर में विराजेंगे। अयोध्या नगरी का वनवास समाप्त होने जा रहा है।

### नवनियुक्त चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को मिला नियुक्ति पत्र

**हजारीबाग।** सिविल कोर्ट में नवचयनित 102 चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को गुरुवार को नियुक्ति पत्र दिया गया।जिनमे आदेश पाल के लिए 93, दफ्तरी के लिए तीन, चालक के लिए चार, माली के लिए एक और स्वीपर के लिए एक पद पर अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। प्रधान जिला जज सत्य प्रकाश सिन्हा ने इस पूरी बहाली प्रक्रिया में शामिल अपनी पूरी टीम को इसके लिए बधाई दी है और उनके प्रति अपना आभार जताया है। जिनके पूरे एक वर्ष के अथक प्रयास से यह संभव हो पाया है।सिविल कोर्ट निबंधक मोहित ने बताया कि हजारीबाग जिला पहला ऐसा जिला होगा जहां चार दिव्यांग और दो स्पोर्ट्स कोटा समेत एक बिरहोर युवती का चयन किया गया है।

### छावनी फुटबॉल मैदान में मार्च तक मेला नहीं लगे

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंडर 14,अंडर 16 एवं अंडर 19 के सदस्यों ने छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया है। जिसमें बताया है की शहर में लगे बैनर पोस्टर से मालूम हुआ है की छावनी फुटबॉल मैदान में मेला लगने जा रहा है। ज्ञापन में खिलाड़ियों ने बताया की जनवरी से मार्च तक अंडर 14, अंडर 16 और अंडर 19 जिला क्रिकेट लीग के मैच छावनी फुटबॉल ग्राउंड में खेले जाते हैं। ज्ञापन में खिलाड़ियों ने बताया की हमारे घर वालों को काफी उम्मीद होती है की हम सब इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाएं। ऐसे में यदि यहां इस समय मेले का आयोजन होता है तो हम सभी क्रिकेटरों को काफी नुकसान होगा।

# मासीपीढ़ी के घर-घर पहुंचे सदर विधायक बांटा पवित्र पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, श्री अयोध्या धाम से आए निमंत्रण पत्र के रूप में पूजित अक्षत, मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का चित्र और स्नेह निमंत्रण पत्र का गुरुवार को हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 36 स्थित ग्राम मासीपीढ़ी में सदर विधायक मनीष जायसवाल की अगुवाई में घर-घर पहुंचाया गया।इससे पूर्व मासीपीढ़ी चौक पर ग्रामीणों ने भक्तिभाव से श्री रामधुन पर गाजे- बाजे के साथ थिरकते हुए विधायक मनीष जायसवाल का स्वागत किया। तत्पश्चात मासीपीढ़ी मंदिर में अक्षत का पूजन-अर्चन करने के बाद विधायक मनीष जायसवाल ने घर- घर पहुंचकर आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्रीराम लला के मंदिर प्राण- प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक आयोजन को उत्सव के रूप में मनाने, घर- घर सजाने, दीप जलाने एवं मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान का अयोजन करने का अनुरोध किया।इस अभियान में रंजित सिंह, स्थानीय वार्ड पार्षद सह समाजसेवी अविनाश यादव, अमर सिंह, दिलीप यादव, किशोर राणा, रणधीर कुमार, संदीप राणा, धीरज मंडल, अवध मण्डल, सरयू, माईकल, राकेश प्रसाद, कुलदीप कुमार, अनमोल साव, विजय प्रजापति, रघु प्रजापति, राजू प्रजापति, चरका साव, बीरू, विनोद, शंभू, मिकू, कार्तिक, विजय राणा, रविन्द्र कुमार, राजकुमार प्रजापति, पवन कुमार, महेंद्र कुमार, चंदन, सीताराम, विष्णु, अमन, संतोष, नरेश, सूरज, तिलेश्वर, सूरज, मंजू देवी, कौशल्या देवी, नूतन, शिल्पा कुमारी, तान्या कुमारी, अभिलाषा, निकिता, सुमन, अनीता, सबिता, मुनिया, रेणु, बेबी एवं ललिता देवी सहित कई अन्य मौजूद रहें ।

### अबुआ आवास में फर्जी दावा, आपत्ति से प्रखंड प्रशासन परेशान

# फर्जी आपत्ति दर्ज करवाने वाले को बीडीओ ने जमकर लगायी फटकार



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
अबुआ आवास योजना अंतर्गत आपत्ति दावा दर्ज करवाने वाले का स्थल निरीक्षण कर सत्यापन किया जा रहा है। जो बीडीओ सीआर इंदीवार स्वयं कर रहे हैं। गुरुवार को रसोईया धमना और कोनरा पंचायत का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी आवेदनकर्ताओं के घर को बारी बारी से देखा गया साथ ही पूरी जानकारियां भी ली गई, जो दावा के विपरीत पाया गया। बीडीओ ने बताया कि आपत्ति दर्ज करवाने वाले में लगभग लोग अयोग्य है। सभी आवेदनकर्ताओं के पक्का मकान है। साथ ही अबुआ आवास के लिए निर्धारित मापदंड को पूरा नहीं कर रहे है। इस दौरान उन्होंने कई लोगों को झूठा आवेदन देने और साक्ष्य छिपाने के कारण बीडीओ ने लगाई कड़ी फटकार, साथ ही प्रखंड प्रशासन को गुमराह करने वाले और बिचौलियों के खिलाफ आवश्यक कारवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाने की भी बात कही। बीडीओ ने बताया कि निर्धारित तिथि के अंदर प्रखंड के सभी पंचायतों में स्थल सत्यापन कर लिया जायेगा। उनका प्रयास है कि सरकारी योजनाओ को योग्य लाभुक तक पहुंचाया जा सके। इस कार्य में प्रखंड आवास समन्वयक के के भारती ने बीडीओ का सहयोग किया।

## न्यूज बॉक्स

### सूर्यकुंड मेला को लेकर मुखिया ने परिसर व स्नान कुंडो की कराई साफ-सफाई



**बरकट्ठा।** मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले 15 दिवसीय विख्यात सूर्यकुंड मेला को लेकर स्थानीय बेलकपी मुखिया ललीता देवी के द्वारा सूर्यकुंड परिसर एवं स्नान कुंडो का बेहतर तरीके से साफ सफाई कराई गई। उन्होंने लोगों को कुंड एवं परिसर की साफ सफाई रखने की अपील की। वहीं मुखिया ने सूर्यकुंड में अन्य विकास कार्य के लिए पदाधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस धाम का विकास करने के लिए मैं दृढ़ संकल्पित हूं। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग, सहायक अभियंता पप्पू कुमार, कनीय अभियंता सोनू कुमार, झारखंड आन्दोलन कारी सह मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय,पंसस विकास पांडेय, समाजसेवी संजय साव, समाजसेवी नन्दू राणा, ज्ञानदीप पांडेय,नरेश ठाकुर, द्वारिका गोस्वामी, सूरज राणा ,अमर पांडेय, द्वारिका राणा, सोहन राम, प्रदीप राम, सतीश पांडेय, दौलत पांडेय, बब्लू पांडेय, अमित पांडेय, बिरजू साव, बासुदेव मांझी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक, कमेटी का हुआ गठन




**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई की 11 जनवरी को नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 20 और 21 घुटूवा में कमेटी विस्तार के लिए बैठक हुई। अध्यक्षता राजेंद्र बेदिया एवं संचालन दिलीप कुमार महतो ने किया । मौके पर जिला कोर कमेटी के सदस्य राजेंद्र बेदिया ने कहा कि जिन पंचायतों कमेटी का गठन नही हुआ है वहां जल्द कमेटी गठित की जायेगी। उन्होंने कहा कहा कि सभी समुदाय के लोगों को एकजुट होकर जेबीकेएसएस का साथ देने की जरूरत है। झारखंड का विकास जेबीकेएसएस के माध्यम से ही संभव है। कहा की लोगों के हक टाइगर जयराम महतो प्रयास में लगे हुए हैं। टाइगर जयराम महतो के विचारो को जनजन तक पहुंचाना है। कमेटी में संरक्षक राजेश राही, अध्यक्ष सुनील महतो, उपाध्यक्ष मनोज कुमार दास, रईस अहमद सचिव संजय बेदिया,उप सचिव सतीश कुमार रवि, कोषाध्यक्षक मोहन महतो, मीडिया प्रभारी सागर महतो, सन्नी महतो को सर्वसम्मति से बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से गिरी शंकर महतो, राजेंद्र बेदिया, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, श्याम सुंदर महतो,अंजन कुमार महतो, सुरेन्द्र महतो, सुनिल महतो, राजेश महतो, दिलीप महतो, मनोज रविदास, सुनिल कुमार , सतीश चन्द्र दास, सकल दीप महतो, अमर दीप राम, सतीश कुमार आदि उपस्थित थे।

### ढोल मांदर की थाप पर सोहराय पर्व में खूब थिरके मुखिया प्रतिनिधि




**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत चेचकप्पी पंचायत के ग्राम खरियो के टोला अंबाकोला में आदिवासी समुदाय के लोगों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोहराय पर्व धूमधाम से मनाया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव शामिल हुए तथा पर्व में ढोल मांदर की थाप पर लोगों संग खूब थिरके तथा उनका हौसला अफजाई करते हुए ढोल नगाड़े बजाए। उन्होंने पर्व के अवसर पर लोगों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर राजू मांझी, अर्जुन मांझी, रमेश मांझी, गणेश मुर्मू, बुधन मुर्मू, मंगरा मांझी, राजकुमार मांझी, राजेश मांझी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### मेरे खिलाफ षडयंत्र रच रहे हैं अंचलाधिकारी : समाजसेवी अभिषेक



**हजारीबाग ।** झील कैफेटेरिया में समाजसेवी अभि अभिषेक के द्वारा एक प्रेस वार्ता कर उनपर सदर अंचलाधिकारी के द्वारा दर्ज प्राथमिकी को निराधार बताया। कहा कि एक षड्यंत्र के तहत उन्हे फंसाया जा रहा है।बताते चलें कि समाजसेवी अभिषेक ने जनता की समस्याओं को लेकर गत 9 जनवरी को हजारीबाग सदर अंचल में एक दिवसीय भूख हड़ताल की थी जिसकी अनुमति सदर अनुमंडल पदाधिकारी से ले ली गई थी।इसी को लेकर सदर अंचलाधिकारी ने उनके ऊपर सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाने के अलावा कई गंभीर आरोप भी लगाया है।उन्होंने आगे कहा कि सदर अंचलाधिकारी को मेरे द्वारा कॉल किया गया है यह गलत है सात जनवरी को उनके द्वारा ही मेरे नंबर पर व्हाट्सएप कॉल किया गया है । उसमें उन्होंने धमकी के साथ साथ कई सारी अनर्गल बातें भी कही जो कहीं से भी उचित नहीं है,वे न्याय के लिए अपनी लड़ाई जारी रखने के साथ हीं भ्रष्टाचार के खिलाफ भी हमेशा मुखर रहेंगे।

### हजारीबाग यूथ विंग 22 को गौशाला परिसर में करेगा दीप प्रज्वलन का भव्य आयोजन



**हजारीबाग।**
हजारीबाग यूथ विंग की एक बैठक संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन की अध्यक्षता में उनके आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक में बैठक में आगामी 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अयोध्या नगरी में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमित्त हजारीबाग गौशाला परिसर में संध्या बेला में भव्य दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया। इसी के साथ गौशाला के कर्मचारियों के बीच कंबल एवं प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। 13 जनवरी को बड़ा बाजार चौक में सिख समुदाय के नगर कीर्तन का स्वागत किया जाएगा। 14 जनवरी को गौशाला में कार्यरत कर्मचारियों के साथ मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया जाएगा, कर्मचारियों के बीच तिलकुट चूड़ा गुड का वितरण किया जाएगा। मौके पर चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि पूर्व निर्धारित सभी कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से संपन्न होंगे। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, जयप्रकाश खंडेलवाल, प्रमोद खण्डेलवाल,कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, विकाश तिवारी एवं डॉक्टर वी वेंकटेश मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत सौंपा 2 लाख रुपये का चेक



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
शहर के इन्द्रपुरी चौक स्थित झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक की ओर से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत स्व भोला कुमार की बहन गीता कुमारी को क्लेम का चेक दिया गया। इस संबंध में बैंक के रीजनल मैनेजर ने बताया कि सभी खाता धारकों से उनकी अपील है कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में नामांकन जरूर कराएं।बीमा की प्रीमियम राशि काफी न्यूनतम है, जिससे किसी तबके को कोई परेशानी नही होगी।हर वर्ष प्रीमियम राशि बैंक खाता धारक के लिंक किये खाते से ऑटो डेबिट के माध्यम से बीमा की राशि जमा हो जाएगी। जिसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख की बीमा राशि का भुगतान चेक के माध्यम से किया गया। बता दें कि गीता कुमारी के भाई स्व भोला कुमार की मृत्यु बीते 29 जुलाई 2022 को हो गई थी। शाखा प्रबंधक देवेन्द्र कुमार ने मृतक के परिवार के साथ सदैव तत्पर रहकर क्लेम का निपटारा किया गया। श्री देवेंद्र ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि 20 रुपये का एक्सीडेंटल बीमा और 436 रुपए सालाना बीमा योजना का लाभ हर एक खाता धारक को जरूर लेना चाहिए।मौके पर बैंक के रीजनल मैनेजर एमसी पॉल, शाखा प्रबंधक देवेंद्र कुमार, राधे श्याम सिंह, पल्लवी कुमारी, मनीषा कुमारी, प्रभु नारायण, सहित सभी बैंक कर्मी मौजूद रहे।

### दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन

रामगढ़। राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन भी विभिन्न विभागों के विधार्थियो ने खेल में शानदार प्रदर्शन किया तथा सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि हमे आपकी उपलब्धियों पर गर्व है और हम उम्मीद करते हैं की आप अगले वर्ष भी ऐसे ही उत्साह के साथ विभिन्न खेलो में हिस्सा लेंगे। कुलपति प्रो. (डॉ.) शुक्ला मोहंती ने विभिन्न खेलो में भाग लेने वाले विधार्थियो को बधाई देते हुए कहा की हम आपकी खेल भावना से उत्साहित है तथा आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। राधा गोविन्द शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी ने सभी विजेताओ को बधाई दी। कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने वार्षिक खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में कहा की दो दिवसीय खेल दिवस में खेल भावना व उत्साह अपनी चरण सीमा पर था ।

# नीतीश की जोहार यात्रा के लिए जदयू महिला ब्रिगेड भी हैं तैयार



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष खुशबू कुमारी ने आगामी 21 जनवरी को रामगढ़ में प्रस्तावित नीतीश जोहार कार्यक्रम में महिलाओं की दमदार उपस्थिति के लिए जिले के कई पंचायत का दौरा कर कार्यक्रम संबंधी जानकारी सभी को देते हुए आगामी 21 जनवरी को रामगढ़ चलो का नारा बुलंद किया।ज्ञातव्य हो कि आगामी 21 जनवरी को रामगढ़ के फुटबॉल मैदान में जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आगमन होने जा रहा है सभा में दमदार उपस्थिति के लिए जिले के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता में नया जोश है। महिला नेत्री के पंचायत के दौरे के क्रम में सदर प्रखंड के बड़ासी पंचायत में संजू देवी, रुक्मिणी देवी , देवंती देवी, सुखिया देवी, रोहिणी रीना देवी, पूनम देवी, बसंती देवी, काजल देवी,संगीता देवी, धनेश्वरी देवी, लक्ष्मी देवी सहित कई अन्य उपस्थित रही।

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन का मनाया गया 80वां जन्मदिन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 80वां जन्मदिन गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय हीरा बाग चौक में हर्षोल्लास मनाया गया इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिला संयोजक मंडली,नगर संयोजक मंडली, प्रखंड व पंचायत स्तरीय नेता व कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इस अवसर पर केक काटकर शिबू सोरेन को जन्मदिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य कमल नयन सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बताया कि झारखंड के जनक दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्म 11 जनवरी 1944 को रामगढ़ जिला के नेमरा गांव में हुआ था। झारखंड अलग राज्य के निर्माण में शिबू सोरेन की महत्वपूर्ण भूमिका है। अपने राजनीतिक जीवन में उन्होंने मुखर होकर झारखंड के आदिवासियों और मुल वासियों के अधिकार की लड़ाई लड़ी और झारखंडियों को अलग पहचान दिलाई। मौके पर नीलकंठ महतो, दिलीप वर्मा, महेंद्र, राम देवानंद कुमार, कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र बांडो, उपाध्यक्ष संजय कुमार रविदास, समेत झामुमो के कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जन-जन कंप्यूटर साक्षरता अभियान संस्था ने छात्रों को दिया लैपटॉप



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
जन जन कंप्यूटर साक्षरता अभियान संस्था के तहत 2023-24 बैच के छात्र छात्राओं को संस्था के तरफ से कोर आई 7 प्रोसेसर का लेनोवो कंपनी का लैपटॉप दिया गया। मौके पर संस्था के निदेशक दिलीप कुमार ने कहा कि हमारे संस्था में कुल 163 छात्र छात्राएं है जो लगभग सभी को एक वर्ष का कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जा है। उन्होंने बताया हमारी पहली प्राथमिकता सभी गरीब ग्रामीण लोगों को इस संस्था से जोड़ने और प्रत्येक घरों में कंप्यूटर साक्षरता अभियान का अलख जगाना है। संस्था का 3 टीडी बैच का क्लास 1 मार्च से शुरू किया जा रहा है इसमें से उन छात्र छात्राओं के लिए है जो एग्जाम देने के बाद लगभग 3 महीने का समय घर में बीता देते हैं। इसलिए उनके लिए शॉर्ट टर्म कोर्स जो 3 महीने में कम फीस में कंप्यूटर ज्ञान से अवगत कर सरकार के सर्टिफिकेट से नवाजा जाएगा। दिलीप कुमार नायक ने कहा कि आने वाले समय में प्रत्येक पंचायत में संस्था द्वारा कम्प्यूटर की शिक्षा देने पर विचार किया जा रहा है। ताकि जो बच्चे अभी प्रखंड के गैड़ा, मासीपीढी, बरवां, सलैया, कोनहरा कला आदि जगहों से ठंडी में शिक्षा ग्रहण करने बरकट्ठा आते हैं उन्हें घर के समीप में ये शिक्षा मिले। मौके पर बैंक ऑफ इंडिया बरकट्ठा शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार ने स्टूडेंट आईडी के तहत लगभग 43 बच्चों के बीच आगे का बेहतर प्रयोग के लिए लैपटॉप वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के प्रधानाध्यापिका रानी कुमारी, काउंसलर कम शिक्षिका स्नेहा बर्नवाल, लैब इंस्ट्रक्टर अभिषेक कुमार ,संस्था के मीडिया प्रभारी ईश्वर यादव, सुपरवाइजर रंजना कुमारी, विनोद कुमार, क्रांति देवी, प्रिया गुप्ता, बंटी कुमार आदि लोगों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# पबरा पहुंचे सदर विधायक ,मायापुर मंदिर समेत दो जर्जर पुलों का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर विधायक मनीष जायसवाल ने गुरुवार को कटकमसांडी प्रखंड के पबरा पंचायत का सघन दौरा किया। दौरे की शुरूआत ग्राम मायापुर से की। जहां श्री जायसवाल का मायापुर चौक पर भव्य स्वागत किया गया।तत्पश्चात वे मायापुर गांव के प्राचीन मंदिर प्रांगण पहुंचे जहां नवनिर्मित मंदिर का निरीक्षण करते हुए जल्द ही नवनिर्मित मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु टाइल्स भेंट करने और इसके अलावे मंदिर परिसर में पेभर ब्लॉक लगाने,एक आकर्षक तोरणद्वार एवं छठ घाट निर्माण हेतु जल्द प्रयास की बात कही।उन्होंने कहा कि आपकी सबसे महत्ती जरूरत पेलावल से पबरा तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास हो गया है, जल्द ही काम चालू हो जायेगा। उन्होंने पबरा के दो जर्जर पुलों का स्थल निरीक्षण ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के एसडीओ विजय कुमार राय और कनीय अभियन्ता रूस्तम आजाद के साथ किया एवं जल्द ही इन दोनों पुलों के निर्माण की दिशा में विभागीय कार्रवाई आगे बढ़ाने का निर्देश भी दिया। इन पुलों में एक तारा नदी पुल और दूसरा सिवाने नदी पुल है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, पूर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता, पबरा मुखिया सोनी देवी, पबरा पंसस छोटनी देवी, लूपुंग के पूर्व मुखिया दिलीप कुमार रवि, रामू राम, रिंकू राम, धनुषधारी मेहता, सचिन मेहता, बैजनाथ मेहता, रंजीत रजक, निर्मल महतो, सरयू राम, प्रयाग पासवान, महेश महतो, आनंद मेहता, उदय राम, वकील राम, इंद्रदेव राम, खुशीयाल राम, शंकर राणा, टेकलाल महतो, धनु राम, अनुराग मित्तल समेत मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी मौजूद रहें ।

### 14 से 30 जनवरी तक सूर्यकुंड में मेले का होगा आयोजन

**बरकट्ठा।** जीटी रोड चोरदाहा चौपारण से गोरहर तक सड़क चौड़ी करण का कार्य जारी है। सड़क निर्माण कार्य राजकेशरी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा की जा रही है। निर्माण के दौरान कई स्थानों पर कार्य अधूरी कर छोड़ दी गई है, जिसके कारण आए दिन हादसा होते रहते हैं। वहीं कम्पनी द्वारा गोरहर थाना के समीप,कोनहरा, महाबर मोड़ में ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य कछुए की गति से किया जा रहा है। जहां सड़क को वन वे कर दी गई है। सुरक्षा को लेकर सड़क निर्माण एंजेसी के द्वारा स्पीड नियंत्रक या अन्य सावधानी को लेकर कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है। सड़क वन वे होन के कारण लगातार दुर्घटना में वृद्धि हो रही है। गुरुवार को धनबाद की ओर आ रही मसूर दाल लदा ट्रक गोरहर थाना के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रक संख्या यूपी 78 डीटी 7442 है। इस हादसे में चालक बाल बाल बच गया।

## स्वयंसेवक सामाजिक सौहार्द बनाने का काम करें : डॉ बालेश्वर सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** केंद्रीय युवा खेल मंत्रालय के तत्वाधान में संत कोलंबस कॉलेज की ओर से हजारीबाग के सखिया पंचायत में राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर चल रहा है। इस दौरान एनएसएस के स्वयं सेवक ग्रामीण परिवेश की जानकारियां इकट्ठा कर रहे है। जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्रोफेसर सह कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ जयप्रकाश रविदास ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश ग्रामीणों के क्रिया कलाप, गांव में उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं, सरकार के द्वारा क्रियान्वित या चल रहे योजनाओं का अध्ययन करना है।साथ ही गांव के विकास में और किस प्रकार के योजनाएं सहायक हो सकते है जैसे विभिन्न विन्दुओं पर गहनता से अध्ययन किया जा रहा है। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को स्वस्थ और अनुशासित रहने के लिए योगासन, व्यायाम सहित विभिन्न विषयों पर आधारित वाद विवाद, प्रतियोगिता आदि भी नियमित कराए जा रहे है। छठे दिन के शिक्षण सत्र की अनु शर्मा की अध्यक्षता ने प्रारंभ हुआ। जिसमें वीबीयू के पूर्व छात्र कल्याण के संकायाध्यक्ष व पूर्व प्राचार्य डॉ बालेश्वर सिंह पंचायती राज व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस दौरान उन्होंने पंचायती राज के त्रिस्तरीय व्यवस्था के तहत ग्राम पंचायत, प्रखंड स्तर और जिला स्तर के व्यवस्थाओं, गठन और चुनाव प्रक्रिया को विस्तार से बताया।

## एक नजर

### सिमडेगा महिला थाना ने फरार, वारंटी के घर में चिपकाया इश्तहार



**सिमडेगा।** सिमडेगा महिला थाना की पुलिस ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बिरकेरा नवा टोली गांव के विल्सन डूंगडुग के घर पर गुरुवार को ढोल-नगाड़े के साथ इश्तिहार चिपकाया। बता दें कि अभियुक्त विल्सन डूंगडुग के विरुद्ध सिमडेगा महिला थाना में दुष्कर्म का मामला दर्ज था। इस दौरान थाना प्रभारी ललिता सोरेन ने बताया कि अभियुक्त विल्सन डूंगडुग काफी दिनों से फरार चल रहा है। गुरुवार को उनके आवास पर इश्तिहार चिपकाया गया है। यदि एक माह के अंदर अपने आप को आत्म समर्पण नही किया, तो अभियुक्त के विरुद्ध कुर्की वारंट जारी किया जाएगा।

### झामुमो जिला समिति ने मनाया दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 80 वां जन्मदिन



**सिमडेगा।** गुरुवार को स्थानीय वन विश्रामागार में दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 80 वां जन्म दिन जिला तथा तथा प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी की उपस्थिति में मनाया गया।मौके पर जन्मदिन का केक जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना एवं जिला सचिव मो सफीक खान द्वारा काटकर हर्षोल्लास के साथ तालिया के गड़गड़ाहट से गुरूजी शिबू सोरेन जियो हजारों साल के गानों की धुन पर मनाया। मौके पर कंबल वितरित किया गया ।एवं अस्पताल में मरीजो के बीच फल का वितरण किया। जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिबू सोरेन के संघर्ष का नतीजा ही जो हम लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा के साया में अलग झारखंड राज्य के सपनों को साकार कर जीवन व्यतीत कर रहे हैं। सचिव मो सफीक खान ने कहा गुरूजी शिबू सोरेन के अलग झारखण्ड का सपना और इस राज्य का सर्वांगीण विकास ही गुरूजी का सपना है और था।

### बोलबा में वीर शहीद तेलेंगा खड़िया के मूर्ति का अनावरण 21 को

**बोलबा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित वीर शहीद तेलेंगा खड़िया के स्टेच्यू का अनावरण आगामी 21 जनवरी को होगी । इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि सह बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के प्रखण्ड अध्यक्ष संजय कुजूर ने बताया कि बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय के मार्केट कांप्लेक्स के पास वीर शहीद तेलेंगा खड़िया के स्टेचू का अनावरण 21 जनवरी को 10:30 बजे किया जाएगा । उन्होंने बताया कि इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधानसभा के विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी एवं खड़िया ढोकलाम समाज के जिला अध्यक्ष मतियस कुल्लू मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे ।

### वन अधिकार अधिनियम कार्यशाला में पहुंचे केंद्रीय मंत्री अंर्जुन मुंडा

**सिमडेगा।** भारत सरकार के केन्द्रीय, जनजातीय कार्य एवं कृषि और किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुण्डा ने सिमडेगा कॉलेज ऑडिटोरियम पहुंच वन अधिकार अधिनियम कार्यशाला -सह- प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में लोगो को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने वन अधिकार अधिनियम कानून की जरूरत और इसके महत्व को बताते हुए कहा कि जनजातीय समुदाय को पहचान दिलाने के लिए वन अधिकार अधिनियम के माध्यम से वन पट्टा दिया जाना है। जंगल के महत्व को उन्होंने सभी उपस्थित लोगो को बड़े ही रोचक ढंग से बताया। सरकार के द्वारा आदिवासियों के हक एवम समृद्धि के लिए किए जा रहे प्रयासों को भी साझा किया।मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सरस्वती कच्छप अन्य पदाधिकारीगण एवं कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।


# युवाओं और आज के बच्चों के बल पर भारत को बनाएंगे विकसित राष्ट्र : अर्जुन मुंडा



**गांव स्तर तक इन सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हो यह गांव वालों को जागरुक होकर देखना है**

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा सदर प्रखंड के खिजरी ब्रिलियंट स्कूल परिसर में गुरुवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर केंद्रीय आदिवासी जनजातीय मंत्रालय सह कृषि मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। मौके पर मंच पर सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह ,पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।सर्वप्रथम केंद्रीय मंत्री द्वारा जनप्रतिनिधियों अधिकारियों एवं ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने, गुलामी की मानसिकता से निकलने का संकल्प दिलाया ।मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार अनेक जन कल्याणकारी योजना चल रही है। जिसका लाभ हम सबों को उठाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प है कि आप सबों के माध्यम से 2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प है ।आज प्रधानमंत्री आवास योजना उज्ज्वला योजना ,आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि ,मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, हर घर नल योजना जैसे अनेक योजना के माध्यम से जनता उन्नति की राह पर चल चुकी है और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प ले चुकी है। सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को जागरूक होना होगा।आज के युवाओं एवं बच्चों के बल पर हम भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाएंगे। प्रधानमंत्री का सपना है विकसित भारत का देश जन भागीदारी के साथ आगे बढ़ाना है ।गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलना है उन्होंने कहा भारत की दंड संहिता के बदले न्याय संहिता के माध्यम से हर किसी को न्याय मिले यह मोदी जी का सपना है । सिमडेगा एवं खूंटी लोकसभा की जनता को गर्व होना चाहिए की बिरसा मुंडा की धरती की मिट्टी को अपने माथे पर लगाकर प्रधानमंत्री जी ने पूरे भारत को आवाहन किया कि हमें मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। झारखंड के सभी ब्लॉक जनजातीय मंत्रालय के द्वारा एकलव्य विद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है।

# भैरव बाबा पहाड़ी में कल से धार्मिक कार्यक्रम व मेला का होगा आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
मकर संक्रांति पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में बहुत उत्साह है। संक्रांति के मौके पर जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर सिमडेगा-रांची मार्ग पर स्थित भैरव धाम मंदिर फूलवाटाँगर को सजाया संवारा गया है ।मकर संक्रांति पर 13 जनवरी एवं 14 को लगने वाले मेले में हजारों लोग जुटेंगे तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। अखंड हरिकीर्तन में भी कई समितियां शामिल होंगी। बताया बताया गया की 13 जनवरी को यहां पर 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन प्रारंभ होगा जो की 14 जनवरी तक ।पहाड़ के बीच चट्टानों से बनी भैरव बाबा की मुखाकृति को भी संवारा गया है। गांव के दो नौजवान अपनी जान हथेली पर रखकर रस्सियों के सहारे लटकते हुए पहाड़ पर बनी भैरव बाबा की मुखाकृति को रंग भरा है। बाबा के चेहरे का आकार इतना विशाल है कि रंग करने के क्रम में दोनों कलाकार उनके होठों पर खड़े होकर रंग भरते नजर आए। भैरव बाबा मंदिर की समिति 2003 में गठित हुई थी तथा समिति में जाति-धर्म का भेद नहीं रखते हुए सभी धर्मों के लोगों को पदधारी बनाया जाता रहा है। धाम में भगवान महादेव, भगवान गणेश, बजरंग बली, मां वैष्णव देवी की प्रतिमाएं स्थापित हैं। गुफाओं के भीतर काफी स्थान है और गुफाओं में एक साथ सौ श्रद्धालु बैठ सकते हैं। समिति के घनश्याम सिंह ने बताया कि भैरव बाबा मंदिर तक पहुंच पथ पक्का नहीं होने तथा सामुदायिक भवन नहीं बनने को लेकर स्थानीय ग्रामीण को नाराजगी है। लोगों की मांग है कि पथ के अलावा डीप बोरिंग, शौचालय, सोलर लाइटिंग और रसोई का निर्माण यहां कराया जाना चाहिए। हालांकि पूर्व विधायक विमला प्रधान द्वारा यहाँ कीर्तन शेड एवं फिलहाल में कुछ दूर तक पीसीसी पथ बनाया गया वही वहां पर बिजली पानी आदि सभी प्रकार की सुविधा समिति की ओर से आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है।

# पुलिस व नेहरू युवा केंद्र ने शुरू किया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा पुलिस और नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत 11 से 17 जनवरी तक सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के पहले दिन गुरुवार को नेहरू युवा केंद्र के युवाओं के लिए पुलिस लाइन सिमडेगा के सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार द्वारा युवाओं को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देकर की गई। तत्पश्चात जिला सड़क सुरक्षा कोषांग के नितेश कुमार ने युवाओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित सड़क सुरक्षा के नियमों, सड़क दुर्घटना के मुख्य कारणों, इससे बचाव के तरीकों और मोटर वाहन अधिनियम सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने साथ ही युवाओं को किशोरावस्था में सड़क सुरक्षा से संबंधित धाराओं और सड़क सुरक्षा में लापरवाही पर लगाए जाने वाले जुमार्ने से भी अवगत कराया। इसके बाद यातायात परिचारी रवि शंकर सिंह ने युवाओं को सड़क सुरक्षा विषय के महत्व के बारे में जागरूक किया। मौके पर सड़क सुरक्षा के अजित कुमार रवि, संजय पान, अनुराधा, सौरव, सुषमा सहित जिले के विभिन्न युवा मंडल से आए युवा उपस्थित रहे।

# स्वच्छता के बिना अच्छे स्वास्थ्य की कल्पना करना बेमानी : प्राचार्य



नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा
जवाहर नवोदय विद्यालय की ओर से गुरुवार को राजकीय कन्या उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय कोलेबिरा में पेस सेटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेएनवी की ओर से कोलेबिरा प्रखंड के राजकीय कन्या उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय को स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई के लिए कूड़ादान, झाड़ू, फिनाइल, स्टिक मॉप, टॉयलेट ब्रश, ब्लीचिंग पाउडर आदि सामग्रियां प्रदान की गईं। इस मौके पर जेएनवी के प्राचार्य बीपी गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता के बिना अच्छे स्वास्थ्य की कल्पना करना बेमानी है। उन्होंने कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों के बीच कॉपी का वितरण करते हुए कहा कि वे पूरी तत्परता और मनोयोग से जेएनवीएसटी प्रवेश परीक्षा की तैयारी करें जिससे कि उन्हें भी जेएनवी में अध्ययन का मौका मिल सके। उन्होंने जेएनवी की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। विद्यालय प्रांगण में छात्राओं के अनुशासन को देखते हुए प्राचार्य बीपी गुप्ता ने राजकीय कन्या उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका आशा किरण सुधा तथा वहां की शिक्षिकाओं की खूब प्रशंसा की।

# तिलकुट की सोंधी सुगंध से सुवासित हुआ सिमडेगा शहर, 15 को मकर सक्रांति

**विकास साहु, सिमडेगा**



सिमडेगा में मकर संक्रांति पर्व से ही बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। लोग मकर संक्रांति की तैयारी में जुट चुके हैं वहीं सिमडेगा शहरी क्षेत्र के हृदय स्थली महावीर चौक पर तिलकुट की बाजार सजी रही शहर की फिजा में तिलकुट की सोंधी खुशबू घुल रही है। बाजार में तिलकुट की कई वेराइटी उपलब्ध हैं. इसके अलावा बासमती व कतरनी चूड़ा, गजक, लाई, बादाम पट्टी, तिल पट्टी, तिल लड्डू, घेवर आदि की भी बिक्री हो रही है. बाजार में तिलकुट 260 से लेकर 300 रुपये किलो मिल रहा है। वहीं मकर संक्रांति को लेकर लोगों ने अभी से ही दूध व दही की एडवांस बुकिंग शुरू कर दी है। इधर मकर संक्रांति को लेकर कुछ दिन पूर्व से ही घरों में लाई बनाने से लेकर अन्य कुछ तैयार करने का सिलसिला शुरू हो गया था। हर साल मकर संक्रांति का त्योहार 14 जनवरी को मनाया जाता है। लेकिन इस बार मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा। इस वर्ष ग्रहों की दिशा में बदलाव के मद्देनजर मकर संक्रांति की तिथि में बदलाव हुआ है । मकर संक्रांति के दिन स्नान और दान करने का शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 7 मिनट से सुबह 8 बजकर 12 मिनट तक है। इसके अलावा पुण्यकाल में मकर संक्रांति की पूजा-अर्चना करना बेहद फलदायी होता है। इस दिन पुण्यकाल का समय सुबह 7 बजकर 15 मिनट से शाम 6 बजकर 21 मिनट तक है। महा पुण्यकाल दोपहर 12 बजकर 15 मिनट से रात 9 बजकर 6 मिनट तक है। मकर संक्रांति के दिन सिमडेगा जिला भर में रामरेखा धाम, शंख नदी सहित सभी जगहों पर संक्रांति का स्नान दान शुरू हो जायेगा। इस दिन गंगा समेत अन्य नदियों व तालाबों में स्नान का विशेष महत्व है मकर इस दिन चावल, दाल, द्रव्य, लाई, तिल, चूड़ा, तिलकुट, दही, सब्जी, कपड़ा, कंबल, घी आदि दान कर सकते हैं।

## सिमडेगा से शुरू हुए 'सीटी बजाओ अभियान' की गूंज पूरे राज्य में गूंजी

# उपायुक्त ने सीटी बजाकर अभियान का शुभारंभ किया



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के निर्देश पर शिक्षा विभाग सिमडेगा द्वारा विभिन्न स्कूलों में गुरुवार को सीटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के जरिए स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने और ड्रॉप आउट बच्चों को वापस लाने का प्रयास किया गया है। जिसके तहत स्कूली बच्चों द्वारा गली मोहल्ले में जाकर सीटी बजाकर बच्चों को विद्यालय जाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसी क्रम में उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंगरु, सिमडेगा पहुंचकर 'सिटी बजाओ' उपस्थित बढ़ाओ' इस अभियान की सीटी बजाकर शुरूआत किए।सिमडेगा के एक छोटे से स्कूल से शुरू हुए सिटी बजाओ उपस्थित बढ़ाओ, कार्यक्रम को एक अभियान के रूप में सिमडेगा शिक्षा विभाग के द्वारा पूरे जिले में चलाया गया। जिसकी सफलता को देखते हुए राज्य सरकार ने पूरे राज्य में सिटी बजाओ स्कूल बुलाओ अभियान की शुरूआत 11 जनवरी से की है। इसके साथ हीं पूरे जिले के सभी गांव के सभी बच्चें सीटी बजाते हुए अपने स्कूल तक पहुंचे। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि बच्चों को स्कूल तक लाने में सिमडेगा से शुरू हुआ यह अभियान काफी सफल रहा है। सिमडेगा से शुरू हुआ यह अभियान आज राज्य के सभी हिस्सों तक पंहुच गया है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से यह अभियान पूरे देश में पहुंचेगी और इसकी सफलता की गूंज और प्रधानमंत्री के मन की बात तक भी पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि सिटी की गूंज सभी के मन की बात बन जाए और जब ये होगा तो ये गूंज पीएम की मन की बात बन जायेगी। जिससे देश के हर कोने में सिटी बजाकर बच्चों को स्कुल लाया जा सकेगा। बता दें कि सिमडेगा के सिकारियाटांड स्कूल से शुरू हुए प्रयोग की सफलता के बाद जिले के इस अभियान को सबसे पहले सिमडेगा में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था। जिले में इसके सकारात्मक परिणाम को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने पूरे राज्य में इस अभियान को ह्यसीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ अभियान के रूप में शुरू करने का फैसला लिया। यह अभियान देखते ही देखते राज्य के सभी जिलों में शुरू हो गया, जिसके परिणाम स्वरूप स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति पहले से बढ़ी है, साथ ही उनके अंदर नेतृत्व कौशल का भी विकास हो रहा है। पहले बच्चों द्वारा गलत जानकारी या स्कूल बंद होने की जानकारी देकर स्कूल नहीं जाने का बहाना बनाया जाता था।

## चिरोपानी गांव पहुंचा जंगली हाथियों का झुंड

# हाथियों की दहशत से ग्रामीण परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
जंगली हाथी के आतंक और उत्पात से ग्रामीण परेशान है। जलडेगा प्रखंड के चीरोपानी गांव में हाथियों के दहशत से ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों की परेशानी देख झापा नेता संदेश एक्का गांव पहुंचे और गांव में डेरा डालें हाथियों को खदेड़ने का कार्य शुरू किया। झापा नेता ग्रामीणों के साथ मिलकर हाथियों को जंगल की ओर भागने का प्रयास कर रहे हैं। इधर झापा नेता संदेश एक्का ने हाथी भागने वाले ग्रामीणों के लिए जंगल में ही नाश्ते एवं भोजन का भी प्रबंध किया ताकि किसी को कोई परेशानी ना हो। उन्होंने वन विभाग के पदधारियो से ग्रामीणों को हुए नुकसान का मुआवजा देने की भी अपील की। झापा नेता ने वन विभाग पर लापरवाही का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कई बार सूचना देने के बावजूद वन विभाग के कर्मी और अधिकारी हाथियों को बढ़ाने के लिए नहीं आ रहे हैं, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहां की जिले के वरीय अधिकारी मामले पर संज्ञान लेते हुए वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मियों को स्पष्ट दिशा निर्देश देने का कार्य करें ताकि ग्रामीणों को हाथियों के कारण हो रहे नुकसान से निजात मिल सके। कहा कि जलडेगा, ठेठईटांगर, बानो, बोलबा, बांसजोर आदि प्रखंड के गांव हाथी के आतंक के कारण दहशत में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी ग्रामीण के सहयोग के लिए 24 घंटे तैयार है। इधर झापा नेता के सहयोग पर ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया है।

## न्यूज बॉक्स

### बानो के बेड़ाहोंन्जेर में सद्भावना हॉकी मैच का आयोजन



**बानो।** प्रखण्ड के बेड़ाहोंन्जेर स्कूल मैदान में सद्भावना हॉकी मैच का आयोजन किया गया। हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला परिषद बिरजो कंडुलना ने खेलाडियो से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में रायबेड़ा की टीम बुरुहोंजर को 1-0से हराकर विजेता बना ममौके पर जिला परिसद बिरजो कंडुलना ने कहा खेल को आपसी सद्भाव के साथ खेले ।खेल के माध्यम से आपसी मेल जोल बढ़ता है ।आज आप खेल के माध्यम से अपना जीवन सवार सकते हैं ।मौके पर समिति के अध्यक्ष हरदुगन बारला ,नमन गुड़िया ,सिबलन गुड़िया आदि लोग उपस्थित थे।

### बानो प्रखंड में एफएलएन के अंतिम बैच का प्रशिक्षण हुआ समाप्त



**बानो।** प्रखंड के रा म विद्यालय बानो में चल रहे चार दिवसीय गैर आवासीय एफएलएन प्रशिक्षण का गुरुवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण में आधारभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान की जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में भाषा एवं गणित को गतिविधि आधारित शिक्षण देने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण में टीएम निर्माण, पाठ योजना निर्माण, बच्चों का मूल्यांकन कैसे हो, हमारी कक्षा कैसी हो कैसे हम गतिविधि आधारित पढ़ाएं,आदि पर विशेष जानकारी दी गई ।प्रशिक्षण में सभी प्रशिछु शिक्षकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा अपने कार्य क्षमता को बढ़ाने का काम किया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में केदारनाथ सिंह, ओम प्रकाश ओहदार ,आशीष चंद्रा, संध्या सिंह एवं प्रेम किशोर नायक मुख्य भूमिका निभा रहे थे ।साथ ही कार्यक्रम का देखरेख प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी निर्मला लिंडा नेतृत्व में हुई ।

### कोलेबिरा में चार दिवसीय गैर आवासीय एफएलएन प्रशिक्षण का किया गया समापन



**कोलेबिरा।** प्रखंड के सरकारी विद्यालय के शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 3से 8 वर्ष के आयु वर्ग के सभी बच्चों को भाषा एवं गणित का समझ के साथ शिक्षा प्रदान करना हैं। कार्यक्रम का समापन पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विकाश शरण ने प्रशिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा सभी शिक्षक शिक्षक शिक्षिकाएं प्रशिक्षण का लाभ लें एवं इसे विद्यालय स्तर पर भी बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कार्यक्रम के रुपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा- जब हमारे विद्यालय के सभी बच्चे बुनियादी भाषा एवं संख्यानात्मक ज्ञान प्राप्त करे तब ही हमलोग सफल होंगे मौके पर मास्टर ट्रेनर जेम्स वाल्टर लकड़ा ,अभिषेक शर्मा ,अफरोज अंसारी, चंद्रनाथ भगत रहे वही कार्यक्रम में प्रथम एजुकेशन के कीर्ति राज साहु, सिनी टाटा ट्रस्ट संस्था से सुदामा महतो ,सुमी कच्छप ,आरती कुमारी ,जयप्रकाश सिंह प्रमोद भगत थैरेपिस्ट बीआरपी सीआरपी समीर बा रेनू तिग्गा, नकुल चंद्र महतो ,पाबरेन बेक आदि उपस्थित थे।

### विधायक भूषण बाड़ा के पहल पर गांव पहुंचा मजदूर प्रफुल्ल का शव, ग्रामीणों ने जताया आभार



**सिमडेगा।** काम की तलाश में गोवा जाने के क्रम में महाराष्ट्र में फांसी के फंदे में झूलते मिले मजदूर प्रफुल्ल टोप्पो का शव देर रात विधायक भूषण बाड़ा के पहल पर पालेडीह के महकुर टोली गांव पहुंचा। जहां मृतक के शव का दफन क्रिया सम्पन्न हुआ। उनका शव गांव पहुंचते ही पूरा गांव उमड़ पड़ा। सभी के आंखों में गांव के जवान बेटे को खोने के गम साफ साफ दिख रहा था। इधर मजदूर का शव गांव पहुंचने पर न सिर्फ मृतक मजदूर के परिजन बल्कि गांव के सभी लोगों के विधायक भूषण बाड़ा के प्रति आभार जताया। ग्रामीणों का कहना था कि अगर विधायक भूषण बाड़ा पहल नहीं किये रहते तो वे लोग मजदूर का शव गांव नहीं ला पाते। विधायक ने मानवता का जो परिचय दिया है वह काबिले तारीफ है। ग्रामीणों ने कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष अजित लकड़ा के प्रति भी आभार जताते हुए कहा कि अजित लकड़ा ने विधायक तक सूचना पहुंचाते हुए हर पल शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़े रहे।

### विधायक के प्रयास से स्कूल जा रही बच्ची को मिला मोजा-जूता



**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के पहल पर जानकारी मिलने के महज कुछ घंटे के अंदर ही एक बच्ची अनुष्का कुमारी का सहयोग किया गया। विधायक के निर्देश पर पीसीसी डेलीगेट सह विधायक प्रतिनिधि प्रदीप केसरी और जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन ने राउवि तामड़ा पंहुच बच्ची को मोजा और जुती पहनाया। साथ ही आगे भी बच्ची के साथ खड़ा रहने का भरोसा जताया। बच्ची तक मदद पहुंचाने में 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल का भी योगदान रहा। विधायक ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से बच्ची तामड़ा महतो टोली निवासी अनुष्का सिटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम में खाली पैर चलते हुए दिख रही थी। इसके बाद बच्ची के बारे जानकारी लेते हुए उनके पिता सुरेंद्र लोहरा से सम्पर्क किया गया। सुरेंद्र ने बताया कि उनकी बेटी के पास जुती नहीं है। इसके बाद बेटी के पास जुटी पहुंचाया गया। विधायक ने बताया कि सुरेंद्र का परिवार काफी गरीब है। उनका हरा राशन कार्ड बना है। जिनका लाल कार्ड भी बनवाना जाएगा।

# कुड़मी की हुंकार महारैली होगी ऐतिहासिक : शीतल ओहदार



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
डुमरी में टोटेमिक कुड़मी/कुरमी (महतो) समाज की एक बैठक गुरूवार को पंचायत सचिवालय जामतारा के सभागार में हुई।

इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बासुदेव महतो व संचालन केन्द्रीय महासचिव रामचन्द्र महतो ने किया।बैठक में कुड़मी हुंकार महारैली की तैयारी पर चर्चा हुआ। अपने संबोधन में टोटेमिक कुड़मी/कुरमी (महतो) समाज के मुख्य संयोजक शीतल ओहदार ने कहा कि कुड़मी/कुरमी महतो जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सुचिवद्ध करने और कुड़माली भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर आगामी 18 फरवरी 2024 को मोरहाबादी मैदान रांची में कुड़मी हूंकार महारैली का आयोजन किया गया है। जिसमें लाखों की संख्या में कुड़मी समाज के लोग अपने पारंपरिक वेशभूषा, अपने पारंपरिक नाच-गाना जैसे छऊ नाच, झुमर नाच,पता नाच, नटुवा नाच, घोड़ा नाच एवं गाजा-बाजा के साथ शामिल होंगे जिसकी ग्राम स्तर पर वृहद रूप में तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि कुड़मी समाज के ऊपर चौतरफा हमला हो रहा है। समाज 73 वर्षों से अपने पहचान और संवैधानिक अधिकार से वंचित हैं किंतु युवा वर्ग अपने अधिकार के प्रति सजग हो गये हैं इसलिए अब आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। उन्होंने कुड़मी सांसदों से भी आग्रह किया है कि अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग को जोरदार तरीके से उठाना चाहिए। उन्होंने कुड़मी के इतिहास की जानकारी देते हुए कहा की 3 मई 1913 को प्रकाशित इंडिया गजट नोटिफिकेशन नंबर 550 में ओबरिजिनल एनीमिस्ट मानते हुए छोटा नागपुर के कुड़मीयों को अन्य आदिवासियों के साथ भारतीय उत्तराधिकार कानून 1865 के प्रधानों से मुक्त रखा गया तथा 16 दिसंबर 1931 को प्रकाशित बिहार,उड़ीसा गजट नोटिफिकेशन नंबर 49 पटना में भी साफ-साफ उल्लेख किया गया कि बिहार, उड़ीसा में निवास करने वाले मुंडा, उरांव, संथाल, हो भूमिज, खड़िया, घासी, गोंड़, कांध कोरवा, कुड़मी, माल सौरिया और पान को प्रिमिटिव ट्राइब मानते हुए भारतीय उत्तराधिकार कानून 1925 से मुक्त रखा गया।

## जल मीनार से हुई सोलर प्लेट की चोरी, प्राथमिकी के लिए दिया आवेदन



**बरही।** जल नल योजना कंस्ट्रक्शन विभाग के सुपरवाइजर अभिषेक कुमार ने जलमीनार पर लगाए गए सोलर प्लेट की चोरी से संबंधित थाना में आवेदन दिया है। आवेदन के अनुसार मंगलवार को विजैया पंचायत के एंबीशन विद्यालय के समीप स्थित जन्मीनार पर लगाए गए सोलर प्लेट को अज्ञात लोगो के द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिससे सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना का कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने थाना प्रभारी से उचित कार्यवाही करते हुए सोलर प्लेट की बरामद की की मांग की है।

## मकर संक्रांति के पूर्व संध्या पर विप्रवर को विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन करेगा सम्मानित



**बरही।** मकर संक्रांति के पूर्व संध्या पर 13 जनवरी को विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ट्रस्ट सैकड़ो ब्राह्मण परिवार को सम्मानित करेगा। जो पांडेय बारा स्थित विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित किए जाएंगे। जानकारी ट्रस्ट के चौपारण प्रखंड संयोजक आशीष सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि देश में अयोध्या मंदिर का उद्घाटन व राम लल्ला का प्राण प्रतिष्ठा आगामी 13 जनवरी को होना है। ऐसे में ट्रस्ट ने ब्राह्मणों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इस मौके पर फाउंडेशन की ओर से ब्राह्मण देवता के सम्मान में दही चूड़ा व तिलकुट भोज कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। ट्रस्ट के अध्यक्ष मंजीत यादव ने बताया कि कार्यक्रम सफल बनाने के लिए ट्रस्ट के संरक्षक रघुनंदन यादव, शरीफूल हक, कुणाल कटरियार, यमुना यादव, नरेश सिंह आदि सहित ट्रस्ट के सदस्य युद्धस्तर पर तैयारी में लगे हुए हैं। समाजसेवी उदय यादव के नेतृत्व में फाउंडेशन के सदस्य गण घर-घर जाकर ब्राह्मण देवता को साग्रह आमंत्रण दे रहे हैं। रूप से आमंत्रित कर रहे हैं। कार्यक्रम में कई समाजिक, धार्मिक और प्रबुद्धजन भी आमंत्रित किए गए है।

## अयोध्या से आए हुए पूजित अछ्त खटपोंक में घर-घर पहुंचा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
तिसरी प्रखंड के खटपोंक गांव में विधायक प्रतिनिधि सह समाजसेवी लक्ष्मण मोदी के अगुवाई में आज खटपोंक पंचायत के अलग अलग गांव में अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत पुष्प व श्रीराम मंदिर का पंपलेट गाजे बाजे के साथ सामूहिक में घर घर जा कर प्रभु श्रीराम की नारे लगाते हुए वितरण किया गया। वही समाजसेवी लक्ष्मण मोदी ने ग्रामीणों को बताया प्रभु श्रीराम का अयोध्या में बाइस जनवरी को मूर्ति की स्थापना किया जा रहा है जिसमे आप सभी ग्रामीण अपने अपने घर में पांच दीपक को आवश्य जलाए और अपने अपने निकट मंदिर में पांच दीपक जलाए और मंदिर या घर में भजन कीर्तन और महिला गीत के माध्यम से प्रभु श्रीराम का गुणगान करे ।

मौके पर अशोक बर्नवाल, भोला बर्नवाल ,विकास बर्नवाल, वकील राय, राजकुमार राय, चंद्रिका राय आदि लोग उपस्थित थे।

## यूथ महोत्वस में गिरिडीह का प्रतिनिधित्व करेंगे दीपक

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
एनवाईके के 27वां युवा महत्वस महाराष्ट्र के नाशिक में 12 से 16जनवरी को आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में देश भर के युवा भाग लेंगे । मुख्य रूप से इस युवा महत्वस को नेहरू युवा केंद्र के द्वारा आयोजित किया गया है। सरिया प्रखंड के बागोडीह निवासी छात्र नेता वर्तमान में राष्ट्रीय युवा स्वंसेवक दीपक साव 24वां यूथ महोत्सव में भाग लेने हेतु नाशिक गए है। दीपक नें कहा की यह कार्यक्रम मैं मुझे प्रतिनिधित्व करने हेतु चुना गया। इसके लिए मै नेहरू युवा केंद्र, गिरिडीह तथा जिले के डीवाईओ रवि सर को धन्यवाद देता हूं। मुझे लघु भारत के दर्शन के साथ साथ देश के विभिन्न युवा साथियों के साथ अपना विचार आदान प्रदान करने का मौका मिलेगा ।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने मनाया दिसोम गुरु का 80वां जन्मदिन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
झामूमो ज़िला कार्यालय में झारखंड के पुरोधा दिसोम गुरु शिबू सोरेन की 80वाँ जन्मदिन मनाया गया। इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में गांडेय के पूर्व विधायक डॉ सरफराज अहमद उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामूमो के ज़िलाध्यक्ष संजय सिंह ने की।

सर्वप्रथम पूर्व विधायक एवम ज़िलाध्यक्ष ने सामूहिक रूप से केक काटे और कार्यकताओं को खिलाये सभी के बीच में मिठाई का भी वितरण किया गया, तत्पश्चात वृद्धा आश्रम में सभी बुजुर्गों को नास्ता व फल वितरण किया गया फिर गिरिडीह सदर अस्पताल में सभी मेरीनो को कंबल व फल का वितरण किया गया। गांडेय विधायक ने कहा कि गुरु जी हम सभी के लिए प्रेरणा के स्त्रोत है हम सभी के मार्गदर्शन है इनके आंदोलन में ही झारखंड अलग राज्य का सपना पूरा हुआ। हमसब गुरु जी के लंबी उम्र की कामना करते है। श्री सिंह ने कहा कि गुरु जी झामूमो की रीढ़ है हमसब के अभिभावक तुल्य है आज इनकी 80वीं जन्मदिवस पर ईश्वर से प्रार्थना है कि इनको दीघार्यु बनाये और स्वस्थ रहे। कार्यक्रम में अजीत कुमार पप्पू, प्रमिला मेहरा, दिलीप मंडल, ज्योतिन्द्र प्रसाद, अभय सिंह, रॉकी सिंह, मो॰ जाकिर, दिलीप रजक, प्रदोष कुमार, राकेश रंजन, शोभा यादव, मो॰ नूर, मो॰ तूफान, मो॰ सन्नी, मो॰ सईद अख़्तर, राकेश सिंह टुन्ना, नुनुलाल किसकु, दिलीप मुरमू, बैजनाथ राणा, भैरो वर्मा, राजेश सिंह, अनुभव सिंह, शेखर यादव, मो॰ अनवर, ब्रिजमोहन तुरी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ड्रॉप डाउन विद्यार्थियों को स्कूल से जोड़ने का एक उत्तम प्रयास : दूबे



**बरही ।** बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने को लेकर झारखंड शिक्षा परियोजना गंभीर है। एक नया और अनूठा प्रयोग करते हुए गुरुवार को सीटी बजाओ, उपस्थित बढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी तहत बेसिक स्कूल पंचमाधव में प्रधानाचार्य संजय दुबे की अगुवाई में एक रैली निकाली गई। रैली गांव के विभिन्न पलों का भ्रमण करते हुए वापस विद्यालय परिसर पहुंचा। विद्यालय के बच्चे सहित शिक्षक शामिल हुए। इस दौरान बच्चों ने सीटी बजाकर विद्यालय नहीं जाने वाले बच्चों को विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान गांव में बच्चों की टोली बनाकर भ्रमण भी करवाया गया। इस क्रम में कई बच्चे विद्यालय आने के लिए प्रेरित भी हुए। प्रधानाध्यापक श्री दुबे ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ड्रॉप आउट कम करना, स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या में कमी लाना, छात्रों व अभिभावकाओ के प्रति जिम्मेवारी की भावना पैदा करते हुए उन्हें जागरूक करना इत्यादि है। जो एक अनूठा और सफल प्रयास भी है। इस दौरान एसएमसी अध्यक्ष नीलम देवी, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, शिक्षक मनोज कुमार घोष, सरफराज खान, दामोदर साव, बिंदिया देवी, गायत्री देवी, सरस्वती देवी आदि उपस्थित रहें।

## तिसरी में धूमधाम से मनाया गया बाबूलाल मरांडी का जन्मदिन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व धनवार विधानसभा क्षेत्र के विधायक बाबूलाल मरांडी का 66 जन्मदिवस उनके गृह प्रखंड में बड़े ही धूम - धाम से मनाया गया। गुरुवार को तिसरी प्रखंड इकाई के भाजपा कार्यकताओं ने उनकी अनुपस्थिति में कोदईबांक स्थित उनके पैतृक आवास पर बाबूलाल मरांडी की माता के समक्ष केक काटकर व द्वीप जलाकर उनका जन्मदिवस मनाया।

साथ ही सभी ने उनकी माता का पैर छुकर श्री मरांडी के उत्तम स्वास्थ्य व दीघार्यु की कामना की। मौके पर भाजपा नेता रामचंद्र ठाकुर और सांसद प्रतिनिधि मनोज यादव ने श्री मरांडी को जन्मदिवस की बधाई देते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी झारखंड के विकास पुरुष हैं। उनके 28 माह के मुख्यमंत्री काल के दौरान किए गए विकास को लोग अब तक नहीं भूले हैं। बाबूलाल के नेतृत्व में ही झारखंड का संपूर्ण विकास संभव है।उन्होंने कहा कि 2024 में एक बार फिर केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी और डबल इंजन की सरकार में ही झारखण्ड का पूर्ण विकास होगा।

मौके पर चंदौरी व तिसरी मंडल अध्यक्ष रविंद्र पंडित और सुनील शर्मा, महामंत्री सुनील साव,सोनू हेमब्रम,रामकुमार राउत,उदय साव,रामचंद्र यादव, किशुन यादव,संदीप शर्मा,मोहन बर्णवाल, नागो यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## उवि बाघनाल पहुंचे प्रमुख,पाई भारी अनियमितता

**गिरीडीह।** बिरनी प्रखंड के उत्क्रमित विद्यालय बाघनाल में बच्चों के बीच बांटे जाने वाले किताब को प्रधानाचार्य द्वारा देर रात को विद्यालय से बेचे जाने का मामला प्रकाश में आया था। इस खबर को राष्ट्रिय नवीन मेल में प्रमुखता से लगाई गई थी।। इसके बाद गुरुवार को बिरनी प्रमुख रामू बैठा उत्क्रमित उच्च विद्यालय बाघनाल पहुंचकर जांच पड़ताल किया।प्रमुख रामु बैठा ने कहा कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय बाघनाल में प्रधानचार्य ने बीते रात्रि को टेम्पू में लोड करके ले जा रहे थे।इसकी सूचना जब हमें मिली तो उच्च विद्यालय बाघनाल पहुँचे और जाँच पड़ताल किया गया।जिसमें भारी गड़बड़ी पाई गई है।

## इनर व्हील क्लब सनशाइन मेंबर्स शताब्दी समारोह को लेकर उत्साहित



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
इनर व्हील संस्था की 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में पूरे विश्व में इनर व्हील मेंबर्स द्वारा काफी उत्साह के साथ शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है। इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन के मेंबर्स द्वारा स्पोर्ट्स, रोमांचक गेम, डांस एंड म्यूजिक, स्वादिष्ट व्यंजन, केक कटिंग एवं क्लब की फाउंडर पीडीसी पूनम सहाय द्वारा क्विज कांटेस्ट करवाया गया साथ ही विजय प्रतिभागी मेंबर्स को पुरस्कृत भी किया गया समारोह के अंत में मेंबर्स मेंबर्स द्वारा 100 दिए जलते हुए काफी उत्साह के साथ शताब्दी समारोह मनाया। सेवा एवं दोस्ती के उद्देश्य से यह संस्था चलाई जा रही है और आज के दिन मेंबर्स ने यह प्रण लेते हुए कहां की वह लोग आगे भी इसी तरह से कर्मठ होकर के आगे बढ़ेंगे।

## श्री श्याम मंदिर में मनाया गया खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जय जय खाटू के वासी, जय जय बाबा श्याम शरणागत.. हम आए आपके दर्शन हमको दे दो श्याम... के भजनों के साथ खाटू नरेश का दर्शन कर भक्त भाव विभोर हुए। पौष अमावस्या के मौके पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश के महास्नान अनुष्ठान उत्सव का मनाया गया। विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर के अनुसार यहां भी खाटू नरेश को गंगाजल, दूध, दही, गुड़, शहद, चीनी, केसर सुगंधित इत्र और गुलाब फूल से महास्नान कराकर नवीन बागा (पोशाक) पहनाया गया। सफेद स्टार, लाल गुलाब, तुलसी जल एवं पीला गेंदा फूलों से सजाकर गुलाब के रूह से खाटू नरेश को मसाज किया गया। यहाॅ विराजमान श्री शिव परिवार, श्री हनुमान जी, श्री शालिग्राम, श्री लड्डू गोपाल, गरुड़, रिद्धि सिद्धि व गुरुजनों को भी नया पोशाक पहनाकर दिव्य श्रृंगार किया गया। पंचमेवा का भोग अर्पित करके श्रृंगार आरती की गई। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा एवं आचार्य रत्नाकर शर्मा ने महास्नान अनुष्ठान किया। कार्यक्रम में राजेश सिंघानिया, सारिका सिंघानिया, हर्ष सिंघानिया, सुरेश सरावगी, श्रवण ढानढनिया, श्यामसुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल, अनिल नारनौल, कौशल चौधरी सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे ।

## डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में अंग्रेजी साहित्य गोष्ठी का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में लिटरेचर कॉन्क्लेव ए जॉइन्ट वेंचर ऑफ डीएवी सेंटर फॉर अकेडमिक एक्सलेंस एंड डीएवी यूनाइटेड फाउंडेशन के तत्वावधान में अंग्रेजी साहित्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय अंग्रेजी विभाग के सेवानिवृत्त पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ गौरी शंकर झा, सेंट्रल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लैंग्वेज के डीन प्रोफेसर डॉ श्रेया भट्टाचार्जी, उषा मार्टिन यूनिवर्सिटी के प्रॉफेसर डॉ प्रकाश चंद्र पांडा और सिक्किम यूनिवर्सिटी गैंगटॉक के डॉ अमिताभ भट्टाचार्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अतिथियों का स्वागत एम के सिन्हा और विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने सैपलिंग प्रदान कर किया। वक्ताओं ने विद्यालय के छात्रों को अंग्रेजी साहित्य से होने वाले लाभ के संदर्भ में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि साहित्य हमारे आत्मनुभूति को जागृत करता है। साहित्य हमारी रचनात्मक क्षमता को प्रबल बनाता है। साहित्य हमारी सभ्यता और संस्कृति की जननी है। उन्होंने सभी छात्रों को सलाह दी कि आप हर दिन सहज व सरल शब्दों में डायरी लेखन अवश्य करें। अंग्रेजी में छोटे-छोटे वाक्यों का प्रयोग करें। लिटरेचर की उत्कृष्ट किताबों का अध्ययन करें। विद्यालय के वरिष्ठ अंग्रेजी अध्यापक यूके मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## जिला मारवाड़ी सम्मेलन का अधिवेशन सह पदस्थापना समारोह 22 को



**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक महाराजा अग्रसेन भवन स्थित कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने की। बैठक में 22 जनवरी को अग्रेसन भवन में आयोजित जिला अधिवेशन सह पदस्थापना समारोह की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार शपथ ग्रहण करेंगे। जिला अधिवेशन सह पदस्थापना समारोह के आयोजन के लिए स्वागताध्यक्ष कमल कुमार केडिया को एवं स्वागतमंत्री पवन शर्मा को बनाया गया है। समारोह के लिए कई कमेटियों का गठन कर जिम्मेवारियां दी गई है। सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि जिला अधिवेशन सह पदस्थापना समारोह भव्य रूप से मनाया जाएगा। समारोह मे सांसद, विधायक सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में 22 जनवरी को अयोध्या में पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के भव्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी मंदिरों मे पूजन-पाठ, भजन-कीर्तन, श्रृंगार एवं प्रसाद वितरण एवं शाम को अपने-अपने घरों में दीपक जलाकर दीपोत्सव उत्साह के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संजय सर्राफ, ओम प्रकाश अग्रवाल, कमल कुमार केडिया, ललित कुमार पोद्दार, पवन शर्मा, अशोक नारसरिया, प्रमोद अग्रवाल, पवन पोद्दार, कौशल राजगढ़िया, अनिल अग्रवाल, अजय डीडवानिया, मनीष लोधा, नारायण विजयवर्गीय, सुनील पोद्दार, अमित चौधरी, विकास अग्रवाल तथा निर्भय शंकर हारित उपस्थित थे।

## श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल



**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम के प्रांगण मे जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच 147 कंबल, ऊनी टोपी और मोजा का वितरण किया गया। मकर संक्रांति पर्व मनाने के लिए सभी को चूड़ा, गुड़, तिलकूट एवं बिस्किट का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, मनोज कुमार चौधरी, प्रमोद सारस्वत, विशाल जालान, मनीष जालान, मिलन जालान, नंद किशोर चौधरी, पूरणमल सर्राफ, ओमप्रकाश सरावगी, विष्णु सोनी, रमेन्द्र पाण्डेय, धीरज गुप्ता, आलोक सिंह एवं मुन्ना कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## हार्स ट्रेडिंग मामले में डीजी अनुराग गुप्ता और अजय कुमार को मिली क्लीन चिट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हार्स ट्रेडिंग मामले में डीजी अनुराग गुप्ता और तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के राजनीतिक सलाहकार अजय कुमार को क्लीन चिट मिली है। इस मामले को लेकर जगन्नाथपुर थाने में मार्च 2018 में गृह विभाग के अपर सचिव ने केस दर्ज कराया था। इस मामले की जांच काफी लंबे समय तक चली थी। लगभग पांच साल से अधिक समय तक जांच चलने के बाद भी पुलिस को इस केस में कोई साक्ष्य नहीं मिला था। पिछले महीने महाधिवक्ता से रांची पुलिस द्वारा इस मामले को लेकर मंतव्य मांगा गया था। मंतव्य मिलने के बाद साक्ष्य नहीं होने की वजह से केस बंद करने का आदेश दिया गया था। केस बंद करने का आदेश सिटी एसपी के द्वारा केस के अनुसंधान पदाधिकारी को दिया था। उल्लेखनीय है कि हार्स ट्रेडिंग मामले में जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले में आरोपित एडीजी अनुराग गुप्ता पर विभागीय जांच चल रही थी, जो सितंबर 2021 में पूरी हो गई थी, जिसपर 30 सितंबर 2021 को विभागीय कार्रवाई संचालन पदाधिकारी डीजी एमवी राव ने राज्य सरकार को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंप दी थी। इस रिपोर्ट में एडीजी अनुराग गुप्ता के विरुद्ध कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिला। इस वजह से उन्हें क्लीन चिट दे दी गई है।

## वेजिटेबल मार्केट के बाहर दुकान लगाने पर सब्जी विक्रेताओं ने किया विरोध प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
नागा बाबा खटाल में नगर निगम द्वारा निर्मित वेजिटेबल मार्केट के बजाय बहुत से सब्जी विक्रेता बाहर में फिर से दुकान लगाने लगे है। इससे मार्केट के अंदर दुकान लगाने वाले दुकानदार परेशान है। ग्राहक को बाहर में सब्जी मिल जाने से मार्केट के अंदर के दुकानें प्रभावित हुई है। ग्राहक नहीं आने से मार्केट के अंदर के दुकानदार परेशान है। गुरूवार को आक्रोशित दुकानदारों ने नगर निगम के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों की मांग है कि मार्केट के बाहर और सड़क पर अवैध तरीके से दुकान लगाने वालों पर अंकुश लगाया जाय। और सभी दुकानों को मार्केट के अंदर समेटा जाय। प्रदर्शन करने वालों का कहना है कि बाहर दुकान लगाने से उनको हर दिन काफी नुकसान हो रहा है। नगर निगम से सब्जी मार्केट के बाहर अवैध दुकान लगाये जाने की शिकायत कई बार की गयी। लेकिन निगम ने इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जिससे बाध्य होकर हमलोगों को अपनी आवाज अधिकारियों तक पहुंचाने के लिए प्रदर्शन और नारेबाजी का सहारा लेना पड़ा। दुकानदारों का कहना है कि जब से मार्केट बना है। तब से कोई न कोई विवाद खड़ा होता रहता है। कभी छत जर्जर होने के कारण पानी का रिसाव होता है, तो कभी गंदगी की समस्या उत्पन्न होती है। खटाल के दाहिने तरफ अपर बाजार जाने वाली सड़क पर भी सब्जी दुकान लगी रहती हैं। जिसकी वजह से वहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। बाहर दुकान लगाने वाले कचरा को वहां फैला कर चले जाते हैं। दुकानदारों का कहना है कि आवंटन के बाद दुकानदार वेजिटेबल मार्केट में दुकान लगा रहे हैं। वहीं उनके परिवार के सदस्य मार्केट के बाहर दुकान लगाते हैं। रांची नगर निगम ने कई बार चेतावनी दी है कि आवंटित विक्रेता के घर का कोई सदस्य कहीं और दुकान नहीं लगा सकता है। ऐसा करते हुए पाये जाने पर उनका आवंटन रद्द किया जायेगा। लेकिन इसके बावजूद निगम की ओर से कोई कार्रवाई नहीं होने से मार्केट के बाहर सब्जी की दुकानें लगातार सजती है।

**जिन्दगी आपको वो कभी नहीं देगी जो आपको चाहिए, जिंदगी हमेशा आपको वही देगी जिसके आप काबिल होंगे : अज्ञात**

# शेख हसीना का पांचवीं बार प्रधानमंत्री बनना

मुक्तिवाहिनी के माध्यम से भारत के सक्रिय सहयोग से बांग्लादेश बनाने वाले शेख मुजीबुर्रहमान की पुत्री शेख हसीना ने पांचवीं बार प्रधानमंत्री की कुर्सी सँभाल ली है । सत्तारूढ़ दल ने संसद में दो तिहाई बहुमत हासिल किया था । मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी), जिसने चुनाव का बहिष्कार किया था, अपना विरोध जारी रखने की योजना बना रही है। हालांकि, हसीना विपक्ष की योजनाओं से परेशान नहीं हैं और कहती हैं कि उनकी जिम्मेदारी बांग्लादेश के लोगों के प्रति है, न कि विपक्षी पार्टी बीएनपी के प्रति, जो उनके अनुसार, गुंडों की पार्टी है। उन्होंने बांग्लादेश का करीबी साझेदार होने के लिए भारत की सराहना भी की है। विश्लेषकों का मानना है कि शेख हसीना की सत्ता में वापसी भारत के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि उनका रुख हमेशा से भारत समर्थक रहा है, जबकि बीएनपी के शासन के दौरान भारत के अलगाववादियों को वहां सुरक्षित पनाह मिलती रही है और बीएनपी का रुख भारत विरोधी रहा है। बांग्लादेश का राजनीतिक परिदृश्य शेख हसीना और खालिदा जिया के बीच तीव्र प्रतिद्वंद्विता के लिए जाना जाता है। शेख हसीना बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान की बेटी हैं, जबकि खालिदा जिया बांग्लादेश के पूर्व तानाशाह शासक जिया उर रहमान की विधवा हैं।

**मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी), जिसने चुनाव का बहिष्कार किया था, अपना विरोध जारी रखने की योजना बना रही है। हालांकि, हसीना विपक्ष की योजनाओं से परेशान नहीं हैं और कहती हैं कि उनकी जिम्मेदारी बांग्लादेश के लोगों के प्रति है, न कि विपक्षी पार्टी बीएनपी के प्रति, जो उनके अनुसार, गुंडों की पार्टी है। विश्लेषकों का मानना है कि शेख हसीना की सत्ता में वापसी भारत के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि उनका रुख हमेशा से भारत समर्थक रहा है, जबकि बीएनपी के शासन के दौरान भारत के अलगाववादियों को वहां सुरक्षित पनाह मिलती रही है और बीएनपी का रुख भारत विरोधी रहा है।**

मुहम्मद यूनुस बांग्लादेश में ग्रामीण बैंक के माध्यम से अपने सूक्ष्म-ऋणों के लिए जाने जाते हैं। इस कार्यक्रम को बड़ी संख्या में बांग्लादेशी महिलाओं के उत्थान का श्रेय दिया जाता है, जिन्होंने लघु व्यवसाय शुरू किया। कुछ लोगों का मानना है कि यूनुस का कार्यक्रम उस देश के लिए चमत्कार की तरह है, जो पहले अत्यंत गरीबी के लिए जाना जाता था। मगर उनके विरोधियों का मानना है कि वह उधारकर्ताओं से भारी ब्याज वसूलते हैं, वे इसे सीधे कानूनी मामले के रूप में देखते हैं।

कुछ लोगों को यह भी संदेह है कि पद्मा नदी पर पुल बनाने की परियोजना के लिए विश्व बैंक के वित्त पोषण को रद्द करवाने के पीछे मुहम्मद यूनुस का हाथ था। हालांकि यह आरोप कभी साबित नहीं हो सका, लेकिन उन्हें अवामी लीग सरकार की दुश्मनी झेलनी पड़ी। पद्मा नदी पुल परियोजना को शेख हसीना सरकार की मुख्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक माना जाता है और इसने बांग्लादेश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 1.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है।

मुहम्मद यूनुस की सजा पर बहस हो सकती है, पर एक बात निश्चित है कि उन्हें पश्चिम में बहुत लोग पसंद करते हैं। कुछ लोगों को डर है कि उनकी सजा से बांग्लादेश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह प्रभावित हो सकता है।

इन दिनों

# युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद





प्रो. मनीषा शर्मा

***युग*** प्रवर्तक, भारत के गौरव पुरुष, वेदांत दर्शन के मर्मज्ञ, कर्मयोगी, भारत माता के सच्चे सपूत, युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी,1863 में कोलकाता में हुआ था। इनका मूल नाम नरेंद्रनाथ दत्त था। इनके पिता विश्वनाथ दत्त उच्च न्यायालय कोलकाता में वकील थे। मां भुवनेश्वरी देवी ग्रहणी थी। 12 जनवरी को संपूर्ण भारत में विवेकानंद जी का जन्मदिन युवा दिवस के रूप मे मनाया जाता है। सर्वप्रथम 1984 में भारत सरकार ने स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को युवा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी तब से प्रत्येक साल संपूर्ण देश में इसे युवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। युवा किसी भी देश का भविष्य होते हैं इन्हीं के दृढ़ कंधों पर एक राष्ट्र का भविष्य निर्भर होता है। यह युवा वर्ग जितना प्रतिभाशाली होगा उतनी ही तेजी से देश विकास के पथ पर अग्रसर होगा और वैश्विक फलक पर नवीन कीर्तिमान स्थापित करेगा। युवा किसी भी राष्ट्र के भूत एवं भविष्य के बीच एक सेतु का कार्य करते हैं । यह शक्ति ही किसी भी राष्ट्र को जीवन मूल्य एवं सांस्कृतिक आधार प्रदान करती है। यदि युवा अपने मस्तिष्क को ऊंचे विचारों और उच्चतम आदर्शों से भर ले तो वे जो भी कार्य करेंगे वह महान ही होगा। इस दिन को युवा दिवस के रूप में मनाने का ध्येय आने वाली पीढ़ी में स्वामी जी के पवित्र आदर्शों को उत्पन्न करना है। स्वामी जी के आदर्श और जीवन दर्शन देश के करोड़ों युवाओं को प्रेरित करते हैं। उन्होंने देश के कोने -कोने में भारतीय धर्म और संस्कृति के प्रचार हेतु कार्य किया। राजस्थान स्थित खेतड़ी के महाराजा अजीतसिंह ने उन्हें विवेकानंद नाम प्रदान किया और उन्हें शिकागो में आयोजित होने वाली विश्व धर्म परिषद में हिंदू धर्म और संस्कृति का परचम लहराने हेतु भेजा। धर्म संसद में उन्हें बोलने हेतु पर्याप्त समय नहीं दिया गया। बाद में एक प्रोफेसर की मदद से शून्य में बोलने के लिए थोड़ा समय मिला। वहाँ अपने भाषण की शुरूआत उन्होंने अमेरिकी भाइयों और बहनों से की तो संपूर्ण सभा मंडल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। विवेकानंद ने युवा शक्ति के लिए कहा था- समस्त शक्तियां तुम्हारे पास है। तुम कुछ भी कर सकते हो और सब कुछ कर सकते हो। यह विश्वास करो। मत विश्वास करो कि तुम दुर्बल हो। तत्पर हो जाओ। जीर्ण - शीर्ण होकर थोड़ा-थोड़ा करके मरने की बजाय वीर की तरह, दूसरों के कल्याण के लिए नष्ट होकर उसी समय मर जाना क्या अच्छा नहीं है। उनका मानना था कि एक युवा का जीवन सफल होने के साथ-साथ सार्थक भी होना चाहिए। उनका कहना था कि युवा सफल होना चाहते है पर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शारीरिक रूप से तैयार नहीं होते। इसलिए उन्होंने कहा कि युवाओं को निर्भर बनने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शक्ति ही जीवन है कमजोरी मृत्यु है और कोई भौतिक जीवन का सुख नहीं ले सकता अगर ताकतवर नहीं है। मत सोचो कि तुम कमजोर हो। उठो जागो और तब तक ना रुको जब तक तुम्हें लक्ष्य प्राप्त ना हो जाय। उन्होंने शिक्षा के विषय में कहा कि शिक्षा कोई जानकारियों का बंडल नहीं है जो दिमाग में रख दिया जाय और जिंदगी भर परेशान करते रहे। हमें ऐसे विचारों को संजोना है जो समाज निर्माण, व्यक्ति निर्माण एवं चरित्र निर्माण करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो जीवन के संकटों से निपटने में मददगार हो। चरित्र निर्माण से परोपकार का भाग जगायें और सिंह का साहस दें। स्वामी जी के शब्दों में - 'व्यक्ति का चरित्र और कुछ नहीं उसकी आदतों और वृत्तियों का सार भर है। हमारी आदतें और वृत्ति ही चरित्र का स्वरूप निर्धारित करती हैं। वृत्तियों की श्रेष्ठता और निष्क्रियता के अनुरूप ही चरित्र की सबलता और निर्बलता सुनिश्चित होती हैं। श्रेष्ठ चिंतन और आचरण के सतत अभ्यास द्वारा वृत्तियों का शोधन होता है और चरित्र गठन का कार्य मनोवांछित दिशा में आगे बढ़ता है। उन्होंने सदैव युवाओं को आध्यात्मिक रहने के लिए प्रेरित किया। उनका मानना था कि भारत की आध्यात्मिकता का कोई सानी नहीं है। वह सदैव आध्यात्मिक चेतना के रूप में सामाजिक चेतना को भी जागृत कर समाज हित, देश हित हेतु निरंतर कार्य करते रहें । आज के दौर में युवा कई समस्याओं से ग्रसित है। वह अपने भविष्य के निर्माण हेतु कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। अतः आज स्वामी जी के विचार उनके लिए और भी प्रासंगिक हो जाते हैं। वे अपने विचारों, आदर्शों लक्ष्यों के वजह से आज भी प्रासंगिक है। किसी शायर ने क्या खूब कहा है-

**'युवाओं के कंधों पर युग की कहानी चलती है।**
**इतिहास उधर मुड़ जाता है जिस ओर जवानी चलती है।।'**

युवा देश की ताकत हैं, उर्जा हैं। युवाओं की सामर्थ्य शक्ति किसी भी राष्ट्र को आसमान की बुलंदियों तक पहुंचाने की ताकत रखती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि भारत की युवा शक्ति स्वामी जी के दिखाए आदर्शों पर चलें और उनके मार्ग का अनुसरण कर अप्पो दीपो भव की अवधारणा पर कार्य करें। यदि युवा पीढ़ी अपनी उर्जा का संतुलित एवं सकारात्मक उपयोग राष्ट्र निर्माण में करेगी तो भारत अगले 100 साल में विश्व गुरु के रूप में पुनः स्थापित होगा और वैश्विक फलक पर अपना आलोक बिखेर कर ज्ञान, विज्ञान, अनुसंधान, तकनीक के प्रत्येक क्षेत्र में अपना परचम फहराएगा।

**विवेकानंद ने युवा शक्ति के लिए कहा था- समस्त शक्तियां तुम्हारे पास है। तुम कुछ भी कर सकते हो और सब कुछ कर सकते हो। यह विश्वास करो। मत विश्वास करो कि तुम दुर्बल हो। तत्पर हो जाओ। जीर्ण -शीर्ण होकर थोड़ा-थोड़ा करके मरने की बजाय वीर की तरह, दूसरों के कल्याण के लिए नष्ट होकर उसी समय मर जाना क्या अच्छा नहीं है। उनका मानना था कि एक युवा का जीवन सफल होने के साथ-साथ सार्थक भी होना चाहिए। उनका कहना था कि युवा सफल होना चाहते है पर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शारीरिक रूप से तैयार नहीं होते।**

## आपकी बात

### बदबू से हरमूवासी परेशान



प्राण रंजन प्रसाद

कुछ वर्ष पूर्व राँची शहर के सड़कों के बगल में गहरे नाले का निर्माण इस उद्देश्य से कराया गया था ताकि सड़कों पर पानी का जमाव नहीं हो सके, परंतु जमीन के ऊँचे-नीचे होने के कारण नाले का पानी जगह-जगह उल्टी दिशा में जमा रहता है और वहाँ से दुर्गंध आती है। इससे निजाद पाने और बहाव को यथोचित दिशा में प्रवाहित करने का उपाय है कि चिन्हित जगहों पर बूस्टर पंप स्थापित करके प्रवाह को नियंत्रित किया जा सकता है. यह तत्कालिक जरूरी कदम संबंधित विभाग को उठाना चाहिए।

**कैप्टन(अव प्राप्त),हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची**

### बिजली की कटौती से परेशानी

गढ़वा जिले में करीब एक सप्ताह से शहरी व ग्रामीण इलाका में पर्याप्त मात्रा में बिजली की आपूर्ति नहीं हो रही है। उक्त कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ बढ़ती ठंड से लोग हलकान हैं तो दूसरी तरफ बिजली कटौती के कारण भी लोगों को परेशानी हो रही है। शाम समय बिजली आपूर्ति नहीं होने से रूम हीटर के अलावा ठंड से राहत देने के लिए मौजूद अन्य उपकरण का लोग उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। बिजली कटौती से बिजली आधारित अन्य काम पर भी उसका असर पड़ रहा है। इधर विभागीय आकड़ों के अनुसार जिले को करीब 70 मेगावाट की जरूरत होती है। उसके अनुरूप जिले को बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सुबह से लेकर शाम (पिक आवर) छोड़कर हर समय पर्याप्त मात्रा में जिले को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति हो रही है। सिर्फ पिक आवर के दौरान करीब दो से तीन घंटा लोड शेडिंग की समस्या आ रही है। जिलांतर्गत रंका सामुदायिक अस्पताल में तैनात डॉक्टरों का कहना है कि बिजली बीच-बीच में कटती है। उस दौरान जेनरेटर का उपयोग होता है। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक ने बताया कि अस्पताल की बिजली जब भी कटती है तो उसके लिए जेनरेटर की व्यवस्था है। इसके अलावा सोलर ऊर्जा की भी व्यवस्था है। बिजली कटने पर जेनरेटर और सोलर ऊर्जा का इस्तेमाल होता है। बिजली कटौती का असर बिजली आधारित कारोबार पर भी पड़ता है। इन दिनों क्षेत्र में दो-तीन घंटे बिजली कटौती के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**- हरि प्रसाद, गढ़वा**

आध्यात्म

# देश भक्ति और वेदान्त के संगम थे स्वामी विवेकानंद



देवेश कुमार घोष

***1836*** ई की बारह जनवरी, पौष संक्रांति, सूर्योदय से छः मिनट पूर्व छः बज कर तैंतीस मिनट तैंतीस सेकेंड पर भुवनेश्वरी देवी और विश्वनाथ दत्त के विश्वविजयी पुत्र का कलकत्ता नगरी के सिमुलिया मोहल्ले में जन्म हुआ। युवक नरेंद्र ने, सन्यासी विवेकानंद बन अमित तेज, से अपनी किरणें फैलाता हुआ अक्लांत चेष्टा एवं निर्भीक आत्मोसर्ग से भारत के एक गौरवमय भविष्य का सूत्रपात किया। नरेंद्र के प्रतिभाशाली वकील पिता उन्हें भी वकील बनाना चाहते थे परंतु नरेंद्र को ईश्वर साक्षात्कार की धुन लगी थी । युवक नरेंद्र जहां भी उचित समझते , पूछते थे 'क्या आपने ईश्वर को देखा है ?' विलक्षण मेधावी छात्र नरेंद्र की जिज्ञासा से अवगत, अङ्ग्रेजी के प्रोफेसर हैस्टी ने उसे दक्षिणेश्वर जाकर मंदिर के पुजारी रामकृष्ण से मिलने की सलाह दी थी। विलियम वड्र्सवर्थ की कविता पढ़ाने के संदर्भ में 'सुपर कनससनेस' (समाधि) की चर्चा हुई तो नरेंद्र ने सवाल दागा था कि क्या किसी मनुष्य में यह अवस्था संभव थी ? विद्वान प्रोफेसर ने रामकृष्ण का उदाहरण दिया था। दक्षिणेश्वर काली मंदिर कलकत्ता के मुख्य पुजारी रामकृष्ण परमहंस और नरेंद्र की मुलाकात ने भारत वर्ष का गौरवशाली भविष्य तय कर दिया। आध्यात्म जिज्ञासु युवकों की टोली समाधिमग्न काली भक्त पुजारी के संपर्क में आते रहे और सन्यासियों का एक दल खड़ा हो गया। श्री रामकृष्ण के महाप्रयाण के बाद नरेंद्र, जो तब तक स्वामी विवेकानंद बन गए थे, अपनी ओजस्विता के कारण सबके नेता साबित हुए। प्रचंड देश भक्ति और वेदान्त विचारों से ओत प्रोत युवा सन्यासियों को संगठित रखने हेतु और आध्यात्म यात्रा को बल देने के लिए 1897 ई में विवेकानन्द ने भागीरथी के तट पर कलकत्ता के बेलुर नामक स्थान पर रामकृष्ण संघ की स्थापना की जो 'बेलुर मठ' के नाम से प्रसिद्ध है । सम्पूर्ण विश्व में फैले हुए श्री रामकृष्ण मिशन की गतिविधियों का मुख्यालय बेलुर मठ आश्रम में ही है। स्वामी विवेकानन्द ने परिव्राजक बन कर भारत की कई बार यात्रा की थी।

**विलियम वड्र्सवर्थ की कविता पढ़ाने के संदर्भ में 'सुपर कनससनेस' (समाधि) की चर्चा हुई तो नरेंद्र ने सवाल दागा था कि क्या किसी मनुष्य में यह अवस्था संभव थी ?**



बोधि वृक्ष

## श्री खाटू श्याम जी की कथा

***महाभारत*** काल में लगभग साढ़े पांच हजार वर्ष पहले एक महान आत्मा का अवतरण हुआ जिसे हम भीम पौत्र बर्बरीक के नाम से जानते हैं महीसागर संगम स्थित गुप्त क्षेत्र में नवदुगाओं की सात्विक और निष्काम तपस्या कर बर्बरीक ने दिव्य बल और तीन तीर व धनुष प्राप्त किए। कुछ वर्ष उपरांत कुरुक्षेत्र में उपलब्ध नामक स्थान पर युद्ध के लिए कौरव और पांडवों की सेनाएं एकत्रित हुई। युद्ध का शंखनाद होने ही वाला था कि यह वृतांत बर्बरीक को ज्ञात हुआ और उन्होंने माता का आशीर्वाद ले युद्धभूमि की तरफ प्रस्थान किया। उनका इरादा था कि युद्ध में जो भी हारेगा उसकी सहायता करूंगा। भगवान श्री कृष्ण को जब यह वृतांत ज्ञात हुआ तो उन्होंने सोचा कि ऐसी स्थिति में युद्ध कभी समाप्त नहीं होने वाला। अतः उन्होंने ब्राह्मण का वेश धारण कर बर्बरीक का मार्ग रोककर उनसे पूछा कि आप कहां प्रस्थान कर रहे हैं। बर्बरीक ने अपना ध्येय बताया कि वह कुरुक्षेत्र जाकर अपना कर्तव्य निर्वाह करेंगे और इस पर ब्राह्मण रूप में श्री कृष्ण ने उन्हें अपना कौशल दिखाने को कहा। बर्बरीक ने एक ही तीर से पेड़ के सभी पत्तों को भेद दिया सिवाय एक पत्ते के जो श्री कृष्ण ने अपने पैरों के नीचे दबा दिया था। बर्बरीक ने ब्राह्मण रूपी श्री कृष्ण से प्रार्थना की कि वह अपना पैर पत्ते के ऊपर से हटाए वरना आपका पैर घायल हो सकता है। श्री कृष्ण ने अपना पैर हटा लिया व बर्बरीक से एक वरदान मांगा। बर्बरीक ने कहा हे यजमान आप जो चाहे मांग सकते हैं मैं वचन का पूर्ण पालन करूंगा। ब्राह्मण रूपी श्री कृष्ण ने शीश दान मांगा। यह सुनकर बर्बरीक तनिक भी विचलित नहीं हुए परंतु उन्होंने श्रीकृष्ण को अपने वास्तविक रूप में दर्शन देने की बात की क्योंकि कोई भी साधारण व्यक्ति यह दान नहीं मांग सकता। (क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से

**Supriyo Bhattacharya**
3 h

Many Many Happy Returns of the day! Happy Birthday Gurujee!! Your love and Ble... See more



## X - से

**AajTak** @aajtak

#कांग्रेस के इस फैसले पर आप क्या सोचते हैं, कॉमेंट में बताएं

*कांग्रेस ने 10 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा में जाने से इनकार कर दिया। सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अधीर रंजन समेत सभी कांग्रेस नेता इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस ने कहा है कि ये भाजपा और RSS का प्रोग्राम है।

*अब तक I.N.D.I. A की 5 पार्टियां #कांग्रेस, #सपा, #TMC, #CPI(M) और शिवसेना (उद्धव गुट) प्राण प्रतिष्ठा में जाने से मना कर चुकी हैं।

#Ayodhya #RamMandir #PranPratishtha #Congress

Translate post



Post your reply

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# भारत में श्रीराम बिराजें- 05

### ।।।। अस्तित्व संग अनूठा अनुराग ।।।।



डॉ. मयंक मुरारी
चिंतक और आध्यात्मिक लेखक

***जीवन*** की विपन्नता हमारे दुख स्वभाव के कारण नहीं है। जीवन को सुख और दुख की परिधि में बांटने के कारण है। वन में प्रभु आगे-आगे चल रहे है। उनके पीछे माता और लक्ष्मण है। वन में कंटक मार्ग से श्रीराम का पग विदीर्ण हो जाता है। कई जगहों पर पैर से खून रिसने लगता है। माता के नेत्र सजल हो जाते हैं। लक्ष्मण भी कांप जाते हैं। वन के कठोर भूमि और कंटक मार्ग पर चलतना असंभव लगता है। माता से लक्ष्मण निवेदन करते है कि प्रभु को विश्राम के लिए कहिए। इन बातों को सुन प्रभु रूक जाते हैं। सिया और राम एक चट्टान पर बैठ जाते है। माता, प्रभु के चरण को पोंछती है। वह कहती है कि आपके चरण में बहुत कांटें लगे हैं। सीताजी को भयग्रस्त जानकर प्रभु संयमित हुए और मधुर वाणी से कहा हे सीते ! त्वं पराभक्तिः। सीता तुम तो पराभक्ति हो। और भक्ति का तो ये दायित्व है कि वो संसार को मेरे चरणों तक की यात्रा सम्पन्न कराये। तब तुमने कब से ये दायित्व छोड़कर नया दायित्व ले लिया कि जिन्होंने मेरे चरणों का आश्रय लिया है उन्हें तुम मेरे चरणों से दूर करो। सीते ! इन कण्टकों ने भी तो मेरे चरणों का आश्रय लिया है तो भला मैं इन्हें कैसे अपने चरणों से दूर कर सकता हूँ। सुनते ही सीता जोर-जोर से विलाप करने लगी, वनों के वृक्ष आह्लादित होकर मधुर वायु का संचार करने लगे, वन्य जीव भगवान के चरणों में आ-आकर बैठने लगे और अस्तित्व अनुराग से भर गया। सभी प्रभु का गुणगान गाने लगे.... नेति-नेति-नेति न इति न इति। भगवान की करूणा का कोई अन्त नहीं है। सीताजी के सजल नेत्रों का जल प्रभु के चरणों का प्रक्षालन करने लगा। श्रीमद्भागवत में इसका वर्ण है कि जो दण्डक वन में कांटों से बिंध गये थे, उन चरणों को प्रभु श्रीराम अपने निरन्तर स्मरण करने वाले भक्तों के अन्तःकरण में स्थापित करके, अपने स्वयं प्रकाशमान परम ज्योतिर्मय धाम में चले गये। दण्डक वन के उन कांटों को 13 हजार वर्ष पश्चात भी प्रभु श्रीराम ने अपने पैरों से दूर नहीं किया था जिन्होंने उस समय प्रभु के चरणों का आश्रय लिया था। इस अस्तित्व यानी सृष्टि में सब कुछ स्वाभाविक क्रियाशील है। हम अस्तित्व को नहीं मिटा सकते हैं। उसकी क्रिया में बदलाव ला सकते है। पदार्थ को तोड़ सकते हैं, कुछ भी निर्माण नहीं कर सकते हैं।


**वन के कठोर भूमि और कंटक मार्ग पर चलतना असंभव लगता है। माता से लक्ष्मण निवेदन करते है कि प्रभु को विश्राम के लिए कहिए। इन बातों को सुन प्रभु रूक जाते हैं। सिया और राम एक चट्टान पर बैठ जाते है।**

## टेक वर्ल्ड

### 10 उपयोगी टेक्नोलॉजी ट्रिक्स

**फिर, 'भेजें पूर्ववत करें' विकल्प देखें।**

एंड्रॉइड उपयोगकर्ता वाई-फाई नेटवर्क के लिए एक क्यूआर कोड बना सकते हैं, जिससे अन्य उपयोगकर्ता वाई-फाई पासवर्ड को मैन्युअल रूप से एक्सचेंज करने के बजाय नेटवर्क से जुड़ सकते हैं। बस सेटिंग्स > वाई-फाई नेटवर्क पर जाएं, कनेक्टेड वाई-फाई नेटवर्क के नाम के आगे सेटिंग आइकन पर टैप करें और फिर नीचे 'क्यूआर कोड' बटन चुनें। कोड को स्कैन करने और नेटवर्क से कनेक्ट करने के लिए, वाई-फाई सेटिंग मेनू पर जाएं और स्क्रीन के ऊपरी दाएं कोने में स्कैनर बटन दबाएं। ऐप्पल डिवाइस एक फंक्शन भी प्रदान करते हैं जो पहले से ही नेटवर्क से जुड़े किसी व्यक्ति को किसी अन्य व्यक्ति को पासवर्ड देने में सक्षम बनाता है जो शामिल होना चाहता है।



**10. एक एक्सपर्ट की तरह स्क्रीनशॉट लें**

स्क्रीनशॉट लेने का सबसे आम तरीका विंडोज कंप्यूटर पर PrtSc कुंजी 1ff macOS डिवाइस पर 'Cmd + Shift + 3' कुंजी दबाना है। हालाँकि, दोनों ऑपरेटिंग सिस्टम स्क्रीनशॉट लेने के अधिक प्रभावी तरीके प्रदान करते हैं, जिससे उपयोगकर्ता केवल अपनी स्क्रीन के आवश्यक हिस्से का चयन कर सकते हैं। विंडोज उपयोगकर्ता 'स्टार्ट + शिफ्ट + एस' दबाकर स्निपिंग टूल लॉन्च करके, फिर माउस या ट्रैकपैड के साथ स्क्रीन के एक हिस्से का चयन करके इसे पूरा कर सकते हैं। दूसरी ओर, macOS के उपयोगकताओं को स्क्रीन कैप्चर विंडो खोलने के लिए "Cmd + Shift + 5" कुंजियाँ एक साथ दबानी चाहिए, जो उपयोगकताओं को स्क्रीन के विशेष भागों को कैप्चर करने में सक्षम बनाती है।

(समाप्त)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# रील्स का 'खूनी नशा', अवैध संबंध और पति का मर्डर

## पति की कातिल बन गई सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर रानी भगत

**एजेंसी। समस्तीपुर/बेगूसराय**
बेगुसराय की रानी भारत उन लाखों नौजवानों में से एक है, जिन्हें रील्स बनाना और बनवाना पसंद था। रील्स की बदौलत ही सोशल मीडिया में उसके फॉलोअर्स की तादाद भी लगातार बढ़ती जा रही थी। इस क्रम में वह अन्य लड़कों के संपर्क में आई। कहा जाता है कि शहजाद नामक लड़के से उसका प्रेम संबंध चल रहा था। रानी के पति महेश्वर राय ने उसे लड़कों से दोस्ती रखने व रील्स बनाने से रोकने की कोशिश की, तो रानी ने अपने प्रेमी शहजाद और घरवालों के साथ साजिश रचकर रविवार को 25 वर्षीय महेश्वर की चुन्नी से गला घोंटकर हत्या कर दी। महेश्वर से 7 साल पहले उसकी लव मैरिज हुई थी। महेश्वर रविवार की रात करीब 9 बजे अपने ससुराल गया था। करीब डेढ़ घंटे बाद रात करीब साढ़े दस बजे उसके भाई रुदल ने उसे कोलकाता से फोन किया, लेकिन जब महेश्वर का फोन नहीं उठा, तो उसने अपने पिता को इसकी सूचना दी।



### गला दबाकर की गई महेश्वर की हत्या

जिसके बाद रात को ही उसके पिता बेटे के ससुराल पहुंचे तो उन्हें बेटे की लाश संदिग्ध हालत में पड़ी हुई मिली। लाश को देखने से शक हो रहा था कि उसकी गला दबा कर हत्या की है। बेटे की लाश मिलने पर महेश्वर के पिता ने पुलिस को खबर दी। पुलिस मौके पर पहुंची और उसने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

### आपत्तिजनक गानों पर रील बनाती थी रानी

रानी के सोशल मीडिया पर दस हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। महेश्वर के घरवालों की मानें तो रानी अक्सर ऐसे गानों पर रील्स बनाती थी, जो आपत्तिजनक होते थे। इसके अलावा उसकी कई लड़कों से दोस्ती भी थी जिसे लेकर अक्सर पति पत्नी के बीच झगड़ा हुआ करता था।

### प्रेमी के साथ मिलकर पति का कत्ल

पुलिस ने इसे रील्स के साथ-साथ पति-पत्नी और वो का मामला करार दिया। बेगूसराय पुलिस की मानें तो अपने मायके में रहने और रील्स बनाने के दौरान रानी के रिश्ते शहजाद नाम के एक लड़के से बन गए थे। रानी को अपने पति की रोक-टोक ज्यादा खटकने लगी और तब रानी ने धोखे से अपने पति को बुलाया और फिर अपने आशिक शहजाद और अपनी बहन के साथ मिलकर उसकी चुन्नी से गला घोंट कर हत्या कर दी।

## मूसेवाला हत्याकांड में एनआईए ने हरियाणा व पंजाब में की छापेमारी

**चंडीगढ़।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को पंजाब व हरियाणा में करीब आधा दर्जन स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए के अधिकारियें ने मूसेवाला हत्याकांड में आरोपितों के घरों की तलाशी ली और उनके परिजनों से पूछताछ की। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड की जांच एनआईए कर रही है। गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे एनआईए की एक टीम ने सोनीपत के गांव सेरसा पहुंचकर आरोपित अंकित सेरसा के पिता जगबीर से पूछताक्ष की। घर में कुछ समय पूछताछ के बाद एनआईए के अधिकारी उन्हें अपने साथ कुंडली पुलिस थाने में ले गई। जहां करीब दो घंटे उनके साथ पूछताछ की गई। बाद में उन्हें घर भेज दिया गया। इस संबंध में अंकित के पिता जगबीर ने बताया कि अंकित को लेकर उनसे पूछताछ की गई, जो पूछा उन्होंने बता दिया। उनका अब अंकित से संपर्क नहीं है।

# सांस्कृतिक-आध्यात्मिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है दशरथ समाधि

**एजेंसी। अयोध्या**
चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ की समाधि स्थल के गौरव का वर्णन पुराणों में भी उल्लेखित है। ऐसी मान्यता है कि यहां मांगी गई सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पूरा बाजार ग्राम पंचायत के उत्तर दिशा में धार्मिक, पौराणिक इतिहास समेटे बिल्वहरि घाट के समीप राजा दशरथ की समाधि स्थली और भव्य मंदिर है। मान्यता यह भी है कि इस समाधि स्थल पर पूजन-अर्चन करने वाले साधकों को शनि की साढ़ेसाती जैसी महादशा के प्रकोप से छुटकारा मिलता है। राम जन्मभूमि से लगभग 15 किमी. दूर इस स्थान का प्रथम चरण में सुदृढ़ीकरण व सौंदर्यीकरण कराया गया है। द्वितीय चरण में भी योगी सरकार यहां विकास के लिए कार्ययोजना तैयार की जा रही है। अब इसका जीर्णोद्धार हो रहा है। पद्म पुराण में भी दशरथ समाधि स्थल के आध्यात्मिक महत्व का वर्णन करते हुए कहा गया है कि जो भी मनुष्य एक बार यहां आकर दर्शन करके दशरथ कृत शनि स्त्रोत का पाठ व स्मरण करता है, उसे शनिजन्य कष्टों से मुक्ति मिलती है। यहां विद्यमान कर्मफल दाता शनिदेव का एक विलक्षण विग्रह भी विद्यमान है। समाधि स्थल के उत्तराधिकारी संदीप दास महाराज के मुताबिक यहां चारों भाइयों की चरण पादुका, पिंड वेदी, गुरु वशिष्ठ का चरण चिह्न, प्राचीन ऐतिहासिक अस्त्र-शस्त्र मौजूद हैं, जिसमें आज तक जंग तक नहीं लगी। यहां दशरथ जी, भरत व शत्रुघ्न और गुरु वशिष्ठ की प्रतिमा विद्यमान है।



## एक नजर

### कुरनूल सांसद ने वाईएसआरसीपी छोड़ी, टीडीपी में हो सकते हैं शामिल

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी वाईएसआर कांग्रेस को एक और झटका लगा जब कुरनूल से मौजूदा सांसद एस. संजीव कुमार ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उनके विपक्षी तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) में शामिल होने की संभावना है। जनरल सर्जन और मूत्र रोग विशेषज्ञ ने सांसद पद और वाईएसआरसीपी की प्राथमिक सदस्यता दोनों से इस्तीफा दे दिया। अपने पूरे कार्यकाल के दौरान लो प्रोफाइल रहे सांसद ने आरोप लगाया कि पार्टी में पिछड़े वर्गों के लिए कोई सम्मान नहीं है। संजीव कुमार ने कहा कि उनके पास केवल सांसद का पद है, लेकिन उनके पास आने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान करने की शक्तियां नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने पिछड़े कर्नूल जिले के विकास के लिए उनके ड्रीम प्रोजेक्ट्स पर ध्यान नहीं दिया।

### जबलपुर में ठेकेदार ने गोली मारकर खुदकुशी की

**जबलपुर।** जबलपुर नगर निगम के ठेकेदार ने लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस आत्महत्या की वजह की जांच कर रही है। दूसरी तरफ आत्महत्या की वजह आर्थिक तंगी बताई जा रही है। मामला गोहलपुर थाना क्षेत्र के बधाइयां मोहल्ले का है। यहां के भगवान सिंह ठाकुर ने गुरुवार की सुबह लगभग 10.30 बजे अपने कमरे में 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मार ली, जिसमें उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस के हाथ सुसाइड नोट भी लगने की बात कही जा रही है।

### जलभरी के लिए निकली शोभा यात्रा

**गया।** जिले के कोंच प्रखंड के दिघी में गुरुवार को भगवती जगदंबा प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद् देवी भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के लिए भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु सम्मिलित हुए। सप्ताह ज्ञान यज्ञ के लिए की गई जलभरी कार्यक्रम मे वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच कलश के साथ पैदल मार्ग से दिघी से चलकर बरई सूर्य मँदिर स्थित नेरा नदी घाट पहुंचा जहां श्री सुदर्शनाचार्य जी वामन भगवान महाराज एवम स्वामी वेंकटेशाचार्य जी महाराज के सानिध्य में वैदिक मंत्रोंचारण के साथ जलभरी कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

# आरा में हॉस्टल की 30 छात्राएं रात का खाना खाने के बाद पड़ीं बीमार



**एजेंसी। पटना**
बिहार के आरा शहर में अंबेडकर छात्रावास की कुल 30 छात्राएं मंगलवार रात के खाने में आधा पका हुआ चावल परोसे जाने के बाद बीमार पड़ गईं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उल्टी और पेट दर्द की शिकायत करने वाले छात्रों की तबीयत बुधवार तड़के बिगड़ गई और उन्हें सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उनमें से 12 की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। शेष 18 को प्रारंभिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पीड़ितों ने दावा किया कि अधिकारी लंबे समय से पौष्टिक भोजन नहीं दे रहे हैं। भोजपुर के जिला मजिस्ट्रेट और जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष एक शिकायत में उन्होंने कहा कि यहां तक कि जिन महिलाओं पर भोजन पकाने की जिम्मेदारी है, वे भी कभी-कभी आधा पका हुआ भोजन बना देती हैं। हालांकि, छात्रावास वार्डन विजेता कुमारी ने कहा, भोजन की तैयारी के दौरान, गैस स्टोव ठीक से काम नहीं कर रहा था। इसलिए, छात्रों को परोसे जाने से पहले भोजन को ठीक से पकाया नहीं जा सका।

## बिहार में वकील के मुंशी की अपराधियों ने गोली मारकर की हत्या




**पटना।** बिहार के गोपालगंज के नगर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने गुरुवार को वकील के मुंशी (ताइद) की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि वकील के मुंशी सुजीत कुमार रोज की ही तरह गुरुवार को भी कोर्ट जा रहे थे, तभी अपराधियों ने बंजारी मोड़ के समीप पास से उन्हें गोली मार दी। उन्हें आनन-फानन में घायल अवस्था में सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां सुजीत कुमार को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि बाइक सवार तीन अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। परिजनों के अनुसार पहले से सुजीत को जान से मारने की धमकी मिली थी। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने मामले को लेकर सदर एसडीपीओ प्रांजल के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। एसआईटी ने अपराधियों की संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## बिहार में स्कॉर्पियो ने दुकान में मारी टक्कर, चार घायल, लोगों ने गाड़ी में लगाई आग

**हाजीपुर।** बिहार के वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने एक गुमटीनुमा दुकान में टक्कर मार दी, जिससे चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से आक्रोशित लोगों ने स्कॉर्पियो को आग के हवाले कर दिया। पुलिस के मुताबिक, हाजीपुर-महनार मुख्य सड़क मार्ग पर चेचर चौक के पास अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने एक गुमटीनुमा दुकान में टक्कर मार दी। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए बिदुपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने स्कॉर्पियो को आग के हवाले कर दिया। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने आग पर काबू पा लिया। लेकिन, तब तक गाड़ी पूरी तरह जल गई थी। बिदुपुर थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि पुलिस ने जली हुई गाड़ी जब्त कर ली है तथा मामले की जांच कर रही है।

## अयोध्या-अहमदाबाद के बीच विमान सेवा शुरू

**नई दिल्ली/लखनऊ।** अयोध्या-अहमदाबाद के बीच गुरुवार को विमान सेवा का शुभारंभ किया गया। अहमदाबाद से इंडिगो की पहली फ्लाइट को केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई दिल्ली से वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ स्थित सरकारी आवास से वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे। दोनों शहरों के बीच यह विमान सेवा सप्ताह में तीन दिन मिलेगी। इस अवसर पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंत्रालय में पत्रकारों से कहा कि आगामी 22 जनवरी को रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की न केवल 140 करोड़ भारतीयों बल्कि विदेशों में भी बड़ी प्रतीक्षा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भव्य एवं नव्य अयोध्या बनाई है। उनके सहयोग से ही महज 20 महीने में यह एयरपोर्ट बन सका। इतनी कम अवधि में हवाईअड्डा बनना एक रिकॉर्ड है। अहमदाबाद और अयोध्या के बीच इंडिगों की फ्लाइट सेवा के शुभारंभ पर सभी को बधाई देते हुए सिंधिया ने कहा कि इस फ्लाइट के जरिए वाइब्रेंट गुजरात और आध्यात्मिक अयोध्या का संगम हो रहा है।



## गया में 40 लाख की हेरोइन बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार, एक पुलिस को चकमा देकर फरार

**गया।** पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बोधगया थाना क्षेत्र से पुलिस ने हेरोइन के दो तस्करों की गिरफ्तारी की है। इन दो तस्करों के पास से हेरोईन की बड़ी खेप बरामद की गई है। टेक्निकल सेल और बोधगया थाना की पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दोनों तस्करों को गिरफ्तार करते हुए हेरोइन की बरामदगी की गई। पुलिस के अनुसार गया पुलिस पूर्ण नशाबंदी को लेकर कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में सूचना मिली थी, कि बोधगया थाना अंतर्गत प्रोजेक्ट कन्या हाई स्कूल के समीप हेरोइन की खरीद-बिक्री के लिए कुछ तस्कर इकट्ठा हो रहे हैं। सूचना मिलने के बाद टेक्निकल सेल और बोधगया पुलिस को मिलाकर विशेष टीम का गठन किया गया। इसके बाद चिन्हित स्थान पर छापेमारी की गई। पुलिस की टीम जब छापेमारी करने को पहुंची, तो हेरोइन के जुटे तीन तस्कर मौके से भागने लगे। पुलिस ने खदेड़कर दो की गिरफ्तारी कर ली। वहीं, एक भाग निकलने में कामयाब रहा। मौके से गिरफ्तार दो तस्करों की तलाशी ली गई, तो उनके पास से 530 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया। वहीं सेंपल का एक पुड़िया हेरोइन का बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार तस्करों से पूछताछ की गई। इस क्रम में सामने आया है, कि बरामद हेरोइन का अनुमानित मूल्य बाजारों में 30 से 40 लाख रुपए के करीब है।



## नेहरू कांग्रेस का देश विरोधी चेहरा उजागर : भाजपा

**एजेंसी। नई दिल्ली**
अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के निमंत्रण को कांग्रेस द्वारा अस्वीकार करने पर भारतीय जनता पार्टी ने उसकी तीखी आलोचना की है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस ने नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया। कांग्रेस ने जीएसटी लागू करने के ऐतिहासिक फैसले का बहिष्कार किया। जी20 शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया। कांग्रेस ने कारगिल विजय दिवस का भी बहिष्कार किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के नेतृत्व में मई 1998 में किए गए पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद कांग्रेस ने 10 दिनों तक कोई बयान नहीं दिया। यहां तक कि कांग्रेस ने अपनी पार्टी के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के भारत रत्न समारोह का भी बहिष्कार किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इसी बहिष्कार मानसिकता के कारण जनता भी उनका सत्ता से बहिष्कार कर रही है। यहां एक बात स्पष्ट है कि कांग्रेस अपने प्रवृत्ति के अनुरूप काम कर रही है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 500 सालों के संघर्ष के बाद राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है लेकिन कांग्रेस अपनी प्रवृत्ति के अनुरूप काम कर रही है। सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का भी जवाहरलाल नेहरू ने बहिष्कार किया था। नेहरू द्वारा 24 अप्रैल, 1951 में लिखे पत्र में प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया गया था। फिर इंदिरा के जमाने में अयोध्या में 1976 में राम मंदिर साक्ष्य निकल रहे थे तो वहां काम रुकवा दिया गया था। सोनिया गांधी के जमाने में राम को काल्पनिक बता दिया गया लेकिन राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कांग्रेस के लिए मौका था कि वे अपने आप को बदल सकते थे। उन्होंने कहा कि यह नेहरू की कांग्रेस है, यह महात्मा गांधी की कांग्रेस नहीं है। रामराज की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण अस्वीकार करना कांग्रेस के अंदर के हिन्दू धर्म विरोध को दशार्ता है।



## एससी ने नवाब मलिक की अंतरिम जमानत छह महीने के लिए बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक की अंतरिम मेडिकल जमानत गुरुवार को छह महीने के लिए बढ़ा दी। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने आदेश दिया कि मलिक को चिकित्सा आधार पर दी गई अस्थायी जमानत को छह महीने के लिए बढ़ाया जाए। एक संक्षिप्त सुनवाई में, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश राजू ने कहा कि अगर शीर्ष अदालत मलिक की अंतरिम जमानत बढ़ाती है, तो मनी लॉन्ड्रिंग रोधी एजेंसी को कोई आपत्ति नहीं है। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया,ह्लप्रार्थना के अनुसार अंतरिम जमानत को छह महीने की अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ाया जाता है। मुख्य मामले को छह महीने के बाद सूचीबद्ध करें।ह्वइससे पहले, शीर्ष अदालत ने यह देखते हुए अंतरिम राहत तीन महीने के लिए बढ़ा दी थी कि मलिक अभी भी क्रोनिक किडनी रोगों से पीड़ित हैं और उनकी चिकित्सा स्थिति में सुधार नहीं हुआ है।

## प्रदर्शन कर रहे भीम आर्मी कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्ज



**एजेंसी। गया**
भीम आर्मी के सदस्यों पर पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया। पुलिस ने प्रदर्शन में शामिल लोगों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। जिले में भीम आर्मी के सदस्य द्वारा लगातार अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा था। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व को बड़ी संख्या में लोग शहर के गांधी मैदान से पैदल मार्च निकले थे। यह पैदल मार्च गांधी मैदान से निकलकर शहर के मुख्य चौराहा से होते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। इस दौरान प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे। इसी दौरान पुलिस और भीम आर्मी के सेना के बीच झड़प हो गई। भीम आर्मी सैकड़ो की संख्या में एसपी कार्यालय पहुंचे एवं एसएसपी कार्यालय के बंद गेट को तोड़ने का भी प्रयास कर रहे थे। प्रदशन के दौरान उपद्रव पर उतरे भीम आर्मी के कार्यकताओं पर पुलिस ने लाठी चार्ज करते हुए आंसू गैस छोड़े। भीम आर्मी के सदस्यों ने बताया कि जिले में लगातार अपराधी घटनाएं बढ़ती जा रही है। बहुजन समाज के लोग साथ-साथ आम नागरिक का मीडिया को भी निशाना बना रहे हैं। उनके साथ कोई घटना दुर्घटना होती है तो संबंधित थाना केश दर्ज कर लिया जाता हैं। मगर कार्रवाई के नाम पर पुलिस सुस्त पड़ जाती है। जिसके खिलाफ हम लोग प्रदर्शन कर रहे थे। इस मामले को लेकर एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि भीम आर्मी के द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा था। प्रदर्शन के दौरान किसी के बहकावे में आकर कार्यकताओं ने उपद्रव शुरू कर दिया और पुलिस पर हमला कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लाठी चार्ज किया एवं इस मामले में एक दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है।


## केंद्रीय मंत्री प्रमाणिक की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री और भाजपा सांसद निसिथ प्रमाणिक द्वारा 2018 के हत्या के प्रयास के एक मामले में अग्रिम जमानत की मांग करने वाली याचिका पर पश्चिम बंगाल सरकार से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने मामले में नोटिस जारी किया और याचिका पर सुनवाई की तारीख 12 जनवरी तय की।इससे पहले प्रमाणिक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पी.एस. पटवालिया ने कहा कि गिरफ्तारी की आशंका है क्योंकि मामले में 5 मार्च 2023 को वारंट जारी किया गया है। प्रमाणिक द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका में कहा गया है कि उन्हें लापरवाही से एक आरोपी के रूप में नामित किया गया है, उनके खिलाफ एक भी आरोप नहीं है। वकील सिद्धेश शिरीष कोटवाल के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि जांच के दौरान भी, याचिकाकर्ता को कथित अपराध से जोड़ने के लिए कोई सबूत नहीं मिला है।



## परीक्षक के विवादित उत्तर के मामले में छात्र को पूरे अंक पाने का अधिकार : दिल्ली हाई कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि यदि परीक्षक टिक मार्क लगाने के बाद भी सही उत्तर इंगित करने में असफल रहता है तो छात्र को पूरे अंक दिए जाने चाहिए। न्यायमूर्ति सी. हरि शंकर ने कहा कि परीक्षक की गलती की सजा छात्र को नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्र संदेह का लाभ पाने का हकदार है। अदालत ने स्पष्ट किया कि परीक्षक द्वारा की गई किसी भी त्रुटि के बावजूद, जब तक उत्तर पुस्तिका स्पष्ट रूप से उत्तर को गलत नहीं बताती, तब तक छात्र को प्रश्न के लिए आवंटित अंक प्राप्त होने चाहिए। यह सुनिश्चित करने के महत्व की ओर इशारा करते हुए कि छात्र को किसी परीक्षक की गलती के लिए दंडित नहीं किया जाए, न्यायमूर्ति शंकर ने कहा, छात्र को परिणाम भुगतने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। अदालत ने 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के भूगोल के पेपर में एक छात्रा को पूरे अंक दिए।



## चुनाव आयोग ने बंगाल में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर दैनिक रिपोर्ट मंगवाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय को अब राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भारतीय निर्वाचन आयोग को दैनिक रिपोर्ट भेजनी होगी। सीईओ कार्यालय के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि आयोग के शीर्ष अधिकारी राज्य के हर कोने में कानून-व्यवस्था की सामान्य स्थिति में उल्लंघन के हर मामले की जानकारी चाहते हैं, जिसका संकलन इस वर्ष निर्धारित आगामी लोकसभा चुनावों के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था तैयार करने में काम आएगा। दैनिक रिपोर्ट में, अन्य बातों के अलावा, कानून-व्यवस्था के उल्लंघन पर मीडिया रिपोर्ट भी संलग्न करनी होगी। इसके अलावा राज्य सीईओ कार्यालय को कुछ अन्य विषयों पर भी आयोग को नियमित रिपोर्ट भेजनी होगी। इनमें संशोधित मतदाता सूची, फर्जी और मृत मतदाताओं की पहचान, डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र, इस संबंध में विभिन्न राजनीतिक दलों का अवलोकन, राज्य में उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों और वीवीपीएटीएस की स्थिति आदि का विवरण शामिल है। सीईओ कार्यालय के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा कि हालांकि किसी भी चुनाव से पहले लगातार रिपोर्ट मांगना एक आम बात है, लेकिन इस बार यह प्रक्रिया चुनाव से काफी पहले शुरू हो गई है।

## उपलब्धि — लगातार सातवीं बार मिला यह गौरव

# स्वच्छता में इंदौर फिर बना नंबर वन शहर

**एजेंसी। भोपाल**
भोपाल मध्य प्रदेश के छह शहरों को स्वच्छता सर्वेक्षण में अवार्ड मिले हैं। इंदौर शहर देशभर में एक बार फिर नंबर वन आया है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश के भोपाल, महू कैंट, बुदनी अमरकंटक, नौरोजाबाद को स्वच्छता अवार्ड मिला है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में राज्यों के स्वच्छता रैंकिंग में मध्य प्रदेश को दूसरे सबसे स्वच्छ राज्य का दर्जा मिला है। महाराष्ट्र इस मामले में पहले नंबर पर आया है। स्वच्छ राज्यों में छत्तीसगढ़ तीसरे नंबर पर रहा। पिछले साल मप्र को देश का सबसे स्वच्छ राज्य चुना गया था, वहीं छत्तीसगढ़ दूसरे नंबर पर था। इस तरह दोनों राज्यों की रैंकिंग एक-एक पायदान गिरी है। भोपाल को देश की स्वच्छतम राज्य राजधानी का खिताब मिला है। भोपाल को गार्बेज फ्री सिटी में पांच स्टार रेटिंग मिली है। वहीं वाटर प्लस का भी अवार्ड मिला है। इंदौर जिले के कैंट बोर्ड महू को पहला स्थान मिला है। देश में 61 कैंट में से महू को यह स्थान मिला है। सीहोर जिले की बुदनी नगर परिषद देश में नंबर-1 कस्बा बन गई है। इस क्षेत्र में स्वच्छता और वाटर प्लस में नंबर वन का तमगा मिला है। 25 हजार की आबादी वाले नगरों में बुदनी नंबर वन घोषित हुआ है। इसके अलावा एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में प्रदेश के नौरोजाबाद को फास्ट मूविंग सिटी का पहला और अमरकंटक को दूसरा पुरस्कार मिला।



### सातवें आसमान पर अपना इंदौर : सीएम

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर सहित प्रदेशवासियों को इस सम्मान के लिए बधाई दी है। उन्होंने अपने ट्वीट संदेश में कहा कि स्वच्छता के सातवें आसमान पर अपना इंदौरङ्ग इंदौरवासियों ने पुनः यह सिद्ध कर दिया है कि स्वच्छता न सिर्फ उनकी आदत बन चुकी है, बल्कि अब उनकी सोच में भी स्वच्छता ही है। स्वच्छता की इस सबसे बड़ी उपलब्धि पर मैं समस्त प्रदेशवासियों एवं स्वच्छता के कार्य में लगी पूरी टीम को बधाई देता हूं एवं अपील करता हूं कि स्वच्छता के लिए आपका यह जुनून कभी कम न हो।

## राम मंदिर उद्घाटन पर भाजपा हिंदुओं को बांट रही : सिद्धारमैया

**एजेंसी। बेंगलुरु**
कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह पर भाजपा की राजनीति हिंदुओं को एकजुट करने के बजाय हिंदू समुदाय को विभाजित कर रही है। इस संबंध में एक प्रेस बयान में, राम मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने से परहेज करने के कांग्रेस पार्टी के रुख का समर्थन करते हुए, सिद्धारमैया ने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट सचिव के इस बयान से कि राम मंदिर में शैव और शाक्तों के लिए कोई शक्ति नहीं होगी, हड़कंप मच गया है। उन्होंने कहा,अगर यह सच है, तो यह सभी शैव भक्तों का अपमान है। यह भी बताया गया है कि देश में चार शंकराचार्य पीठों ने राजनीति के लिए राम मंदिर के दुरुपयोग का विरोध करते हुए श्री राम मंदिर उद्घाटन का बहिष्कार किया है। उन्होंने कहा, एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी द्वारा राम लला स्थापना कार्यक्रम में भाग न लेने का निर्णय सही है। मैं फैसले का समर्थन करता हूं।''सिद्धारमैया ने कहा,प्रधानमंत्री मोदी और संघ परिवार ने एक धार्मिक कार्यक्रम को पार्टी कार्यक्रम में बदल दिया है। इस स्थापना को धर्म, जाति और संप्रदाय की सीमाओं से परे जाकर सभी को शामिल करना चाहिए था।



## रन लेते समय 36 साल के इंजीनियर की हार्ट अटैक से मौत

**एजेंसी। नोएडा**



नोएडा में क्रिकेट मैच के दौरान रन लेते समय पिच पर ही बल्लेबाज की मौत हो गई। वह रन लेने के लिए दौड़े तो आधी पिच तक पहुंचते-पहुंचते हांफने लगे। फिर, लड़खड़ाकर बेहोश होकर गिर पड़े। साथी दौड़ते हुए उनके पास पहुंचे। कुछ खिलाड़ियों ने सीपीआर दिया। रिस्पांस नहीं हुआ तो तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन, वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम विकास नेगी है, जिनकी उम्र महज 36 साल थी। वह दिल्ली की एक कंपनी में बतौर इंजीनियर काम करते थे। रविवार को हुई घटना का मंगलवार शाम वीडियो सामने आया है। नोएडा के सेक्टर-135 स्थित स्टेडियम में रविवार को कारपोरेट लीग में मैवरिक्स इलेवन और ब्लैजिंग बुल्स का मैच चल रहा था। मैवरिक्स टीम की तरफ से उमेश कुमार और विकास बल्लेबाजी कर रहे थे।

## वार्नर बीबीएल के लिए एससीजी पर हेलीकॉप्टर से उतरेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**




डेविड वार्नर सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर उतरेंगे क्योंकि वह शुक्रवार को सिडनी सिक्सर्स के खिलाफ सिडनी थंडर के लिए बिग बैश लीग (बीबीएल) मैच खेलने के लिए अपने भाई की शादी से सीधे हेलीकॉप्टर में उड़ान भरने की योजना बना रहे हैं।

ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, वार्नर के आउटफील्ड पर उस स्थान को छूने की उम्मीद है जहां उनके विदाई टेस्ट के दौरान थैंक्स डेव लोगो चित्रित किया गया था। मौसम की स्थिति के आधार पर उनका आगमन शाम 5 बजे होने की उम्मीद है। वह हमारे लिए आने और खेलने के लिए काफी प्रयास कर रहा है। हमें उसका यहां होना बहुत पसंद है। पिछले साल उसने हमारे लिए शानदार प्रदर्शन किया था, हो सकता है कि उसने उतने रन नहीं बनाए जितने वह चाहता था, लेकिन समूह के आसपास रहा और ज्ञान बांटता रहा।

### ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर को लेकर भारतीय कप्तान सविता ने कहा

## हम हर चुनौती के लिए तैयार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कुछ अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में एक 'चुनौतीपूर्ण' टूर्नामेंट के लिए तैयार भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पुनिया को शहर के हॉकी प्रेमियों के मजबूत समर्थन और कड़ी मेहनत की उम्मीद है। उनकी टीम शनिवार से यहां शुरू होने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में भाग लेगी और पेरिस 2024 का टिकट हासिल करने का प्रयास करेगी।

आठ-टीम एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर की शुरूआत से दो दिन पहले एक संवाददाता सम्मेलन में सविता ने कहा कि टीम कुछ महीने पहले एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान स्थानीय हॉकी प्रेमियों से मिले समर्थन से उत्साहित है और कहा कि टीम एक बार फिर रांची में खेलने को लेकर उत्सुक है।

भारत ग्रुप बी में न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली के साथ है क्योंकि मैदान में आठ टीमों को चार-चार के दो समूहों में विभाजित किया गया है। पूल ए में वर्ल्ड नंबर 5 जर्मनी, 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जापान, चिली और चेक गणराज्य शामिल हैं। ये आठ टीमें इस साल के अंत में पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए रांची में उपलब्ध तीन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।



**भारतीय कप्तान ने कहा कि वे पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि टीम अपने प्रदर्शन और मैचों पर ध्यान दे रही है और विरोधियों के बारे में ज्यादा नहीं सोच रही है।**

सविता ने कहा, हमने इस आयोजन के लिए बहुत अच्छी तैयारी की है और हमने इस आयोजन की तैयारी के लिए व्यक्तिगत रूप से और एक टीम के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। कोचों ने हमें खेल के उन सभी पहलुओं पर काम करने में मदद की है जिन पर ध्यान देने की जरूरत है।

भारत इस प्रतियोगिता में दीप ग्रेस एक्का, सुशीला चानू, वंदना कटारिया और गुरजीत कौर जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना उतर रहा है।

उन्होंने कहा, हम पेरिस में जगह बनाने और ओलंपिक में भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जो कुछ भी हमारे हाथ में है, वह कोशिश करेंगे। लेकिन उससे पहले हमें इसके लिए क्वालीफाई करना होगा और इस समय हम उसी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम अपने खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और हम अच्छी तैयारी कर रहे हैं।



**ओलंपिक क्वालीफायर**

## अतीत भूलकर भविष्य के बारे में सोचने की सलाह दी कोच शोपमैन ने

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय महिला हॉकी टीम शनिवार से यहां शुरू होने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए तैयार है। टूर्नामेंट से पहले मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने खिलाड़ियों और हॉकी प्रशंसकों को अतीत को भूलकर भविष्य के बारे में सोचने की सलाह दी है। संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ भारत के शुरूआती मैच से दो दिन पहले एक संवाददाता सम्मेलन में शोपमैन ने कहा कि टीम हांग्जो एशियाई खेलों में सीधे स्थान हासिल करने से चूक गई।

भारत ग्रुप बी में न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली के साथ है क्योंकि मैदान में आठ टीमों को चार-चार के दो समूहों में विभाजित किया गया है। पूल ए में वर्ल्ड नंबर 5 जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य शामिल हैं। ये आठ टीमें इस साल के अंत में पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए रांची में उपलब्ध तीन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।

## नागपुर में होने वाली खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे रामगढ़ के 23 खिलाड़ी



**रामगढ़।** नागपुर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में रामगढ़ के 23 खिलाड़ी शामिल होंगे। गुरुवार को उन सभी खिलाड़ियों को सम्मान के साथ रवाना किया गया। यह रामगढ़ जिला के लिए गर्व का विषय है। सभी चयनित बच्चों को पांच दिनों के लिए रांची आरोग्य भवन ट्रेनिंग प्रैक्टिस के लिए भेजा गया है जहां से आगामी 17 जनवरी को नागपुर महाराष्ट्र के लिए प्रस्थान करेंगे।

**माता-पिता और बच्चों ने की हनुमान मंदिर में पूजा :** रामगढ़ बस स्टैंड हनुमान मंदिर में सभी बच्चों एवं अभिभावकों के द्वारा श्री हनुमान जी के मंदिर में ओंकार, गायत्री मंत्र, हनुमान चालीसा पाठ एवं पूजा आरती किया गया। साथ ही साथ सभी प्रतिभागी बच्चों को तिलक चंदन लगाकर अभिभावकों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इस अवसर पर एकल अभियान रामगढ़ अंचल समिति संरक्षक डॉक्टर सुधिर आर्या, सचिव मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनमोल सिंह, नगर उपाध्यक्ष भाजपा सुशांत कुमार पांडे, , विश्व हिंदू परिषद जिला संघ प्रतिनिधि आलोक अग्रवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## सब जूनियर तीरंदाजी नेशनल प्रतियोगिता में योगेंद्र व समीर ने फाइनल में प्रवेश किया




**रांची।** 40वें सब जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता जो दिनांक 06 -14 जनवरी 2024 तक रायपुर (छत्तीसगढ़) में चल रही है। जिसमें झारखंड के इंडियन राउंड के तीरंदाज योगेंद्र हिस्सा एवं समीर बेहरा शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों तीरंदाज फाइनल में प्रवेश कर गए हैं। झारखंड के बालिका वर्ग में जोन्हा रांची की लक्ष्मी कुमारी 30 मीटर की दूरी में रजत पदक एवं लवली कुमारी ने 20 मीटर की दूरी में स्वर्ण पदक झारखंड को दिलाया।

### 1000वां पीकेएल मैच कबड्डी जगत के लिए गर्व की बात : अभिषेक बच्चन



जयपुर पिंक पैंथर्स (जेपीपी) शुक्रवार से शुरू होने वाले अपने घरेलू चरण में अपना शानदार फॉर्म जारी रखना चाहेगी। पैंथर्स की टीम, जो इस समय अंक तालिका में चौथे स्थान पर है, 12 जनवरी 2024 को दिन के पहले मैच में एसएमएस इंडोर स्टेडियम में तेलुगु टाइटंस से भिड़ेगी।

## भारतीय पहलवान अमन ने 57 किग्रा वर्ग में जीता स्वर्ण

**एजेंसी। जाग्रेब**

मौजूदा एशियाई चैंपियन अमन सहरावत ने जाग्रेब ओपन कुश्ती टूर्नामेंट में पुरुषों के 57 किग्रा में चीन के जो वानहाओ को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

पिछले साल कांस्य पदक जीतने वाले सहरावत ने बुधवार रात रैंकिंग सीरीज के 2024 संस्करण में पहला पदक जीतने के लिए वानहाओ को तकनीकी श्रेष्ठता (10-0) से हराया।

अपने स्वर्ण पदक की राह में, सहरावत ने क्वार्टर फाइनल में यूएसए के जेन रिचर्ड्स को समान अंतर से हराने के बाद सेमीफाइनल में जॉर्जिया के रॉबर्टी डिंगशविली को 11-0 से हराया। भारतीय खिलाड़ी ने क्वालिफिकेशन राउंड में तुर्की के मुहम्मत करावुस पर 15-4 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की। ओलंपियन दीपक पुनिया (86 किग्रा) और यश (74 किग्रा), पदक जीतने में असफल रहे।

पुनिया को क्वालिफिकेशन राउंड में कजाकिस्तान के अजामत डौलेटबेकोव से 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, डौलेटबेकोव फाइनल में पहुंच गए और रेपेचेज के माध्यम से भारत को कांस्य पदक का मौका दिया।

पुनिया ने दो रेपेचेज राउंड में से एक में यूक्रेन के वैलेन्टिन बाबी को 4-1 से हराया लेकिन जॉर्जिया के एवसेम वेलिद्ज़े से 3-4 की हार ने उनकी पदक की उम्मीद खत्म कर दी।

इस बीच, यश सोमवार को पुरुषों के 74 किग्रा के 16वें राउंड में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर यूएसए के क्विंसी से हार गए। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ के निलंबन के कारण भारतीय पहलवान इस टूर्नामेंट में तटस्थ एथलीटों के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

## किशोर कुमार जेना पेरिस ओलंपिक के लिए ऑस्ट्रेलिया में प्रशिक्षण लेंगे



**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता किशोर कुमार जेना आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए ऑस्ट्रेलिया में प्रशिक्षण लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, क्योंकि युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने अपनी नवीनतम बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता जेना 78 दिनों तक ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में ट्रेनिंग करेंगे। खेल मंत्रालय, अपने टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के तहत, जेना, उनके कोच और फिजियोथेरेपिस्ट के हवाई किराए, बोर्डिंग और आवास व्यय के साथ-साथ प्रशिक्षण और मालिश सुविधाओं का लाभ उठाने की लागत, चिकित्सा और स्थानीय यात्रा व्यय और अन्य व्ययों के बीच चिकित्सा बीमा लागत का वित्तपोषण करेगा।

# व्यापार

## इनमोबी ने 125 कर्मियों को हटाने की बनाई योजना

**एजेंसी। नई दिल्ली**




सॉफ्टबैंक समर्थित मोबाइल विज्ञापन दिग्गज इनमोबी नौकरी में कटौती के दूसरे दौर में अपने 2,500 के वैश्विक कार्यबल में से 125 कर्मचारियों को निकालने की योजना बना रही है।

इनमोबी के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, बाजार की जरूरतों और ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए उत्पाद, उन उत्पादों को वितरित करने के लिए कौशल सेट और बाजार में जाने की रणनीतियां पिछले दशक की तुलना में काफी अलग होंगी।संगठन स्तर पर हम जो बदलाव ला रहे हैं, वह उपरोक्त जरूरतों को पूरा करने, प्रतिस्पर्धी बने रहने और इस दशक और उसके बाद विश्व स्तर पर जीत हासिल करने के लिए एक सक्रिय कदम है। पिछले साल जनवरी में कंपनी ने करीब 50 से 70 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। इस बीच, रिपोर्टों के मुताबिक, फिनटेक लीडर पेटीएम ने अपने परिचालन, बिक्री और इंजीनियरिंग टीम से कई सौ कर्मचारियों को निकाल दिया है।

# संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा, एक फरवरी को अंतरिम बजट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होकर 9 फरवरी तक चलेगा। केंद्रीय वित्त निर्मला सीतारमण एक फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट बजट पेश करेंगी। यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी केंद्रीय बजट होगा। साथ ही 17वीं लोकसभा का ये आखिरी सत्र भी होगा।

आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होकर 9 फरवरी तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जनवरी को संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा और अंतरिम बजट एक फरवरी को पेश होगा। जानकारी के मुताबिक वित्त मंत्री बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। निर्मला सीतारमण एक फरवरी को संसद में वित्त वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

### वित्त मंत्री सीतारमण वित्त वर्ष 2024 25 के लिए अंतरिम बजट करेंगी पेश



## एनसीएलटी ने रिलायंस कैपिटल रिजॉल्यूशन प्लॉन की मंजूरी पर आदेश सुरक्षित रखा

**एजेंसी। मुंबई**

एनसीएलटी मुंबई ने रिलायंस कैपिटल के लिए आईआईएचएल की समाधान योजना की मंजूरी पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है। एनसीएलटी ने आदेश सुरक्षित रखते हुए कहा है कि आदेश एक महीने के भीतर दे दिया जाएगा। रिलायंस कैपिटल प्रशासक द्वारा 9,861 करोड़ रुपये की समाधान योजना पिछले साल जुलाई में एनसीएलटी की मंजूरी के लिए प्रस्तुत की गई थी। इससे पहले, हिंदुजा समूह की कंपनी, आईआईएचएल की समाधान योजना को ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) ने जून 2023 में योजना के पक्ष में 99.6 प्रतिशत के भारी मतदान के साथ मंजूरी दे दी थी।

आईआईएचएल की समाधान योजना, जिसका मूल्य 9,861 करोड़ रुपये है, में तीन घटक शामिल हैं। सबसे पहले, बकाया ऋण, परिचालन ऋणदाताओं और अन्य दावों के निपटान के लिए वित्तीय ऋणदाताओं को 9,650 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी में पूंजी निवेश के लिए आईआईएचएल सीओसी को 200 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति करेगा। शेष 11 करोड़ रुपये का भुगतान कॉर्पोरेट देनदारों के पिछले निदेशकों द्वारा उचित परिश्रम की कमी के लिए किया जाएगा।

### अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया हुआ मजबूत

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया गुरुवार को 2 पैसे की बढ़त के साथ 83.01 पर बंद हुआ, जिससे भारतीय मुद्रा में लगातार सातवें दिन बढ़त रही। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कम कीमतों और विदेशी फंडों द्वारा शेयर बाजारों में इक्विटी की निरंतर खरीदारी से रुपये को स्थिर रहने में मदद मिली है। एलकेपी सिक्योरिटीज के वीपी रिसर्च एनालिस्ट जतिन त्रिवेदी ने कहा रुपये ने दिन के दौरान 82.92 और 83.07 के बीच उतार-चढ़ाव के साथ एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की।

## ओला ने 2023 तक अपनी मूल कंपनी को 8 हजार से ज्यादा ई-स्कूटर बेचे

**एजेंसी। नई दिल्ली**




भविश अग्रवाल के नेतृत्व वाली ओला इलेक्ट्रिक ने दिसंबर 2023 तक अपनी मूल कंपनी एएनआई टेक्नोलॉजीज को 8,200 से अधिक स्कूटर बेचे, जो कई भारतीय शहरों में अपनी इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सी सेवा शुरू और विस्तार करने की योजना बना रही है। मिंट की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि कंपनी ने अपने डीआरएचपी में 7,000 करोड़ रुपये से अधिक के आईपीओ के लिए संबंधित पार्टी लेनदेन का खुलासा नहीं किया, जो पिछले साल दिसंबर में दायर किया गया था। ड्राफ्ट पेपर्स में 30 जून 2023 तक ओला इलेक्ट्रिक के वित्तीय विवरण शामिल थे।

## तनिष्क मना रहा है 'फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स' कई आकर्षक रेंज हैं उपलब्ध



**रांची।** भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का एक हिस्सा, तनिष्क में मनाया जा रहा है फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स। जीवन के छोटे-छोटे पलों का जश्न मनाने का हार्दिक निमंत्रण तनिष्क ब्रांड ने अपने सभी उपभोक्ताओं को दिया है। फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स में हीरों के आभूषणों की विशाल श्रेणी प्रदर्शित की गयी है। ज्वेलरी इसो बॉक्स के लिए तनिष्क के हीरों के आभूषण सबसे बेहतरीन एडिशन हैं। अपने खुशियों से भरे पलों को यादगार बनाने के लिए उन्हें तनिष्क हीरों के साथ जुड़ने की अपील कर रहा है। यहॉ डायमंड इयररिंग्स, ब्रेसलेट्स, नेकवेयर, फिंगर रिंग्स और कई प्रकार के हीरों के आभूषण प्रस्तुत किए गए हैं। फेस्टिवल ऑफ डायमंड्स में अनोखी और विशाल श्रेणी में से ग्राहक अपनी पसंद चुन सकते है। खुद के लिए हो, या जन्मदिन, जीवन की छोटी-छोटी उपलब्धियों और अन्य विशेष अवसरों के लिए हो, तनिष्क के हीरों के आभूषण बेहतरीन हैं। तनिष्क के खुशियों से भरे डायमंड ट्रीट्स की शान को अपनाइए सिर्फ 15,000 रुपयों से शुरू होने वाली कीमतों में। आपकी खुशियों को दुगुना करने के लिए तनिष्क ब्रांड की ओर से डायमंड ज्वेलरी वैल्यू पर 20% तक की छूट भी दी जा रही है। दूसरे किसी भी ज्वेलर से खरीदे गए पुराने सोने को एक्सचेंज कर नए हीरों के आभूषणों को अपने कलेक्शन में जोड़ सकती है।

## चीनी वाहनों का उत्पादन और बिक्री पहली बार 3 करोड़ के पार

**नवीन मेल संवाददाता। बीजिंग**



चीनी वाहन उद्योग संघ द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, साल 2023 में चीन का वाहन उत्पादन और बिक्री पहली बार 3 करोड़ को पार कर गई, जो इतिहास में एक रिकॉर्ड ऊंचाई है। इनमें से 49 लाख 10 हजार वाहनों का निर्यात किया गया। चीन के दुनिया का सबसे बड़ा वाहन निर्यातक बनने की उम्मीद है। साल 2023 में, चीन ने 3 करोड़ 1 लाख 61 हजार वाहनों का उत्पादन किया, और 3 करोड़ 94 हजार वाहनों की बिक्री की, जिसमें साल 2022 की तुलना में क्रमशः 11.6% और 12% की वृद्धि हुई है। साल 2022 में चीन दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा वाहन निर्यातक रहा। नई ऊर्जा वाहन चीन के ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण फोकस के रूप में उभरे हैं। उनकी निर्यात - संचालित भूमिका तेजी से स्पष्ट हो रही है।

### रिलायंस इंक का मार्केट कैप 18 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के साथ ही गुरुवार को कंपनी का बाजार पूंजीकरण 18 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। आरआईएल का शेयर आज 2.5 प्रतिशत उछलकर 2,700 रुपये के पार पहुंच गया जिससे इसका बाजार पूंजीकरण 18.36 लाख करोड़ रुपये हो गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि निफ्टी का ग्राफ पूरे सत्र में लगभग सपाट रहा और 21,647 के स्तर पर मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ।

## ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत एशिया में भी खरीदारी का माहौल

**एजेंसी। नई दिल्ली**



ग्लोबल मार्केट से आज मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार के तीनों सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर तेजी का माहौल बना हुआ है। महंगाई के मोर्चे पर राहत मिलने की उम्मीद के कारण पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में उत्साह का माहौल बना रहा।

न्यूयॉर्क फेडरल रिजर्व के प्रेसिडेंट जॉन विलियम्स ने बुधवार को अपने बयान में कहा था कि महंगाई के आंकड़े सही दिशा में नजर आ रहे हैं।

इस बयान के बाद डाउ जॉन्स में करीब 170 अंक की उछाल दर्ज की गई। इसी तरह एस एंड पी 500 इंडेक्स ने 0.47 प्रतिशत की मजबूती के साथ 4,778.93 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14,944.12 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

## एनटीटी का नया डेटा सेंटर कैंपस




**नई दिल्ली।** वैश्विक आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और सेवा कंपनी एनटीटी ने गुरुवार को भारत में अपना नया डेटा सेंटर कैंपस लॉन्च किया। कंपनी ने कहा, "यह परिसर दिल्ली-एनसीआर के भीतर नोएडा के डेटा सेंटर कॉरिडोर में है। यह न्यूनतम विलंबता के लिए एनटीटी के अन्य डेटा सेंटर स्थानों के साथ कैरियर न्यूट्रल इंटरकनेक्टेड है और शीर्ष स्तरीय सार्वजनिक क्लाउड प्रदाताओं तक बिना बाधा के पहुंच प्रदान करता है। छह एकड़ में फैला परिसर, दो डेटा केंद्रों में 52.8 मेगावाट महत्वपूर्ण आईटी लोड की नियोजित क्षमता का समर्थन करेगा। एनटीटी ग्लोबल डेटा सेंटर्स एंड सबमरीन केबल के सीईओ और अध्यक्ष डी एडम्स ने एक बयान में कहा, इस नई साइट के साथ हम विश्वसनीय बुनियादी ढांचा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं जो दुनिया भर में हमारे ग्राहकों की डिजिटल महत्वाकांक्षाओं की मांगों का समर्थन कर सकता है।

## एक नजर

### जिप सदस्य ने किया चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास

**केतार।** केतार बाजार स्थित मध्य विद्यालय का चारदीवारी निर्माण का शिलान्यास गुरुवार को जिला परिषद सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद ने नारियल फोड़कर किया। उक्त चारदीवारी का निर्माण विधायक मद की राशि 2 लाख रुपये से किया जायेगा। मौके पर जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद ने कहा कि विद्यालय का चारदीवारी निर्माण नहीं होने से छात्र छात्राओं और शिक्षकों परेशानी होती थी। लेकिन अब परेशानी दूर हो जायेगी। जिप सदस्य ने गुणवत्तापूर्ण चारदीवारी निर्माण कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर विनोद प्रसाद, अमरनाथ जयसवाल, मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, महादेव प्रसाद, शिक्षक संतोष ठाकुर, धनंजय पटेल, दिलीप जयसवाल मौजूद थे।

### अवैध रूप से बिजली जलाते चार को पकड़ा

**चिनिया।** बिजली विभाग के कनीय अभियंता दीपक कुमार ने चिनिया के विभिन्न गांवों में छापेमारी अभियान चलाकर अवैध रूप से बिजली जलाते मौके से चार लोगों को पकड़ा। सभी के ऊपर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिन लोगों को मौके से अवैध रूप से बिजली जलाते पकड़ा गया है उनमें डोल गांव निवासी बलवंत कुमार प्रजापति, देव प्रसाद गुप्ता, सकेंद्र प्रजापति, बिलैती खैर गांव निवासी भगत यादव शामिल हैं। छापेमारी अभियान में कनीय अभियंता दीपक कुमार,सिकंदर कुमार, सीमंत चंद्रवंशी, अनीरूध प्रसाद, जितेंद्र यादव शामिल थे।

### बाइक से टकराई नील गाय, सवार घायल

**भवनाथपुर।** श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ के छहमाईलवा के समीप गुरुवार को भवनाथपुर अंचल अमीन जनार्धन महतो अपने बाइक से नील गाय के टकराने से गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें घायलावस्था में कर्मियों के द्वारा भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। आयुष चिकित्सक अभिनीत विश्वास के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। अमीन ने बताया कि बंशीधर नगर से भवनाथपुर अंचल आने के दौरान अचानक बाईक के सामने नील गाय दौड़ गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई।

### रवि फसल पर किया गया कार्यशाला का आयोजन

**डंडई।** बीडीओ राहुल कुमार सानू की अध्यक्षता में गुरुवार को रवि फसल पर प्रखंड स्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**पीड़िताओं के तीखे सवाल : क्या सरकार को हमारी कोई परवाह है? अगर परिवार के सदस्यों को उचित काम मिलता, तो क्या हमें ऊंची ब्याज दरों पर कर्ज लेना पड़ता?**

# माइक्रोफाइनेंस संस्थानों के चंगुल में महिलाएं, हो रही हैं शोषण का शिकार

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

गरीब महिलाओं की मदद करने की आड़ में माइक्रोफाइनेंस संस्थानों (एमएफआई) ने साहूकारी की पुरानी व्यवस्था को फिर से शुरू कर दिया है। पलायन, सुखाड़ और बेरोजगारी के साथ-साथ धन की आवश्यकता कर्ज के लिए मजबूर कर देती है। माइक्रोफाइनेंस, मुख्य रूप से महिलाओं को ही कर्ज देते हैं। अधिकारियों को पता है कि कैसे माइक्रोफाइनेंस ने इन क्षेत्रों में अपनी दुकानें स्थापित की हैं, लेकिन इसे रोकने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा है।

क्या एमएफआई से कर्ज लेने वाले परिवार इसके जाल से कभी नहीं बच सकते? इसके द्वारा सिर्फ महिलाओं को ही कर्ज क्यों दिया जाता है? पुरुष इस तरह के कर्ज पाने के हकदार क्यों नहीं हैं? इस कर्ज के बारे में ग्रामीण महिला और पुरुषों के द्वारा बताया गया कि हम जैसे गरीब लोगों के पास कोई विकल्प नहीं है। हमारे नियमित उपभोग और सामाजिक दायित्वों जैसे शादी-विवाह, चिकित्सा, त्योहारों और टूटे हुए घरों की मरम्मत के लिए हमें असुरक्षित लोन कौन देगा? क्या सरकार को हमारी कोई परवाह है? अगर हमारे परिवार के सदस्यों को उचित काम मिलता, तो क्या हमें ऊंची ब्याज दरों पर कर्ज लेना पड़ता?



गीता देवी बताया कि उसने उत्कर्ष माइक्रोफाइनेंस संस्था से 70 हजार रुपये का कर्ज लिया हैं, जिसमें कुल 68000 रुपये मिले बाकी की राशि बीमा के रूप में काट ली गई थी। लोन की शर्तों के अनुसार, हर महीने भुगतान करती हूं, आधे से अधिक किस्तों का भुगतान कर चुकी हूं लेकिन अब वह भुगतान करने में असमर्थ हैं। परवनता जो एक विधवा हैं, ने कहा कि कर्ज वसूलने वालों की कथित धमकियों के कारण उन्हें अपने छोटे छोटे बच्चों को छोड़कर अपना घर छोड़ना पड़ाता है। चंचला सिंह के द्वारा बताया गया कि लोन रिकवरी वालों की धमकियों और रात्रि में आकर तरह तरह कि बात करना, इससे एकदम तंग हो गयी हूं, यदि इसी प्रकार से प्रताड़ित किया जाता रहा तो सपरिवार आत्महत्या के सिवाय कोई समाधान नजर नहीं आता। इस संबंध में हम सभी प्रताड़ित महिलाओं नें रमना थाना को आवेदन देकर न्याय कि गुहार लगायी हूं, लेकिन पुलिस के द्वारा हमलोगों को ही बोला गया कि सभी एजेंटो को लेकर थाना आ जाओ। अन्य महिलाओं नें भी बताया कि समूह के सदस्यों को कथित तौर पर धमकी दी जाती है कि यदि एक सदस्य किश्तों का भुगतान करने में विफल रहता है, तो बाकी सभी के लोन (कर्ज) समाप्त कर दिए जाएंगे। इसके परिणामस्वरूप, जब समूह का कोई सदस्य किश्त चुकाने के लिए संघर्ष करता है, तो अन्य सदस्य अक्सर उसपर दबाव डालते हैं। इससे उनके आपसी संबंधों में खटास आ रही है। इसके अलावा, कर्ज लेने वालों के साथ कथित अमानवीय व्यवहार के कारण विनाशकारी स्थिति पैदा हुई है। क्षेत्र में कुछ महिलाओं ने कथित तौर पर आत्महत्या करने की भी कोशिश की है, जबकि कई फरार हैं। महिलाओं को कर्ज के चंगुल में फंसाए रखने के लिए एमएफआई ने एक और तरीका अपनाया है। पांच से सात किश्तों का भुगतान करने के बाद, महिलाओं को बताया जाता है कि वे फिर से लोन लेने के लिए पात्र हैं। पुराने कर्ज का पैसा काटकर नए का दोबारा बीमा कराने के बाद इन महिलाओं को नए कर्ज के तहत काफी कम पैसा दिया जाता है। इसके बाद महिलाओं को ऊंची ब्याज दर के साथ ज्यादा पैसा देने को मजबूर होना पड़ता है। कर्ज देते समय, लोन एजेंट बताते हैं कि किश्तों का भुगतान एक निश्चित दिन पर किया जाना चाहिए। वे चेतावनी देते हैं कि यदि किश्तों का भुगतान करने में विफल रहते हैं तो दया दया नहीं करेंगे।

# प्रखंड समन्वयक हत्याकांड के मामले में मुखिया पति गिरफ्तार

## साजिश रचने के आरोप में एक अन्य अपराधी भी दबोचा, कट्टा बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पुलिस नगर उटारी के तुलसीदामर घाटी में प्रखंड समन्वयक सिराज अहमद की हत्या का षड्यंत्र रचने वाले फरठिया मुखिया पति सहनसा आलम और मुख़्तार अंसारी को गिरफ्तार किया है। उनके पास से कांड में प्रयुक्त मिट्टी से सना एक कट्टा भी बरामद किया गया है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने गुरुवार को अपने कार्यालय स्थित सभागार में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर दी।




उन्होंने बताया कि 14 जुलाई 2023 को गढ़वा थाना क्षेत्र के झलूआ गांव निवासी अब्दुल अजीज अंसारी का पुत्र व प्रखंड समन्वयक सिराज अहमद की नगर उतरी थाना क्षेत्र के तुलसीदामर घाटी में अज्ञात लोगों के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना में मृतक के भाई इसरार अंसारी द्वारा नगर ऊंटरी थाने में आवेदन दिया गया था। इसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर नगर ऊंटरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया था। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा इस कांड के नामजद अभियुक्त फरठिया गांव निवासी नजीबुल्लाह अंसारी के पुत्र टीपू सुल्तान, इमरान अंसारी तथा सुलेमान अंसारी को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि कांड में सलिप्त अन्य अपराधी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी क्रम इस कांड में शामिल अपराधी मुख्तार अंसारी को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उसकी निशानदेही पर कांड में प्रयुक्त एक कट्टा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि मुख्तार अंसारी के स्वीकारित बयान के आधार पर इस कांड में मुख्य षडयंत्रकर्ता शहंशाह आलम को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया उक्त घटना में दो लोग और शामिल हैं जिनमें एक पलामू जेल में बंद है। उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जायेगी। वहीं एक और अपराधी की गिरप्तारी के लिए छापमारी की जाएगी। प्रेस वार्ता में एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक जितेंद्र भगत, रंजन कुमार सिंह, चंद्रदेव कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अभिमन्यु सिंह आदि शामिल थे।

**सड़क पर जाम व पुलिस पर पथराव :** वहीं फरठिया मुखिया पति शहंशाह आलम की गिरफ्तारी के विरोध में ग्रामीणों फरठिया मोड़ पर हंगामा करने लगे। इस दौरान गढ़वा- रेहला सड़क पूरी तरह से जाम कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं अज्ञात लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी गढ़वा थाने में कराई गई है। एसपी ने बताया कि जाम की सूचना पर गढ़वा पुलिस पहुंची तो उस पर प्रदर्शनकारियों ने पथराव कर दिया। इसमें कुछ पुलिस कर्मियों को चोट भी आई है।

**राजनीतिक साजिश का शिकार बनाया गया आलम को :** गढ़वा पुलिस द्वारा मुखिया पति शहंशाह आलम की गिरफ्तारी पर ग्रामीणों ने कहा कि आलम को एक साजिश के तहत फंसाया गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधि के इशारे पर उनके कुछ चहेते लोगों ने झूठे केस में फंसाने का काम किया है। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक मुखिया पति को पुलिस प्रशासन द्वारा रिहा नहीं किया जाता तब तक वह सड़क पर प्रदर्शन करते रहेंगे। हालांकि कुछ देर बाद गढ़वा पुलिस दलबल के साथ वहां पहुंचकर शक्ति प्रदर्शन करते हुए सड़क से जाम को हटवाया।

**राजनीति का शिकार हुए हैं पतिः मुखिया :** फरठिया मुखिया शगुफ्ता बीबी ने कहा कि उनके पति को राजनीति का शिकार बनाया गया है। उन्होंने कहा कि उनके पति किसी भी हत्या की साजिश में शामिल नहीं है। स्थानीय पुलिस ने स्थानीय जनप्रतिनिधि के इशारे पर झूठे मुकदमे में फंसाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मुझे कानून पर भरोसा है और मुझे उचित न्याय मिलेगा।

## 'ओबीसी समाज को विभिन्न अधिकारों से किया जा रहा वंचित'

**भवनाथपुर।** पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एकता अधिकार मंच की बैठक भवनाथपुर शिव मंदिर प्रांगण में रामविचार साहू की अधक्षता में हुई। कार्यक्रम का संचालन बरूण बिहारी यादव ने किया। मौके पर गोरखनाथ चौधरी, सोनू गुप्ता, कोयल चंद्रवंशी, कपिल चन्द्रवंशी, अखिलेश विश्वकर्मा, सिकंदर मेहता, रमाकांत, नवनीत कुमार यादव, मनोज कुमार, मनोहर मेहता, धनजय मेहता, संजय रावत, अकबर अंसारी, कमलेश यादव, राजीव कुमार, आतिश शर्मा, महेश रावत, भगवान यादव, शोभनाथ पाल, महताब आलम, सुलतान अंसारी, रफी नेसार, राजेश्वर मिस्त्री, गोविंद कुमार गुप्ता, छोटन मेहता आदि उपस्थित थे। एकता मंच के संयोजक मंडल के सदस्य अजय वर्मा ने कहा कि आज हमारा समाज को अपने राजनीतिक, शैक्षणिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। अभी वर्तमान में निकाय चुनाव होने हैं जिसमें जनसंख्या के आधार पर हमारे समाज को भागीदारी देकर ही चुनाव कराया जाए। हमारे समाज को हिस्सेदारी नहीं दिया गया है। हमारी आबादी 65 प्रतिशत है यहां जातीय जनगणना राज्य सरकार को करना होगा। केंद्र की सरकार भी हमारी मांगों को अनदेखी कर रही है।

## पेज एक के शेष

### लोस चुनाव में 70 से...

होने लगी है कि पार्टी जनवरी के अंत तक 160 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर सकती है। इस बार जिनको टिकट दिया जाएगा उसमें जवान युवक-युवतियों या युवा नेताओं को ज्यादा टिकट देने की कोशिश होगी। इनमें से भी अति पिछड़ा व दलित व आदिवासी महिला को प्राथमिकता देने की कोशिश की जा रही है। इनमें भी ऐसे जो गरीब हों उनपर ज्यादा फोकस रहेगा ताकि गरीब व महिला को जाति के तौर पर आगे बढ़ाने का राजनीतिक नैरेटिव और चर्चा में लाया जा सके। जिससे इंडिया गठबंधन का अति पिछड़ा व दलित या जिसकी जितनी संख्या भारी ,उसकी उतनी भागीदारी की काट किया जा सके।

### स्नातकोत्तर छात्र, पूर्णकालिक ...

छात्रावास में रहने के लिए दबाव नहीं बनाया जाएगा। कई कालेज विद्यार्थियों से छात्रावास का बड़ा शुल्क वसूल करते हैं। इस वजह से विद्यार्थियों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ता है, जो नए नियम के चलते कम हो जाएगा। अब सरकारी कालेजों के अनुसार निजी कालेजों को भी विद्यार्थियों को भत्ता देना पड़ेगा। किस तरह परीक्षा होगी व मूल्यांकन किया जाएगा, परीक्षा के दौरान किस तरह निरीक्षक की नियुक्ति होगी और पाठ्यक्रम किस तरह का होगा, नए दिशा-निर्देशों में इसका भी उल्लेख किया गया है। मेडिकल कालेज के कई विद्यार्थी तनाव का शिकार होकर आत्महत्या जैसा कदम उठा लेते हैं। इस पर अंकुश लगाने के लिए अब पीजी मेडिकल विद्यार्थियों को अवकाश देने का भी प्रावधान किया गया है। पीजी मेडिकल विद्यार्थियों से 24 घंटे सेवा ली जाती है। ऐसी शिकायत मिलने के कारण विद्यार्थियों की ड्यूटी को लेकर नए नियमों में राहत दी गई है।एनएमसी में स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. विजय ओझा ने बताया कि नए नियमों से स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद छात्रों को अपनी डिग्री पंजीकृत करने में आने वाली कई कठिनाइयों का समाधान हो जाएगा। नए नियमों में कहा गया है कि सभी स्नातकोत्तर छात्र पूर्णकालिक रेजीडेंट डॉक्टरों के रूप में और ह्यउचित कार्य घंटोंह्ल में काम करेंगे और उन्हें एक दिन में ह्यआराम के लिए उचित समयह्ल प्रदान किया जाएगा। उन्हें प्रति वर्ष न्यूनतम 20 दिन की आकस्मिक छुट्टी और प्रति वर्ष पांच दिन की शैक्षणिक छुट्टी की अनुमति होगी। नए नियमों में कहा गया है कि अनिवार्य काम होने पर स्नातकोत्तर छात्रों को एक साप्ताहिक अवकाश की अनुमति दी जाएगी। डॉ. ओझा ने कहा कि इससे पहले लिखित में छुट्टी का प्रावधान नहीं था। चिकित्सा शिक्षा नियामक राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने पहली बार उसके द्वारा विनियमित चिकित्सा महाविद्यालयों में पोस्ट डाक्टोरल फेलोशिप पाठ्यक्रम की शुरूआत की है। आयोग को उम्मीद है कि इस पहल से अनुसंधान और चिकित्सीय कौशल विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। चिकित्सा संस्थान अब तक चिकित्सकों को प्रशिक्षित करने के लिए अपने स्तर पर ही यह पाठ्यक्रम तैयार कर उसे मंजूरी दे रहे थे। नियामक ने हाल ही में ह्यपोस्ट-ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन रेगुलेशन, 2023 को अधिसूचित किया है। इसके अनुसार एक बार चिकित्सा महाविद्यालय को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम या सीट शुरू करने की अनुमति मिल जाने के बाद पाठ्यक्रम को मान्यता प्राप्त माना जाएगा।


झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा
नए समाहरणालय भवन, ब्लॉक-ए,द्वितीय तल्ला
दूरभाषः 06525-225835 फैक्सः 225836
E-mail:- ssasimdega@yahoo.co.in

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

आवश्यक सूचना

प्रशासी पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक RS/15/01/2022-23/4113 दिनाक 19.10.2023 के आलोक में पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका विज्ञान समूह (भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान) में संशोधन करते हुए विज्ञान समूह (भौतिक विज्ञान एवं गणित) किया गया है। फलस्वरूप झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा के **विज्ञापन संख्या 01/2023(समग्र)** के आलोक में जिले में संचालित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिमडेगा में पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका, विषयः– विज्ञान समूह (भौतिक विज्ञान एवं रसायन विज्ञान) से संबंधित विषय पर प्राप्त आवेदन पत्रों को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है। संबंधित विषय पर नियुक्ति हेतु पुनः विज्ञापन प्रकाशित की जायेगी। जिसकी सूचना NIC Simdega के अधिकारिक बेवसाईट www.simdega.nic.in पर प्रकाशित किया जायेगा। **शेष विषयों एवं पद पर चयन/नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या 01/2023(समग्र) यथावत् रहेंगे।**

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा

PR 315699 Simdega(23-24).D



e-Procurement Cell

**Executive Engineer, National Rural Employment Programme, Ranchi**

JHARKHAND, RANCHI

Very Short Term e-Procurement Notice

Tender Reference No.- 34/2023-24

| Sl. No | Name of Scheme | Estimated Amount (Lakhs) | Earnest Money (Lakhs) | BoQ Cost | Scheme Completion Date | Tools & Plant |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बुढमू प्रखण्ड अन्तर्गत अरूण महतो के घर से मुण्डा टोली होते हुए डांगा सरई तक कालीकरण पथ का निर्माण | 57,68,900.00 | 1,15,400.00 | 10,000.00 | 06 Month | कार्य के अनुरूप |
| 2 | बुढमू प्रखण्ड में ग्राम लोथमाना मुख्य पथ से रवि मुण्डा के घर होते हुए बाड़ी सेमर नदी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 58,55,100.00 | 117200.00 | 10000.00 | 06 Month | कार्य के अनुरूप |
| 3 | बुढमू प्रखण्ड के टोला मठावार पथ मुण्डा टोली तक पी0सी0सी0 पथ एवं करमबोहा गढ़ा में पुलिया एवं गार्डवाल निर्माण | 57,68,900.00 | 115400.00 | 10000.00 | 06 Month | कार्य के अनुरूप |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | Date of Publication of Tender on Website | 13.01.2024 at 11:00 AM |
| 4 | Start Date of Submission of Bids | 13.01.2024 at 1:00 PM |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bids | 20.01.2024 at 11:00 AM |
| 6 | Date/Time of opening of Bid | 21.01.2024 at 2:00 PM |
| 7 | Name & Address of office Inviting tender e - Procurement Cell, | National Rural Employment Programme, Ranchi. |
| 8 | Helpline Number of e-procurement Cell | 94727-45569 |

**Any change can be seen on Website *http:// Jharkhandtenders.gov.in.***
***Any other information can be seen on http:// Jharkhandtenders.gov.in.***
इस निविदा में ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड रॉंची सम्बन्धित निबंधित संवेदक भाग लेंगे।

Nodal Officer, e-Procurement Cell
Executive Engineer, National Rural Employment Programme, Ranchi

PR 315720 NREP (23-24)_D



झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

61वीं औपबंधिक सूची
जिला–रामगढ़ (पार्ट–09)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938,दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री चन्द्रनाथ भाई पटेल, अर्जुन राम, कार्तिक महतो, कार्तिक महथा एवं पुष्कर महतो द्वारा माननीय सदस्यद्वय के समक्ष दर्ज बयान तथा की गई अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | | |
| 351. | 1. आवेदन क्र0–34/24<br>2. आवेदक–विदेश्वर महतो , पिता–चुनूराम महतो<br>3. ग्राम–डमातु कोचलाटॉड , पोस्ट–कुम्हरदगा , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर पर कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 352. | 1. आवेदन क्र0–35/24<br>2. आवेदक–पंचानन्द महतो , पिता–विष्णुदयाल महतो<br>3. ग्राम–चेटर , पोस्ट–गोसा , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 353. | 1. आवेदन क्र0–36/24<br>2. आवेदक–टेक लाल महतो , पिता–फूलचन्द महतो<br>3. ग्राम–बारलोंग , पोस्ट–कुन्दरूकलां , थाना–राजरप्पा , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के कलाई में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 354. | 1. आवेदन क्र0–38/24<br>2. आवेदक–मोहरलाल महतो , पिता–छुटु बाबु महतो<br>3. ग्राम–चोकाद , पोस्ट–मगनपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–38 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 355. | 1. आवेदन क्र0–39/24<br>2. आवेदक–तनु महतो , पिता–स्व0 रामा महतो<br>3. ग्राम–बिसा , पोस्ट–बेटुलकला , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में जला का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 356. | 1. आवेदन क्र0–40/24<br>2. आवेदक–पूर्णिमा मिश्रा , पति–स्व0 शैलेष कुमार मिश्रा<br>3. ग्राम–गोला , पोस्ट–गोला , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–भौं में कट का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 357. | 1. आवेदन क्र0–41/24<br>2. आवेदक–लाला चन्द्र मोहन प्रसाद , पिता–स्व0 द्वारिका प्रसाद<br>3. ग्राम–गोला , पोस्ट–गोला , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें घुटना के नीचे कट का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 358. | 1. आवेदन क्र0–42/24<br>2. आवेदक–दुलरती देवी , पति–तुलेश्वर महतो<br>3. ग्राम–कुन्दरूकलां , पोस्ट–कुन्दरूकलां , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–महिला , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 359. | 1. आवेदन क्र0–43/24<br>2. आवेदक–तिलेश्वरी महथा , पति–कार्तिक महथा<br>3. ग्राम–मुरूडीह , पोस्ट–संग्रामपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनो हाथ में गोदना। | कंडिका–2(ix) |
| 360. | 1. आवेदन क्र0–44/24<br>2. आवेदक–मनोज कुमार मिश्र , पिता–स्व0 प्रभाकर मिश्र<br>3. ग्राम–गोला , पोस्ट–गोला , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 361. | 1. आवेदन क्र0–45/24<br>2. आवेदक–पानको देवी , पति–कामेश्वर महतो<br>3. ग्राम–सरलाकलां , पोस्ट–संग्रामपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के घुटने पर जख्म। | कंडिका–2(ix) |
| 362. | 1. आवेदन क्र0–46/24<br>2. आवेदक–नारायण महतो , पिता–दशरथ महतो<br>3. ग्राम–वारूडीह , पोस्ट–बन्दा , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने कान के नीचे घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 363. | 1. आवेदन क्र0–47/24<br>2. आवेदक–महानन्द महतो , पिता–धनीराम महतो<br>3. ग्राम–कुम्हरदगा , पोस्ट–कुम्हरदगा , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में कट का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 364. | 1. आवेदन क्र0–48/24<br>2. आवेदक–महेष प्रसाद महतो , पिता–स्व0 काली चरण महतो<br>3. ग्राम–सरगडीह , पोस्ट–बरलंगा , थाना–बरलंगा , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix)<br>बारला हो0 |
| 365. | 1. आवेदन क्र0–58/24<br>2. आवेदक–महेन्द्र प्रसाद , पिता–बोधी साव<br>3. ग्राम–डमातु , पोस्ट–कुम्हरदगा , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 366. | 1. आवेदन क्र0–59/24<br>2. आवेदक–कजरू कुमार महथा , पिता–स्व0 छतरू महथा<br>3. ग्राम–कुम्हरदगा , पोस्ट–कुम्हरदगा , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 367. | 1. आवेदन क्र0–60/24<br>2. आवेदक–पोदो महतो , पिता–स्व0 नागेष्वर महतो<br>3. ग्राम–सरलाकला , पोस्ट–संग्रामपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 368. | 1. आवेदन क्र0–61/24<br>2. आवेदक–गुही महतो , पिता–स्व0 खिरोधर महतो<br>3. ग्राम–सरलाकला , पोस्ट–संग्रामपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 369. | 1. आवेदन क्र0–62/24<br>2. आवेदक–कार्तिक महतो , पिता–कन्हैया महतो<br>3. ग्राम–कुम्हरदगा , पोस्ट–कुम्हरदगा , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 370. | 1. आवेदन क्र0–09/24<br>2. आवेदक–अशोक कुमार महतो , पिता–स्व0 महेष्वर महतो<br>3. ग्राम–बलसगरा , पोस्ट–बलसगरा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–ड़ाडी (हजारीबाग)<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाये पैर के घुटने में कटा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 371. | 1. आवेदन क्र0–10/24<br>2. आवेदक–भुनेष्वर महतो , पिता–स्व0 रति महतो<br>3. ग्राम–होन्हेमोढ़ा , पोस्ट–चैनपुर , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–ड़ाडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाढ़ी में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 372. | 1. आवेदन क्र0–11/24<br>2. आवेदक–षंकर महतो , पिता–स्व0 अनुप महतो<br>3. ग्राम–ओरिया , पोस्ट–चुरचू (पतंरग) , थाना–आंगो , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–जाँघ में कटा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 373. | 1. आवेदन क्र0–556/23<br>2. आवेदक–ष्यामलाल टुडू , पिता–हराधन मांझी<br>3. ग्राम–हिसिम , पोस्ट–हिसिम , थाना–कसमार , प्रखण्ड–कसमार (बोकारो)<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–होंठ में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 374. | 1. आवेदन क्र0–557/23<br>2. आवेदक–बैजनाथ महतो , पिता–नागरू महतो<br>3. ग्राम–करमा , पोस्ट–सिंहपुर , थाना–कसमार , प्रखण्ड–कसमार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ के तलहटी में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 375. | 1. आवेदन क्र0–558/23<br>2. आवेदक–झरी राम महतो , पिता–धनुराम महतो<br>3. ग्राम–हिसिम , पोस्ट–हिसिम , थाना–कसमार , प्रखण्ड–कसमार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के अँगूठे में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 376. | 1. आवेदन क्र0–559/23<br>2. आवेदक–नेमधारी महतो , पिता–सिदाम महतो<br>3. ग्राम–करमा , पोस्ट–सिंहपुर , थाना–कसमार , प्रखण्ड–कसमार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ पर तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेष्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 315761 Home(23-24)D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दांतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बची महबूबा मुफ्ती



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती गुरुवार को उस समय बाल-बाल बच गईं जब उनका वाहन दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के संगम इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों के मुताबिक संगम इलाके में महबूबा की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। महबूबा मुफ्ती को कोई चोट नहीं आई है।

### देश में कोरोना के 514 नए मामले, 3 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 514 नए मामले सामने आए हैं जबकि तीन मरीजों की मौत हुई है। इस अवधि में 732 मरीज स्वस्थ हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 3422 हो गई है। कोरोना ने उत्तराखंड में भी दस्तक दी जहां एक नया मामला सामने आया है। इसके साथ कोरोना के दो नए मामले सिक्किम, दो मामले जम्मू-कश्मीर में भी दर्ज किए गए हैं। देश में कोरोना से तीन मौत हुई है। इसमें एक मौत कर्नाटक और दो महाराष्ट्र से दर्ज की गई है।

### दिल्ली एनसीआर में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** दिल्ली और आसपास के इलाकों में गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रियक्टर पैमाने पर 6.1 थी। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में था। भूकंप के झटके दोपहर 2.50 बजे महसूस किए गए। जान-माल के नुकसान की अभी जानकारी नहीं है।

### राजौरी में चार टिफिन आईईडी सहित अन्य गोला-बारूद बरामद

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान के दौरान एक आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए चार टिफिन बॉक्स आईईडी सहित अन्य गोला-बारूद बरामद किया है। इसके बाद सुरक्षाबल आसपास के इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चला रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने गुरुवार को राजौरी जिले के हयातपुर-मंजाकोट इलाके में तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि तलाशी अभियान के दौरान घटनास्थल से एक वायरलेस सेट, टेप रिकॉर्डर, 23 राउंड एके गोला बारूद और चार टिफिन बॉक्स आईईडी बरामद किए गए हैं।

# रामनगरी पहुंचा सोने-चांदी की परत वाला 500 किलो का नगाड़ा




### राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री ने किया स्वीकार

**एजेंसी। अयोध्या**

श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सृष्टि पुलकित है। हर जीव का रोम रोम रोमांचित है। ऐसे में भला भारतीय सीमाओं में भीतर रहने वाले लोग भला अह्लादित क्यों न हों? अपने आराध्यदेव और जन-जन में बसे श्रीराम के स्वागत की तैयारी कैसे न करें? कोई घी भेजकर श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का भागी बन रहा है तो कोई अगरबत्ती भेजकर।

अब गुजरात से एक विशेष रथ से 500 किलो का विशाल नगाड़ा रामनगरी अयोध्या पहुंचा है। इसे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने स्वीकार किया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि इसे उचित स्थान पर स्थापित किया जाएगा। इधर, गुजरात विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्र मंत्री अशोक रावल ने पत्र भेजकर नगाड़ा स्वीकारने की संस्तुति की है।

### चिराग ने कहा, सोने-चांदी की चढ़ी है परत

नगाड़ा लेकर अयोध्या आए चिराग पटेल ने बताया कि इस पर सोने और चांदी की परत चढ़ाई गई है। ढांचे में लोहे और तांबे की प्लेट का भी इस्तेमाल किया गया है। इसका निर्माण डबगर समाज के लोगों ने किया है। राम मंदिर में स्थापित करने के लिए हिंदू संस्कृति के इस प्रतीक विशाल नगाड़ा का निर्माण कर्णावती महानगर के दरियापुर विस्तार में किया गया है।

# रूसी रॉकेटों ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर किया हमला, 10 घायल

**एजेंसी। कीव**

दो रूसी रॉकेटों ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव में एक होटल पर हमला किया, इससे होटल को नुकसान पहुंचा है। हमले में 10 लोगों के घायल होने की खबर है।

राज्य आपातकालीन सेवा (एसईएस) ने एक सोशल पोस्ट में कहा कि हमला बुधवार रात करीब 10.30 बजे हुआ। रॉकेटों ने रूसी सीमा से सिर्फ 30 किमी दूर स्थित शहर के मध्य भाग को निशाना बनाया। इसमें यह भी कहा गया कि एसईएस इकाइयों, राष्ट्रीय पुलिस और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। तीन मंजिला होटल की इमारत के साथ-साथ आसपास खड़ी कारों को भी नुकसान हुआ। एसईएस ने पोस्ट में कहा कि आग का क्षेत्र लगभग 20 वर्ग मीटर था। इमारत से आठ लोगों को निकाला गया।



### वायु रक्षा प्रणाली की सख्त जरूरत : जेलेंस्की

**विलनियस।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बुधवार को लिथुआनिया में कहा कि रूसी हमलों को रोकने के लिए देश को और वायु रक्षा प्रणाली की सख्त जरूरत है। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन ने दुनिया को दिखा दिया है कि रूस की सेना को रोका जा सकता है। जेलेंस्की ने रूस से 22 महीने से जारी युद्ध में अपने देश के लिए अधिक मदद हासिल करने के लिए बाल्टिक देशों की यात्रा शुरू की है।

### प्रधानमंत्री मोदी आज महाराष्ट्र का करेंगे दौरा

# 30 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पीएम आज महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। पीएम महाराष्ट्र में 30,500 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। पीएमओ ने गुरुवार को बताया कि पीएम 12 जनवरी को दोपहर करीब 12:15 बजे नासिक पहुंचेंगे, जहां वे 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। महोत्सव की थीम - विकसित भारत@2047 : 'युवा के लिए, युवा के द्वारा' है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव प्रत्येक वर्ष 12 से 16 जनवरी तक आयोजित किया जाता है। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द की जयंती है। इस वर्ष इस महोत्सव की मेजबानी महाराष्ट्र कर रहा है। दोपहर करीब 3:30 बजे पीएम ईज ऑफ मोबिलिटी बढ़ाने के एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में मुंबई में अटल बिहारी वाजपेयी सेवारी-न्हावा शेवा अटल सेतु का उद्घाटन करेंगे। लगभग 17,840 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह पुल लगभग 21.8 किमी लंबा और 6-लेन वाला है जो 16.5 किमी लंबा समुद्र के ऊपर और लगभग 5.5 किमी जमीन पर बना है। यह भारत का सबसे लंबा पुल है, जो देश का सबसे लंबा समुद्री पुल भी है। इस पुल का शिलान्यास भी दिसंबर 2016 में पीएम ने किया था। पीएम लगभग 4:15 बजे, नवी मुंबई में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होंगे, जहां वे 12,700 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। पीएम ईस्टर्न फ्रीवे के ऑरेंज गेट को मरीन ड्राइव से जोड़ने वाली भूमिगत सड़क सुरंग की आधारशिला भी रखेंगे। पीएम सूर्या क्षेत्रीय थोक पेयजल परियोजना का पहला चरण राष्ट्र को समर्पित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान पीएम करीब 2000 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे।



### पीएम ने अजमेर उर्स में चढ़ाने के लिए दी चादर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी और अन्य को एक 'चादर' सौंपी। इस चादर को राजस्थान की धार्मिक नगरी अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स पर अजमेर शरीफ दरगाह पर चढ़ाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। हमारी बातचीत के दौरान, मैंने पवित्र चादर पेश की, जिसे ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स के दौरान प्रतिष्ठित अजमेर शरीफ दरगाह पर चढ़ाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री हर साल अजमेर दरगाह शरीफ के लिए चादर भिजवाते हैं।

### राम मंदिर का उद्घाटन भारतीयों के लिए 'त्योहार' है : एचडी कुमारस्वामी



**बेंगलुरु।** पूर्व मुख्यमंत्री और जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी ने गुरुवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन सभी भारतीयों के लिए एक 'त्योहार' है, क्योंकि देश के लोग लंबे समय से चाहते थे कि इसका निर्माण हो। कांग्रेस नेताओं द्वारा राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होने के फैसले पर कुमारस्वामी ने संवाददाताओं से कहा कि उन्हें (कांग्रेस नेताओं को) बताना चाहिए कि वे इस कार्यक्रम में क्यों शामिल नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा, "उनके फैसलों और मेरे बीच कोई संबंध नहीं है।" कुमारस्वामी ने कहा कि जद (एस) ने राज्य में भाजपा के साथ गठबंधन किया है, लेकिन उम्मीदवारों और निर्वाचन क्षेत्रों पर निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा, एक बार बातचीत खत्म हो जाए तो उम्मीदवार तय कर लिए जाएंगे और एक बार फैसला हो जाए तो कोई भ्रम नहीं रहेगा और सब कुछ ठीक हो जाएगा।

# अग्निवीर भर्ती के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अग्निवीर भर्ती के खिलाफ कांग्रेस ने युवाओं के साथ मिलकर गुरुवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त कर्नल रोहित चौधरी ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी के वादे के मुताबिक युवाओं के हक की लड़ाई कांग्रेस पार्टी जारी रखी है। मोदी सरकार ने अग्निवीर की आड़ में सेना में चयनित 1.5 लाख से ज्यादा युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है लेकिन कांग्रेस युवाओं के साथ है। उनके हक की लड़ाई जारी रखेगी। चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी ने इन युवाओं के डेलिगेशन से 26 दिसंबर को मुलाकात की थी व इनके न्याय के लिए सड़क से संसद तक का साथ देने का वादा किया था। उसी कड़ी में आज ये युवा और कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग प्रकोष्ठ ने जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन में ईसीआई वेबसाइट का नया संस्करण लांच

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने आज इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट, नई दिल्ली में सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ एक सम्मेलन का आयोजन किया। आयोग के अनुसार इस अवसर पर ईसीआई वेबसाइट का नया संस्करण भी लॉन्च किया गया। ईसीआई वेबसाइट को सभी हितधारकों पर ध्यान केंद्रित करते हुए बेहतर अनुभव और जानकारी तक आसान पहुंच के लिए फिर से डिजाइन किया गया है। वेबसाइट में एक समर्पित अनुभाग है, जहां मतदाता, राजनीतिक दल और उम्मीदवार एक ही स्थान पर सभी प्रासंगिक जानकारी, सेवाओं, आईटी प्लेटफार्मों और उनकी सुविधा के लिए डिजाइन किए गए ऐप्स तक पहुंच सकते हैं।




आयोग के अनुसार 11-12 जनवरी तक दो दिवसीय सम्मेलन 2023 में हाल ही में हुए राज्य विधानसभा चुनावों के अनुभवों और सीखों को साझा करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। साथ ही चुनाव योजना, व्यय निगरानी, मतदाता सूची, आईटी अनुप्रयोगों, डेटा प्रबंधन, ईवीएम/ वीवीपैट, स्वीप रणनीति, मीडिया और संचार पर विषयगत चर्चा भी की जाएगी।

सीईसी राजीव कुमार ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, सहभागी, शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त चुनाव सफलतापूर्वक कराने के लिए चुनाव वाले राज्यों के सीईओ की सराहना की।

# 'स्वच्छता अभियान से बढ़ी महिला आत्मनिर्भता'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को नई दिल्ली में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित एक समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान किए। इंदौर और सूरत को संयुक्त रूप से देश के सबसे स्वच्छ शहर घोषित किये गये। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि व्यापक भागीदारी के साथ किया गया स्वच्छ सर्वेक्षण और पुरस्कार समारोह भी स्वच्छता के स्तर को ऊंचा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने 'स्वच्छता से संपन्नता' की राह पर आगे बढ़ने के लिए सभी की सराहना की। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि स्वच्छता अभियान महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता के अवसर पैदा कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे सफाई मित्र हमारे स्वच्छता अभियान के अग्रिम पंक्ति के सैनिक रहे हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सफाई मित्रों की सुरक्षा, सम्मान और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मशीनीकृत सफाई के माध्यम से मैनहोल को खत्म करके और मशीन-होल के माध्यम से स्वच्छता के लक्ष्य को प्राप्त करके ही हम एक संवेदनशील समाज के रूप में अपनी सही पहचान बना सकेंगे। राष्ट्रपति यह जानकर प्रसन्न हुईं कि स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण में अपशिष्ट प्रबंधन में चक्रीयता पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सर्कुलर इकोनॉमी की अधिक से अधिक वस्तुओं के पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग के तरीके सतत विकास के लिए मददगार साबित हो रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसी प्रणाली अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में भी बहुत उपयोगी साबित होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि यदि हम अपशिष्ट से मूल्य की अवधारणा पर गहराई से विचार करें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि सब कुछ मूल्यवान है, कुछ भी अपशिष्ट नहीं है। हरित कचरे से बायोगैस बनाने और कूड़े से प्राप्त ईंधन से बिजली बनाने के पीछे यही समग्र और प्रगतिशील सोच काम करती है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी लगभग एक-तिहाई आबादी शहरी क्षेत्रों में रहती है। शहरों और कस्बों की स्वच्छता उनके स्वास्थ्य और विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बड़ी मात्रा में शहरी भूमि कूड़े के पहाड़ों के नीचे दबी हुई है। राष्ट्रपति ने कहा कि कूड़े के ऐसे पहाड़ बहुत बड़ी शहरी आबादी के स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हैं।



### हिमाचल के राज्यपाल ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने गुरुवार को अपनी पत्नी के साथ राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

# एनआईए की 4 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में छापेमारी, हथियार-नकदी बरामद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकी-गैंगस्टर मामलों में गुरुवार को चार राज्यों तथा दो केंद्र शासित प्रदेशों में 32 ठिकानों पर छापेमारी की। इनमें दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़, हरियाणा और पंजाब शामिल हैं। इस दौरान एनआईए ने हरियाणा के सोनीपत जिले के सेरसा गांव और गढ़ी सिसाना में भी छापे मारे। यहां पर एनआईए ने सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मुख्य आरोपित और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के शार्प शूटर अंकित सेरसा और प्रियव्रत फौजी के परिजनों से पूछताछ की। इस दौरान उनके मकानों की भी तलाशी ली। तलाशी के दौरान एनआईए ने दो पिस्तौल, दो मैगजीन और चार लाख 60 हजार रुपये नकद जब्त किए। एनआईए ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पिछले वर्ष 10 जुलाई को आतंकी-गैंगस्टर का मामला दर्ज किया था। एनआईए जांच से पता चला है कि हरविंदर सिंह उर्फ रिंडा और लखबीर सिंह उर्फ लाडा पंजाब में अग्नेयास्त्र की आपूर्ति आतंकी गतिविधियों के लिए कर रहे थे। ये आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए विभिन्न माध्यमों से फंड भी भेजा करते थे। एजेंसी ने गुरुवार को जिन सात ठिकानों पर छापेमारी की, उनका इस्तेमाल लारेंस विश्नोई के सहयोगी गोल्डी बरार के सहयोग से आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया जा रहा था। जांच में यह भी बात सामने आई है कि यहां से माफिया स्टाइल में काम किया जा रहा था। एजेंसी ने नौ अन्य ठिकानों पर भी छापेमारी की।





### राजनाथ लंदन में ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक से मिले

# रक्षा संबंध मजबूत करने पर जोर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ब्रिटिश यात्रा पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लंदन में इंग्लैंड के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात की। गर्मजोशी और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि हम इंग्लैंड-भारत संबंधों के रक्षा और सुरक्षा स्तंभ को मजबूत बनाने के इच्छुक हैं। इंग्लैंड और समान विचारधारा वाले अन्य देशों को शांतिपूर्ण और स्थायी वैश्विक नियम-आधारित व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करना चाहिए, ताकि मैत्रीपूर्ण सहयोग से अधिक मजबूत, सुदृढ़ करने के साथ-साथ गति प्रदान की जा सके। राजनाथ सिंह ने बैठक के दौरान इंग्लैंड के प्रधानमंत्री को राम दरबार की मूर्ति उपहार में दी। लंदन के 10 डाउनिंग स्ट्रीट में हुई इस मुलाकात के दौरान रक्षा मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि दोनों देशों के नेताओं के नेतृत्व में दोनों ही देशों ने ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक, बहुआयामी और परस्पर लाभकारी साझेदारी में ढालने और उन्हें फिर से तैयार करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। राजनाथ सिंह ने संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, बढ़ी हुई अंतरसंचालनीयता, विशेष रूप से समुद्री क्षेत्र में परस्पर सैन्य संबंधों सहित द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में हाल में हुई वृद्धि का स्मरण किया। उन्होंने प्रौद्योगिकी क्षेत्र सहित रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने में हो रहे मौजूदा प्रयासों पर जोर दिया। रक्षा मंत्री ने ऋषि सुनक को इंग्लैंड के रक्षा उद्योग के साथ हुई अपनी सकारात्मक बातचीत और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों में नई सकारात्मक ऊर्जा के बारे में भी जानकारी दी। राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21वीं सदी के मध्य तक एक विकसित देश बनने के राष्ट्रीय उद्देश्य की दिशा में 1.4 बिलियन भारतीयों के लक्ष्य का नेतृत्व कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों से उल्लेखनीय परिणाम मिल रहे हैं, विकास में लगातार वृद्धि हो रही है, गरीबी में लगातार काफी कमी आई है और व्यापार अनुकूल ढांचा स्थापित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार इंग्लैंड जैसे दोस्तों को नियम आधारित विश्व व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए साझेदारी करने के लिए तैयार है। बैठक में इंग्लैंड के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सर टिम बैरो भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री सुनक ने व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में इंग्लैंड और भारत के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता पर रक्षा मंत्री से सहमति जताई।



### फिल्म जगत

# जिंदगी में मुश्किलें आती हैं उम्मीद मत खोना : शाहरुख



**बॉलीवुड** सुपरस्टार शाहरुख खान इन दिनों फिल्म 'डंकी' को लेकर चर्चा में हैं। डंकी से पहले उनकी फिल्म 'जवान' और 'पठान' ने भी खूब कमाई के साथ प्रशंसा भी लूटी थी। साल 2023 का किंग खान के नाम रहा। अब फैंस उनकी आने वाली फिल्मों का इंतजार कर रहे हैं। 'पठान' की रिलीज से पहले शाहरुख अपने बेटे आर्यन खान की वजह से सुर्खियों में थे। अब उन्होंने बताया कि ड्रग मामले में बेटे आर्यन की गिरफ्तारी के बाद वे चुप क्यों रहे। वर्ष 2018 के बाद शाहरुख खान अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहे। शाहरुख के बेटे आर्यन को वर्ष 2021 में ड्रग केस के चलते जेल जाना पड़ा था। मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में शाहरुख ने अपनी जिंदगी में आई मुश्किलों पर बात की। शाहरुख खान ने कहा कि पिछले चार-पांच साल मेरे और मेरे परिवार के लिए रोलर-कोस्टर राइड की तरह थे। कोरोना काल में मुझे काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। उस वक्त मेरी कई फिल्में फ्लॉप रहीं। इसके बाद कि, खबरें चलने लगीं कि मेरा करियर खत्म हो गया। शाहरुख ने कि मुझे अपनी निजी जिंदगी में भी कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा, लेकिन इस सफर में मैंने कई चीजें सीखीं। मेरा मानना है कि किसी भी समस्या से उबरते समय शांत रहना चाहिए।